भाज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

साप्ताहिक राशिफल

बोले सितारे

वाराणसी, रविवार २२ नवम्बर, २०२६ सौर ६, कार्तिक शुक्ल १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



विकासशील देशोंको हुनरमंद लोगोंकी आवश्यकता-मोदी

कभी भी नौकरीको खत्म नहीं कर सकता एआई

लखनऊ (आससे)। लखनऊ में हुए कौशल विकास के कार्यक्रम को

संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की स्किल के विकास की बात की। उन्होंने कहा कि देश के आईआईटी छात्रों को स्किल सिखाते हैं। हम लगातार यह बात सुनते आ रहे हैं कि एआई नौकरी को खत्म कर देगा। पर ऐसा कोई एआई नहीं होगा जो स्किल की जगह ले लें। विश्व में जब कोई शहर अपने को विकसित करता है तो उसे स्किल वाले लोग चाहिए होते हैं। जितने भी विकासशील देश हैं उसमें से हुनरमंद लोगों की आवश्यकता है। अब समाज बदल रहा है उसे डिग्री की चाहिए हुनरमंद लोग चाहिए। आपके पास क्या डिग्री है इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आप कितने हुनरमंद हैं। अपनी बात को साबित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने लोगों से अपील की थी कि

लखनऊमें कौशल विकास कार्यक्रमको किया सम्बोधित

सोना मत खरीदो। उन्होंने सोना खरीदना कम किया। आज सोने के दाम टूट गए हैं। आपने मोदी की बात मानी तो ऐसा हुआ। एक बात की घोषणा मैं फिर कर रहा हूं कि आने वाले समय में (शेष पृष्ठ सात पर)

मां को अश्रुपूरित अंतिम विदाई देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी की मां पंचतत्व में विलीन, भावुक होकर किया नमन

देहरादून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का शनिवार को हरिद्वार के चंडी घाट स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे बेटों शैलेंद्र और महेंद्र ने मां को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कारके बाद मुख्यमंत्री योगी लखनऊ लौट गये। जहां प्रधानमंत्री मोदीने उनसे फोनपर बात कर उन्हें सांत्वना दी। इससे पहले पौड़ी गढ़वाल जिले के पैतृक गांव पंचूर से सुबह 8.50 बजे उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। गांव से हरिद्वार तक के सफर में बड़ी संख्या में ग्रामीण,

लखनऊ पहुंचे मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्रीने दी सांत्वना

जनप्रतिनिधि और परिजन शामिल रहे। करीब 11.40 बजे अंतिम यात्रा चंडी घाट पहुंची। यहां अंतिम संस्कार की धार्मिक परंपराओं के अनुसार रस्में निभाई गयीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मां के पार्थिव (शेष पृष्ठ सात पर)

दो सड़क हादसोंमें आठ की मौत

बाराबंकीमें शव लेकर आ रही एम्बेलेंसके पिकअपमें घुसनेसे पांच और संतकबीरनगरमें ट्रक-बाइककी टक्करमें तीन की गयी जान

लखनऊ (आससे)। शनिवारको सुबह दो जिलोंमें हुए सड़क हादसोंमें आठ लोगोंकी मौत हो गयी। पहला हादसा बाराबंकीमें हुआ जब जयपुरसे शव लेकर पश्चिम बंगालके लिए जा रही एम्बुलेंस एक पिकअपमें पीछेसे घुस गयी, जिसमें एम्बुलेंसमें सवार सभी पांच लोगोंकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर संतकबीरनगरमें देररात एक बजे सड़क किनारे खड़े ट्रकसे बाइक सवारोंकी टक्कर हो गयी जिसमें तीन युवकोंकी जान चली गयी। सभी मृतक एक ही गांवके रहनेवाले थे और शादीके कार्यक्रममें शामिल होकर एक ही बाइकसे लौट रहे थे। शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बाराबंकी के सुबेहा क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 53.3 पर एंबुलेंस आगे चल रही पिकअप में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। कुछ ही पलों में एक परिवार के मातम से जुड़ा सफर पांच परिवारों के लिए

जिंदगी भर का दर्द बन गया। हादसे के बाद घटनास्थल का मंजर बेहद विचलित करने वाला था। क्षतिग्रस्त वाहनों और सड़क पर पड़े शवों को देखकर वहां से गुजर रहे लोग सहम गये। प्रत्यक्षदर्शियों के सामने अचानक मौत का ऐसा मंजर था, जिसे देख लोग कुछ पल के लिए सन्न रह गये। सड़क पर बिखरे शवों का दृश्य हादसे की भयावहता बयां कर रहा था। एंबुलेंस जयपुर से पश्चिम बंगाल जा रही थी। उसमें पहले से एक शव रखा हुआ था। सफर का मकसद उस शव को उसके गंतव्य तक पहुंचाना था, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने पूरी कहानी बदल दी। एंबुलेंस में सवार मकबूल खान (62), हरिओम (शेष पृष्ठ सात पर)

मणिपुरमें जहरीली शराबसे हुई मौतोंपर राहुलने भाजपा को घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। मणिपुर में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से हुई मौतें कोई हादसा नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही का नतीजा हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि मणिपुर पहले हिंसा की मार झेल चुका है और अब जहरीली शराब लोगों की जान ले रही है, लेकिन सरकार अब भी सो रही है। उन्होंने

कहा-यह हादसा नहीं, लापरवाही

दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त काररवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने मांग की कि जहरीली शराब के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तुरंत और सख्त काररवाई की जाय। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

जम्मूमें बस स्टैंडके पास संदिग्ध हालातमें मिला जवान शव

जम्मू (आससे)। जम्मू के बस स्टैंड के पास शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में सेना के एक जवान का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। जवान छुट्टी बिताकर अपनी तैनाती वाली जगह लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 31 वर्षीय संजीत सिंह के रूप में हुई है। वह रामबन जिले के चंद्रकोट क्षेत्र के धार गांव का रहने वाला था और पंजाब के गुरदासपुर में तैनात था। छुट्टी पर घर आने के बाद वह शनिवार को वापस अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 5.40 बजे जम्मू बस स्टैंड के पास बीसी रोड पर उसका शव पड़ा मिला।

टीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की बढ़ी अंतिम तिथि

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रशिक्षित स्नातक सहायक अध्यापक (टी.जी.टी.) की वर्तमान ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। उच्च न्यायालय में आशुतोष मिश्र व 156 अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य मामले में 20 नवम्बर 2026 को पारित अंतरिम आदेश के अनुपालन तथा आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में आवेदन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 23 नवम्बर 2026 के स्थान पर अब 28 नवम्बर 2026 निर्धारित की गई है। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने संशोधित समय-सारिणी का विवरण साझा करते हुए बताया कि विज्ञापन संख्या 07/2026 का प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 को किया गया था तथा ऑनलाइन पंजीकरण (ओ.टी.आर.) एवं आवेदन की प्रक्रिया 24 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ हुई थी। नए निर्णय के अनुसार अब अभ्यर्थी 28 नवम्बर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा कर सकेंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन में संशोधन करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 30 नवम्बर 2026 कर दी गई है।

एलओसी के पास पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

जम्मू (आससे)। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास एक अग्रिम गांव से शनिवार सुबह 20 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया गया। युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने उसे पकड़ लिया। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान अवैस रजा के रूप में हुई है। वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के जरानवाली का रहने वाला है। उसे शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे अरनिया सेक्टर में हरापीर पुल के पास से पुलिस ने हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के समय युवक के पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

दस लाखकी रिश्वत लेते सीजीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। सीबीआई की ओर से पंचकूला में 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के सुपरिंटेंडेंट लवकुश कुमार के घर से करीब 1.86 करोड़ रुपए की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, ईंटें और विदेशी मुद्रा बरामद हुई है। इसके अलावा आरोपी अधिकारी और उसके परिजनों के नाम पर बेनामी संपत्तियों, बैंक खातों तथा निवेश से जुड़े कई अहम दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। सीबीआई ने 20 नवंबर को आरोपी के घर छापेमारी की थी, जिसकी जानकारी एजेंसी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। छापेमारी में 24.29 लाख रुपए की भारतीय मुद्रा और 15.65 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा मिली।

नीट पेपर लीक केसमें १४ आरोपियों पर आरोप तय, २५ से रोजाना सुनवाई

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शनिवार को नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सभी 14 आरोपियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिए। इनमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से जुड़े तीन सब्जेक्ट एक्सपर्ट भी शामिल हैं। सभी आरोपियों को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता के सामने पेश किया (शेष पृष्ठ सात पर)

अमेरिका, चीन-पाकिस्तान का सैन्य गठजोड़ भारत के लिए खतरा

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी कांग्रेस की यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) की एक रिपोर्ट ने भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चिंताएं जतायी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य संबंध भारत के लिए दोहरे मोर्चे की सुरक्षा चुनौती का जोखिम बढ़ा रहे हैं। यूएससीसी ने वाशिंगटन से



हिंद महासागर में नयी दिल्ली के साथ परिचालन रक्षा संबंधों को गहरा करने का आग्रह किया है। आयोग ने बताया कि इस्लामाबाद को बीजिंग का बढ़ता सुरक्षा समर्थन भारत के लिए दोहरे मोर्चे के परिदृश्य के लिए एक दबाव वाली चिंता बना चुका है। रिपोर्ट में मई 2025 के भारत-पाकिस्तान संघर्ष का जिक्र है। इसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया था। इस हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे, जिसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। रिपोर्ट के आकलन के अनुसार, इस घटना ने दिखाया कि चीन सीधे तौर पर शत्रुता में शामिल हुए बिना भी संकट के दौरान पाकिस्तान को कैसे मजबूत कर सकता है। यह पाकिस्तान के साथ किसी भी भविष्य के टकराव के लिए भारत की योजना को जटिल बनाता है। आयोग के अनुसार, बीजिंग भारत के उदय को एक रणनीतिक चुनौती के रूप में देखता है। वह इसे नियंत्रित करने के लिए सैन्य, आर्थिक और समुद्री दबाव का उपयोग करता है। सितंबर में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत-चीन सीमा प्रश्न के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखा जाना चाहिए। आयोग ने कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जिसके पास चीन के साथ शक्ति संतुलन को आकार देने की क्षमता है। इसमें भारत की जनसांख्यिकीय, आर्थिक, सैन्य और भौगोलिक क्षमता शामिल है।

जनता भाजपा को घर भेजने की तैयारी में, राधे-राधे का मतलब विदाई-अखिलेश


लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा के राधे-राधे, कमल खिला दे नारे पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से विदाई देने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का कमल अब मुरझा रहा है और पार्टी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने नया नारा जरूर तैयार किया है, लेकिन राधे-राधे का मतलब विदाई भी होता है। उनके मुताबिक, भाजपा को भी इस बात का एहसास है कि आगामी चुनाव में जनता उसे सत्ता से बाहर करने वाली है। उन्होंने सीतापुर में भाजपा के शून्य पर पहुंचने का दावा करते हुए कहा कि चुनाव की (शेष पृष्ठ सातपर)



एक करोड़से अधिक की हेरोइनके संग तस्कर गिरफ्तार

मीरगंज (बरेली) (एजेंसी)। दिल्लीमें नशेकी खेप पहुंचाने जा रहे एक तस्कर को एएनटीएफ बरेली और मीरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 533 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.07 करोड़ रुपये बतायी गयी है। आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक से हेरोइन लेकर जा रहा था। पुलिस ने बाइक, मोबाइल फोन और 400 रुपये भी बरामद किये हैं। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को एएनटीएफ बरेली और (शेष पृष्ठ सात पर)





डीएम ने की परियोजनाओं की समीक्षा

बिना अनुमति सड़क खोदने पर रोक, स्व-गणना के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश

गाजीपुर, 21 नवंबर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार देर शाम जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में 50 लाख रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में परियोजनाओं की प्रगति के साथ स्व-गणना को लेकर जनजागरूकता और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर भी चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की जानकारी ली और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी अनुमति के बिना जिले में कहीं भी सड़क की खुदाई नहीं की जाएगी। अपरिहार्य परिस्थितियों में नियमानुसार अनुमति लेने के बाद ही सड़क खोदी जाए। साथ ही खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत भी अनिवार्य रूप से पूरी कराई जाए, ताकि आम जनता को आवागमन में परेशानी न हो। स्व-गणना की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी चार्ज अधिकारियों को नियमित रिपोर्टिंग करने और कार्ययोजना बनाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी एसई आईडी जनरेट करें। यह आईडी 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 के बीच इन्यूमरेटर के घर पहुंचने पर उपलब्ध कराई जा सकेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वेद सिंह चौहान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



विवाहिता और उसकी मां से मारपीट, चार पर मुकदमा

मरदह। थाना क्षेत्र के बरही गांव में बिजली का तार काटने से मना करने पर विवाहिता और उसकी मां के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता कविता देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब 8ः30 बजे उनके ससुर रामसरेख पटेल बिजली का तार काट रहे थे। उनके बेटे द्वारा मना करने पर रामसरेख पटेल, सिंटू पटेल, मोनू पटेल और सीमा देवी ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए कविता देवी को लाठी-डंडे और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी मां तारा देवी को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

पोखरी में मिला १५ दिन पूर्व घर से गायब किसान का शव

परिवार के लोगो ने लगाया हत्या का आरोप, ३० नवम्बर को होनी है मृतक की पुत्री की शादी

मरदह। मरदह थाना के डोड़सर गांव निवासी रामविधी राजभर उम्र 48 वर्ष धनतेरस के दिन घर से शाम के वक्त लापता हो गए थे। शुक्रवार की देर शाम को उनका शव गांव के कम्पोजिट विद्यालय के परिसर में पड़ा मिला ।सूचना पर पहुँची मरदह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है । रामविधि की मृत्यु से गांव में शोक की लहर वयाप्त है। परिवार के लोगो के अनुसार धनतेरस के दिन 6 नवम्बर को शाम के वक्त रामविधि राजभर शाम के वक्त घर से निकले थे पुनः घर नही लौटे । परिवार के लोगो ने हर जगह ढूढने के बाद मरदह थाने में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराए थे ।देर शाम गांव के कम्पोजिट विद्यालय की पोखरी में उनका शव तैरते मिलने की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गयी। ग्रामिणो की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। परिवार के लोगो का आरोप है कि रामविधि की हत्या कर शव पोखरी में फेंक दिया गया है ।जिस दिन उनकी हत्या हुई उस दिन गांव के दो लोगो के साथ वह सुबह से शाम तक वह घूमते दिखाई दिए थे ।उन्ही दोनो द्वारा उनकी हत्या की गयी है और शव पोखरी में फेंक दिया गया है। जिस पोखरी में उनका शव मिला है उस पोखरी तक जाने का रास्ते मे लोहे के तार से बांधा गया है। पोखरी तक जाने का कोई रास्ता नही है। मृतक रामविधि के चार पुत्र क्रमशः रामविलास 22 वर्ष,राजन 18 वर्ष,पप्पू 16 वर्ष,साजन 15 वर्ष एक पुत्री गुड़िया 20 वर्ष की है। दो बड़े पुत्रो की शादी हो चुकी है। पुत्री की शादी आगामी 30 नवम्बर को है 24 नवम्बर को तिलक का कार्यक्रम है।घटना के बाद पत्नी फुलवा देवी सहित महिलाओं के रोने बिलखने से गांव में शोक की लहर वयाप्त है। मृतक के पुत्र रामविलास ने बताया कि गांव निवासी जिस व्यक्ति के साथ उसके पिता लापता होने के दिन शाम तक दिखाई दिए थे उससे बार-बार पूछने पर वह कुछ नही बता रहा था जब दो दिन पूर्व उसके द्वारा उसके खिलाफ अपने पिता को धमकी देने का प्रार्थना पत्र थाने में देने की धमकी दी गयी तो उसके द्वारा कहा गया था कि किसी गड्ढे में गिर कर मर गए होंगे उनको खोजो ।उस दिन के बाद से वह घर से कही फरार हो गया है। जिस घर मे 24 नवम्बर को पुत्री की तिलक जानी है और 30 नवम्बर को शादी है उस घर मे लड़की के पिता की मृत्यु की वारदात से पूरे घर मे मातम छाया है। मरदह थाना प्रभारी अनिल सिह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु के सही कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

एक नज़र इधर भी

हादसे में जान गंवाने वाले किशोर की हुई पहचान

नंदगंज गाजीपुर। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर तिराहे के पास शुक्रवार की शाम टोटो के धक्के से मृत बाइक सवार किशोर की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान विशाल यादव 15 वर्ष पुत्र योगेश यादव निवासी कुकुड़ा, थाना शादियाबाद के रूप में हुई है। मृतक की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा रमेश यादव ने थाना में तहरीर देकर बताया है कि मेरा भतीजा विशाल यादव पहाड़पुर चौराहा पर खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा था कि किसी वाहन ने धक्का मार दिया,जिससे उसकी मौत हो गयी। धक्का मारने के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो देखकर परिजनों ने मृतक की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धक्का मारने वाले अज्ञात वाहन की छानबीन की जा रही है।

लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे चार युवक, पुलिस ने दबोचा

गाजीपुर। कोतवाली पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध असलहे बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार चारों युवक किसी लूटपाट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस की इस कार्रवाई में तीन .32 बोर पिस्टल समेत अन्य अवैध हथियारों की बरामदगी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिन्टू कुमार बिंद 26, अमन चौधरी 22, राहुल यादव 25 और कमलेश यादव 25 के रूप में हुई है। इनमें तीन आरोपी जैतपुरा एवं उसरा जैतपुरा क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि एक आरोपी इमली महुआ का रहने वाला है। पुलिस ने इस मामले में थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 838/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पाठक, उपनिरीक्षक शिवमणि त्रिपाठी सहित हमराह पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, चारों आरोपियों की गिरफ्तारी और अवैध असलहों की बरामदगी से संभावित आपराधिक वारदात को रोकने में मदद मिली है।

ससुर, ननद पर विवाहिता से मारपीट का आरोप

मरदह। थाना क्षेत्र के टिसौरी गांव में ससुर और ननद द्वारा विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता गुड़िया राजभर ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। तहरीर के अनुसार, ससुर हृदयानन्द राजभर और ननद प्रीति राजभर ने गाली-गलौज करते हुए डंडे, लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि दोनों ने मायके से कुछ नहीं मिलने का ताना देते हुए घर से भाग जाने और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जमीन में बांस गाड़ने से मना करने पर महिला को पीटा

मरदह। थाना क्षेत्र के हैदरगंज गांव में काश्तकारी जमीन में बांस गाड़ने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ललिता देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, ललिता देवी की काश्तकारी जमीन में जयप्रकाश बांस गाड़ रहे थे। महिला ने अपनी जमीन में बांस गाड़ने से मना किया तो आरोप है कि जयप्रकाश, अंकित, बिंदू और अंजली लाठी-डंडे लेकर उन पर टूट पड़े और मारपीट कर दी। इस दौरान उनके सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उक्त लोग पहले भी तीन बार इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

श्रद्धा से पूजी गयी माता तुलसी

जखनियां जीपुर। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रो में माता तुलसी का पूजन सनातनी यो ने आस्था से किया। पूजन के दौरान महिलाओं ने तुलसी माता के नाम का संध्या वंदन किया और परिवार, समाज के लिये प्रार्थना की । आचार्य पंडित अमोद प्रकाश पांडे ने तुलसी पूजन के बारे में कथा के दौरान जानकारी दी। कहा कि तुलसी पूजन हमारी सनातन परंपरा है, जो सदियों से चली आ रही है। यह परंपरा हमें अपनी संस्कृति, संस्कार विरासत मानी.जातीहै । बताया कि जिस परिवार में तुलसी की नित्य पूजा होती है।

तहसील दिवस पर चकरोड निर्माण की मांग

कासिमाबाद गाजीपुर। ग्राम कुतुबपुर में बदहाल चकरोड के निर्माण और मिट्टी भराई की मांग को लेकर जफर खान ने कासिमाबाद तहसील दिवस पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 63, रकबा 0.0400 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में चकरोड के रूप में दर्ज है, लेकिन रास्ते की बदहाली से ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, पूर्व में जिलाधिकारी और एसडीएम को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था। ग्राम पंचायत स्तर से मनरेगा के तहत मिट्टी भराई का आश्वासन मिला, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने तहसील प्रशासन से चकरोड की पैमाइश कराकर तत्काल मिट्टी भराई एवं मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

शेरपुर कलां की बेटी वैष्णवी राय ने बढ़ाया गाजीपुर का मान

मुहम्मदाबाद गाजीपुर। ग्रामीण अंचल की बेटियां भी अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर खेल के राष्ट्रीय फलक पर पहचान बना रही हैं। इसकी मिसाल मुहम्मदाबाद तहसील के शेरपुर कलां गांव की होनहार खिलाड़ी वैष्णवी राय ने पेश की है। राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी धनंजय राय की पुत्री वैष्णवी का उत्तर प्रदेश की अंडर-14 बालिका वॉलीबॉल टीम में चयन हुआ है। वह टीम में लिफ्टर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए महाराष्ट्र में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

रजिस्ट्री में दो गवाहों की अनिवार्यता खत्म करने की तैयारी

गाजीपुर। जमीन, मकान या फ्लैट की रजिस्ट्री कराने वालों को जल्द राहत मिल सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार रजिस्ट्री के दौरान दो गवाहों की अनिवार्यता समाप्त करने पर विचार कर रही है। प्रस्ताव के तहत खरीदार और विक्रेता की पहचान आधार आधारित ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक सत्यापन से की जाएगी। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर प्रदेश में भी यह व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इसके लिए नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव है, जिस पर कैबिनेट की मंजूरी का इंतजार है। इस बदलाव से आम लोगों को गवाहों की व्यवस्था करने की परेशानी से राहत मिल सकती है। वहीं, रजिस्ट्री प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के बीच दस्तावेज लेखक, मुंशी और बैनामा तैयार करने वाले लोगों के रोजगार को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। गाजीपुर में बड़ी संख्या में लोग इस काम से जुड़े हैं। ऐसे में तकनीकी सुधार के साथ उनके रोजगार और भविष्य को सुरक्षित रखने पर भी सरकार को ध्यान देना होगा। इसके अलावा रजिस्ट्री कार्यालयों में निर्धारित समय के बाद भी पंजीकरण की सुविधा शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा पत्रक

बिरनो । बिरनो विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रोजगार सेवकों ने शनिवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी खुशबू सोनी को पत्रक सौंपा। रोजगार सेवकों ने मांगों पर कार्रवाई नहीं होने के विरोध में 23 नवंबर से शुरू होने वाले विशेष रोजगार सृजन सप्ताह के दौरान कार्य बहिष्कार करने तथा तीन दिसंबर 2026 को लखनऊ में विधानसभा घेराव की चेतावनी दी। रोजगार सेवकों ने पत्रक के माध्यम से बताया कि वे लंबे समय से मानदेय वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ईपीएफ भुगतान सहित अन्य विभागीय समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में 13 नवंबर 2026 को आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग के साथ ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा की वार्ता हुई थी। इसमें समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया था, लेकिन समय सीमा पूरी होने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। संगठन ने मानदेय बढ़ाकर 24 हजार रुपये प्रतिमाह करने और कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा सहित अन्य मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि 27 नवंबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन और तीन दिसंबर को प्रदेशभर के हजारों रोजगार सेवक लखनऊ में विधानसभा का घेराव करेंगे। मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार भी किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ खुशबू सोनी ने बताया कि पत्रक प्राप्त हुआ है। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री योगी की माता के निधन पर शोकसभा

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता श्रीमती सावित्री देवी के निधन पर शनिवार को अठगांवा स्थित श्री किरतु राय इंटर कॉलेज परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा का आयोजन किरतु राय, ठाकुर देवकरन सिंह ट्रस्ट के संयोजन में हुआ। इस दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. कैलाश सिंह ने कहा कि मां का जाना जीवन की सबसे बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन पर समूचा न्यास परिवार गहरा दुख व्यक्त करता है। शोकसभा में दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर देवेंद्र चौहान, धीरज सिंह, पार्थसारथी, सुनील सिंह, विनोद कुमार, रामप्रवेश राम, आनंद कुमार सिंह, अशोक सिंह, जयप्रकाश यादव, रामदीन यादव, परवेज अहमद मौजूद थे।

शादी का झांसा देकर युवती से वर्षों तक संबंध बनाने का आरोप

जखनिया, गाजीपुर। भुड़कुंडा कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय युवती काल्पनिक नाम रीमा ने जौनपुर जनपद के पतरही गांव निवासी युवक काल्पनिक नाम श्यामू द्वारा लडकी से शादी का झांसा देकर वर्षों तक संबंध बना कर युवक ने शादी करने का भरोसा देकर लंबे समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखे, । लेकिन अब शादी की बात आने पर वह टालमटोल कर रहा है। इससे परेशान होकर युवती ने भुड़कुंडा कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराई । कोतवाल प्रभारी धर्मेंद्र पाडे ने कहा शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया ।कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
शाखाः वेलेस्लीगंज, मिर्जापुर

परिशिष्ट-IV (नियम-8(1)) कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा सुरक्षा हित प्रर्वतन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत नोटिस

1. **मेसर्स भगवान सिंह कन्सट्रक्शन प्रोपराइटर- श्री दिलीप कुमार सिंह,** पता- कैलाशपुरी कालोनी, रमईपट्टी, मिर्जापुर- 231001 **(ऋणी फर्म)**
2. **श्री दिलीप कुमार सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह,** पता- कैलाशपुरी कालोनी, रमईपट्टी, मिर्जापुर- 231001 **(ऋणी/बंधककर्ता)**
3. **श्री संदीप कुमार सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह,** पता- कैलाशपुरी कालोनी, रमईपट्टी, मिर्जापुर- 231001 **(बंधककर्ता/जमानतदार)**
4. **श्रीमती प्रमिला सिंह पत्नी श्री भगवान सिंह,** पता- कैलाशपुरी कालोनी, रमईपट्टी, मिर्जापुर- 231001 **(बंधककर्ता/जमानतदार),**

जबकि,

अधोहस्ताक्षरकर्ता इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **ऋणी - मेसर्स भगवान सिंह कन्सट्रक्शन प्रोपराइटर- श्री दिलीप कुमार सिंह,** को हमारी **वेलेस्लीगंज, मिर्जापुर** इंडियन बैंक ने एक **मांग सूचना दिनांक 01.09.2026** जारी की जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर उसमें उल्लेखित **रू. 27,09,089.00 (रूपये सत्ताईस लाख नौ हजार नवासी मात्र) 01.09.2026** तक बकाया एवं आगे का ब्याज, लागते व खर्चो और अन्य शुल्कों के साथ राशि को इस नोटिस की पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर, भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर, एतद्द्वारा ऋणी और आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इस अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत और नियम 8 व 9 के साथ पठित प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित संपत्ति को **वर्ष 2026 के नवम्बर माह के 18 वें दिवस** को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ किसी भी तरह का लेन-देन नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ किसी भी तरह का किया गया कोई भी संव्यवहार **रू. 28,02,154.00 (रूपये अट्ठाईस लाख दो हजार एक सौ चउवन मात्र) 18.11.2026** तक बकाया और आगे का ब्याज, लागते व खर्चो और अन्य शुल्कों के साथ राशि इंडियन बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा। **इस सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों की ओर ध्यान आकर्षित करते है, जो प्रतिभूतियों पर आपके मोचन के अधिकारों से संबंधित है।**

बंधक सम्पत्ति का विवरण :

सम्पत्ति का सभी भाग स्थित अराजी नम्बर 163, क्षेत्रफल- 2448 वर्ग फीट, स्थित मौजा- रमईपट्टी, टप्पा- 84, परगना- कांतित, तहसील- सदर, जिला- मिर्जापुर, जो कि स्व0 श्री भगवान सिंह के नाम में है जिसका विक्रय विलेख संख्या- 4426 दिनांक 28.07.2004, बही संख्या- 1, खंड संख्या- 2425, पृष्ठ संख्या- 73 से 104 है जो उप निबन्धक सदर, जिला- मिर्जापुर के यहां पंजीकृत है और स्व0 श्री भगवान सिंह के कानूनी उत्तराधिकारियों- श्रीमती प्रमिला सिंह, श्री दिलीप कुमार सिंह और श्री संदीप कुमार सिंह के पक्ष में उत्परिवर्तित किया गया।

चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार)- पूर्व - भगवती देवी पत्नी सूर्यबली की जमीन, पश्चिम- कच्चा रास्ता जो प्रथम पक्ष की अपनी जमीन से बनाया गया है उसके बाद प्रथम पक्ष की शेष जमीन, उत्तर- कच्चा रास्ता जो प्रथम पक्ष की अपनी जमीन से बनाया गया है उसके बाद संटू व अन्य की जमीन, दक्षिण- विक्रेता की शेष जमीन

दिनांक 18.11.2026 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक



डीजे वाहन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

मोहम्मदपुर मड़ैया गांव में द्वारचार से पूर्व हुई हृदयविदारक घटना से मचा हड़कंप

बक्शा। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर मड़ैया गांव में शुक्रवार की रात आई बारात में द्वारचार के दौरान हाइवे से नीचे ढलान पर उतर रहा डीजेरथ का चालक ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे सामने रथ के आगे चल रहे दो मजदूरों की दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। दोनों मृतक पड़ोसी गांव गोरियापुर के निवासी थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के उक्त गांव निवासी राम अवध यादव की बेटी की शादी थी बारात बदलापुर थाना क्षेत्र देवरिया लेदुका निवासी गांव से आया था रात्रि में जलपान के बाद करीब दस बजे द्वारचार की तैयारी के दौरान दूल्हा रथ पर बैठकर



चल रहा था। नौपेड़वा बाजार के उत्तर राष्ट्रीय राज्यमार्ग से नीचे डीजे रथ उतरते समय ढलान पर था तभी रथ का चालक ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर पैर रख दिया जिससे रथ के आगे-आगे छतरी व रोड लाइट लेकर मजदूरों की टोली धीरे-धीरे चल रही थी। अचानक हुई घटना में रथ के आगे चल रहें गोरियापुर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध मुसाफिर एवं 55 वर्षीय अधेड़ शिवाकांत गौतम चपेट में आ गए जिससे उन दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना में छोटे बालक बलहा को बचाने के प्रयास में दूल्हे के आँख के पास भी मामूली चोटें आई। घटना होते ही मौके पर भगदड़ की स्थिति हो गयी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों मजदूरों को नौपेड़वा सामुदायिक अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने भी दोनों को मृत घोषित कर दिया। उधर घटना के बाद मौके से रथ चालक फरार हो गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि शव को रात्रि में ही मर्चरी भेज दिया गया। मृतक शिवाकांत के बेटे मंदीप कुमार की तहरीर पर आरोपी अज्ञात रथचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करतें हुए मौके से रथ को कब्जे में ले लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि डीजे रथ के पंजीकरण की जानकारी की जा रही है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाली शिक्षा कमान

बरसठी। शिक्षा विभाग को शनिवार को नए खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति के रूप में नया नेतृत्व मिला, उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण किया, इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुरूप शिक्षा विभाग में बेहतर कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी, साथ ही शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, उन्होंने सभी से आपसी समन्वय बनाकर शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में सहयोग की अपील की, इस मौके पर राकेश उपाध्याय, अरुण यादव, विनोद पांडेय एआरपी, विकास कुमार एआरपी, नारायण यादव एआरपी, सुभाष सरोज प्रधानाध्यापक एवं अटेवा जिला संगठन मंत्री, प्रमोद प्रजापति प्रधानाध्यापक, आनंद वर्मा, इंद्रजीत यादव, भोलानाथ पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन



गौराबादशाहपुर। भौसिंहपुर में आज मां शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष अर्जुन यादव की उपस्थिति में डॉ. सूरज कुमार एवं डॉ. मनोज विश्वकर्मा ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा। इस आयोजन से क्षेत्रीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं सेवाओं का लाभ मिला।

कार की टक्कर से युवक की मौत, साथी गंभीर

पवांरा। बारात से घर वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को शुक्रवार की देर रात एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे बाभनपुर गांव निवासी संतोष कुमार दूबे (36) की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे विनोद गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रात में ही थाने पहुंचकर हंगामा किया। सीओ परमानंद कुशवाहा ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के बाभनपुर गांव निवासी संतोष कुमार दूबे शुक्रवार को गांव के ही आशीष चौरसिया के घर से बारात में शामिल होने सुजानगंज स्थित एक पैलेस गए हुए थे। उनके साथ पड़ोसी विनोद गौतम भी थे। देर रात दोनों बाइक से घर लौट रहे थे और थानाक्षेत्र के रज्जूपुर पुलिया पर रात करीब साढ़े 11 बजे पहुंचे थे कि सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने संतोष दूबे को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल विनोद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। संतोष दूबे की मौत की खबर गांव पहुंचते ही स्वजन में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचकर विरोध जताने लगे। सूचना पर सीओ परमानन्द कुशवाहा पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

हत्या के मामले में दस साल की सजा

जौनपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप जौनपुर न्यायालय ने हत्या से जुड़े एक मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, जौनपुर की अदालत ने 21 नवंबर 2026 को थाना सरपतहां में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 34/21, धारा 304 भादवि से संबंधित अभियुक्त रमेश विश्वकर्मा पुत्र हितलाल निवासी शेखपुर, थाना सरपतहां को दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे धारा 304 (भाग-1) भादवि के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते यह सजा संभव हो सकी।

लेखपाल के हाथ पर चढ़ा ट्रक का पहिया

गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर, चालक वाहन छोड़कर फरार



खेतासराय। नगर में सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार लेखपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुरानी यूनियन बैंक के पास शनिवार दोपहर ट्रक की टक्कर से वह सड़क पर गिर पड़े। जिससे ट्रक का अगला पहिया उनके हाथ पर चढ़ गया। गंभीर चोट लगने पर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान लेखपाल रणजीत कुमार (40) पुत्र बाबूराम निवासी बीरी समसुद्दीनपुर, थाना खुटहन के रूप मे हुई। वह खेतासराय से बाइक लेकर शाहगंज तहसील जा रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे खेतासराय कस्बे के पुरानी यूनियन बैंक के पास शाहगंज से जौनपुर की तरफ जा रहे ट्रक की चपेट में आ गए। टक्कर लगने के बाद वह सडक पर गिर पडे और ट्रक का अगला पहिया उनके हाथ पर चढ़ गया। जिससे उनका हाथ बुरी तरह कुचल उठा। हादसे की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने घायल को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

एक नज़र इधर भी

अनियंत्रित ट्रेलर पार्क की रेलिंग से टकराया

गोमटी और प्याऊ क्षतिग्रस्त, चालक फरार

मछलीशहर। नगर के मुंगराबादशाहपुर चौराहे पर शनिवार भोर में तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर नगर पंचायत द्वारा निर्मित पार्क की रेलिंग से टकरा गया।



ट्रेलर ने पहले सड़क किनारे स्थित पान की गोमटी में जोरदार टक्कर मारी, जिससे गोमटी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद राहगीरों के लिए नगर पंचायत की द्वारा बनाए गए पेयजल प्याऊ का स्थान और पानी की टंकी भी टूट गई। वहीं पार्क के किनारे लगी बाउंड्री की रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में नगर पंचायत को लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके पर ट्रेलर तो मिला, लेकिन वाहन चालक फरार हो चुका था। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार होने के कारण चालक ट्रेलर पर नियंत्रण नहीं रख सका और वाहन सीधे पार्क की रेलिंग से टकरा गया। मामले की जांच की जा रही है।

८९ शिकायतों में तीन का मौके पर निस्तारण

मछलीशहर। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों से कुल 89 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें तीन प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। भूमि संबंधी शिकायतों की अधिकता रही। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अंजली भारतीय, सहित पुलिस विभाग और राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।



डीएम ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और त्रुटियां दूर करने के दिए निर्देश

जौनपुर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।



इस दौरान अधिकारियों ने बीएलओ की उपस्थिति, मतदाता सूची तथा दावे और आपत्तियों के लिए की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सरोखनपुर स्थित श्रीकृष्णा नगर जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक विद्यालय सरोखनपुर, भलुआहीं एवं पुरानी बाजार के विभिन्न बूथों का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। वहीं मृतक एवं अपात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने तथा मतदाता सूची में दर्ज त्रुटियों को दुरुस्त करने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान की निर्धारित तिथियों 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को सभी बीएलओ अपने बूथों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, प्रवासी भारतीयों के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6ए, अपात्र एवं मृतक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरवाए जा रहे हैं। प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

दूसरे दिन भी पीड़ित के घर नहीं जला चूल्हा, जांच में जुटी पुलिस

हर्षिता, विनोद की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

सुजानगंज। क्षेत्र के सुल्तानपुर में शुक्रवार दोपहर जमीनी विवाद में हुई मारपीट में मृतका हीरावती देवी पत्नी स्वर्गीय जिलेदार सिंह के घर शनिवार को चूल्हा तक नहीं जला। मृतका के घर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए ग्रामीणों का मृतका के घर तांता लगा हुआ है। वहीं पुलिस ने मामले में 10 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सूत्रों द्वारा जानकारी मिली कि मारपीट में अति गंभीर रूप से घायल रमेश सिंह की हालत सामान्य है, वही विनोद सिंह पुत्र स्व. जिलेदार सिंह व हर्षिता सिंह पुत्री रमेश सिंह की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने बताया कि इस मामले में कुछ संदिग्धों को पूछताछ हेतु बैठाया गया है वहीं मामले में जांच पड़ताल चल रही है जल्दी जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस की एक टीम पीड़ित एवं आरोपी के घर पर लगाइए गई हैं।



क्षेत्र के समाजवादी पार्टी नेता जिला पंचायत सदस्य नन्हकू राम यादव ने पीड़ित के घर पर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त किए।

नीरज बने मछलीशहर भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी

जफराबाद। क्षेत्र के शाहबड़ेपुर गाँव निवासी नीरज कुमार मिश्रा को भाजपा मछलीशहर के जिला संगठन में मीडिया सह प्रभारी बनाकर अहम जिम्मेदारी सौंपी है। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा संगठन में पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। जिला संगठन में उनकी भूमिका पार्टी की गतिविधियों और नीतियों को मीडिया के माध्यम से लोगो तक पहुँचाने की होगी। नीरज ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करूँगा। नीरज मिश्र को इस नियुक्ति पर मछलीशहर के जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, सिरकोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष रजनीश चौबे, अरविंद सिंह, मनीष मिश्रा, कमलेश प्रजापति, विपिन विश्वकर्मा, आयुष जायसवाल, सन्तोष उपाध्याय आदि ने बधाई दी है।

अब सीएचसी पर होगी निःशुल्क सर्जरी-डा. सीएस पाण्डेय

मुंगराबादशाहपुर। सतहरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब हाइड्रोसील, हर्निया, गांठ, फोड़ा-फुंसी आदि की सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष राहुल दुबे के प्रयास एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. गंगा राम के कुशल निर्देशन में क्षेत्र के लोगों को यह बड़ी सौगात मिली है। इससे अब छोटे-छोटे ऑपरेशनों के लिए मरीजों को जिला अस्पताल का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उक्त जानकारी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. चन्द्रशेखर पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि सीएचसी पर सर्जन डा. कमलेश कुमार द्वारा नियमित रूप से सर्जरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डा. बी.एन. गुप्ता संभाल रहे हैं। दोनों चिकित्सकों की अनुभवी टीम के कारण मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डा पाण्डेय ने बताया कि पहले क्षेत्र के लोगों को हाइड्रोसील, हर्निया, गांठ जैसे छोटे आपरेशनों के लिए भी जिला अस्पताल अथवा निजी अस्पताल पर जाना पड़ता था। वहां लंबी लाइन, आने-जाने का खर्च और समय की बर्बादी से मरीज परेशान होते थे। कई बार तो गरीब मरीज पैसों की कमी के कारण आपरेशन ही नहीं करा पाते थे। अब यह सुविधा सीएचसी पर ही मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सीएचसी पर आपरेशन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मरीजों की जांच, भर्ती, आपरेशन और आपरेशन के बाद की देखभाल की पूरी व्यवस्था की गई है।

नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का बी.आर.सी. डोभी में भव्य स्वागत



डोभी। नवनियुक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेमशंकर राम के कार्यभार ग्रहण करने के प्रथम दिवस पर आज बी.आर.सी. डोभी परिसर में शिक्षक समुदाय द्वारा उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष आलोक रघुवंशी एवं संरक्षक संजय यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी को बुके (पुष्पगुच्छ), माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष आलोक रघुवंशी जी ने उन्हें डोभी क्षेत्र की गौरवशाली सहयोग परंपरा से अवगत कराया, वहीं संरक्षक संजय यादव जी ने डोभी के समृद्ध शैक्षिक इतिहास पर प्रकाश डाला। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ए.आर.पी. अरविंद सिंह सहित समस्त ए.आर.पी., समस्त नोडल संकुल, मंत्री संतोष सिंह, सतीश कुमार यादव, अनिल सिंह, रामकिशोर यादव, दिनेश राम, छोटेलाल आनन्द सिंह आनन्द रघुवंशी अरविंद कुमार सिंह प्रवीण सिंह प्राथमिक विद्यालय चंदवक का समस्त स्टाफ तथा समस्त बी.आर.सी. स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने नवागत अधिकारी के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

विश्व मत्स्य दिवस पर लगा पंजीकरण कैंप

जौनपुर। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर शनिवार को मत्स्य विभाग कार्यालय में एनएफडीपी कैंप एवं मछुआरा पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मत्स्य पालकों एवं मछुआरों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनका पंजीकरण कराया गया।इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग राम नारायण तिवारी ने बताया कि मछुआरों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मछुआ कल्याण कोष, मत्स्य पालकों का पर्यटन एवं प्रशिक्षण तथा मोपेड विथ आइस बॉक्स योजना संचालित की जा रही हैं।

स्कार्पियो से कुचलकर तीन की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

धर्मापुर। कार से कुचलकर तीन लोगों की हत्या और छह अन्य को



घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राम यादव उर्फ रामचन्द्र यादव निवासी चक मुस्तफाबाद थाना गौराबादशाहपुर है। उसकी उम्र करीब 23 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर को मनोज कुमार यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपित और उसके साथियों ने एक राय होकर उनकी स्कॉर्पियो पर सवार होकर परिजनों को जान से मारने की नीयत से कुचल दिया। इस घटना में इंदु देवी पत्नी मनोज यादव और अमित यादव पुत्र श्रवण यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 70 वर्षीय राजदेव यादव की मौत बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गए थे। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी। शनिवार को थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राम यादव उर्फ रामचन्द्र यादव को जौनपुर आजमगढ़ हाईवे के बिथार गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपित ने अपनी गलती स्वीकार की है। अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत

एक वर्षीय बेटी के सिर से उठा पिता का साया, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मारुफपुर गांव में शनिवार भोर में विद्युत करंट की चपेट में आने से 31 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त गांव निवासी मुलायम बिंद पुत्र स्व. राजबहादुर बिंद भोर करीब चार बजे शौच के लिए जा रहे थे। गांव के निकट नहर की पुलिया के पास पहुंचते ही रास्ते के बगल में रखे ट्रांसफार्मर से निकले विद्युत तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। मृतक की एक वर्षीय पुत्री रिमझिम है। पति की मौत से पत्नी मनीषा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, परिजनों का विलाप सुनकर गांव के लोग भी गमगीन हो गए। मृतक के भाई सुरेश बिंद की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कबड्डी प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर वीबीएसपीयू टीम बनीं चैंपियन

प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता-खेल मंत्री

खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क से बढ़ायें पीयू का गौरव-वाइसचांसलर

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में आयोजित चार दिवसीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में शनिवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विश्वविद्यालय की टीम ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज कर 6 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ने एल.एम.एम. विश्वविद्यालय, दरभंगा को 23-21 अंकों से, एम.एस.डी. विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को 34-25 अंकों से तथा केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर को 30-23 अंकों से पराजित किया। श्री यादव ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह के खेल के प्रति सक्रिय रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को ओलंपिक एवं पैरा ओलंपिक जैसी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करे, ताकि पूर्वांचल के खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय से खेल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नशा मुक्ति अभियान भी चलाने का आग्रह किया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा एवं नवाचार के साथ-साथ खेल को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ी प्रदेश ही नहीं, देश की खेल प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे और अधिक से अधिक पदक जीतकर विश्वविद्यालय तथा जनपद का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क से खिलाड़ी विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में खेल परिषद के अध्यक्ष प्रो. सुधाकर सिंह ने स्वागत भाषण दिया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी पर्यवेक्षक नरेश कुमार ने विश्वविद्यालय की आधिकारिक टीम एवं खेल टीम की तटस्थता तथा निर्णायक भूमिका की सराहना की। खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह ने चार दिवसीय प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विशेष



अतिथि, अवकाश प्राप्त भारतीय वायुसेना के कमांडर राजेश कुमार सिंह ने कुलपति के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें उत्साहित किया। समारोह के अंत में छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने धन्यवाद ज्ञापन संचालन डॉ. राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. विजय सिंह, रजनीश सिंह, सत्येंद्र सिंह, विजय प्रकाश, डॉ. जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय बना नं. एक पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विश्वविद्यालय की टीम ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज कर 6 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ने एल.एम.एम. विश्वविद्यालय, दरभंगा को 23-21 अंकों से, एम.एस.डी. विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को 34-25 अंकों से तथा केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर को 30-23 अंकों से पराजित किया। तृतीय और एम.एस.डी. विश्वविद्यालय, आजमगढ़ चतुर्थ स्थान पर रहा।

काशी की सांस्कृतिक अस्मिता के संवाहक थे महाराज डॉ. विभूति नारायण सिंह

जन्मशती समारोह में विद्वानों ने किया व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण, उनके आदर्शों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने पर दिया जोर

काशी की गौरवशाली राजपरंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सनातन ज्ञान परंपरा के संरक्षक पूर्व काशीनरेश महाराज डॉ. विभूति नारायण सिंह की जन्मशती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। शुक्रवार को कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर सर्वभारतीय काशीराज न्यास एवं महाराज काशीराज धर्मकार्य निधि, दुर्ग रामनगर के तत्वावधान में महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगापुर में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इसमें विद्वानों और विशिष्ट अतिथियों ने महाराज के व्यक्तित्व, कृतित्व और सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें काशी की सांस्कृतिक अस्मिता का महत्वपूर्ण संवाहक बताया। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना, वैदिक मंगलाचरण और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद महाराज डॉ. विभूति नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। महाविद्यालय के सचिव प्रो. धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने अतिथियों का



स्वागत करते हुए कहा कि महाराज का जीवन शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, धर्म और सामाजिक समरसता के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनका योगदान काशी की राजपरंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण रहा। समारोह में नागरी प्रचारिणी सभा के मंत्री व्योमेश शुक्ल, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रो. पीवी सिंह, जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व वाइसचांसलर प्रो. हरिकेश सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुरजीत सिंह डंग, तिब्बती संस्थान के प्रतिनिधि वाइसचांसलर प्रो. तेनजिन नोरबू, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर प्रो. बिहारी लाल शर्मा तथा काशी विद्यापीठ के वाइसचांसलर प्रो. आनंद कुमार त्यागी, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने विचार व्यक्त किए। बाबू धर्मनी प्रसाद नारायण सिंह भी उपस्थित रहे। अध्यक्षता करते हुए महाराज डॉ. अनंत नारायण सिंह ने कहा कि जन्मशती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प है। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. सतीश कुमार राय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह ने किया। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

हरहुआ ओवरब्रिज पर भीषण हादसा, खड़े मैजिक में घुसा ऑटो, तीन घायल

हरहुआ। हरहुआ बड़ागांव थाना अंतर्गत हरहुआ ओवरब्रिज पर शनिवार को सुबह सड़क किनारे पंचर होने के कारण खड़े मैजिक में पीछे से अनियंत्रित ऑटो जा घुसा।



हादसे में ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि अन्य दो लोगों को भी चोटे लगी। दुर्घटना के बाद ऑटो छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह मैजिक वाहन का पहिया पंचर हो गया था। चालक ओवरब्रिज पर सड़क किनारे वाहन खड़ा कर पहिया बदल रहा था। इसी दौरान वाराणसी से बाबतपुर की ओर जा रहा तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर मैजिक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।ऑटो में मीराशाह निवासी आजम शाह और साहिल शाह, चितईपुर निवासी आरिफ शाह, दिलीप उपाध्याय तथा संदीप उपाध्याय सवार थे। हादसे में आजम शाह, साहिल शाह और आरिफ शाह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

लखनऊ में हत्या के प्रयास में फरार चल रहा आरोपी शिवपुर में गिरफ्तार

एसओजी और शिवपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने इंस्टाग्राम पर लाइव प्रसारित होने पर की काररवाई

लखनऊ के गोमती नगर थाने में दर्ज एक मुकदमे के मामले में वांछित एसओजी और शिवपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ा लालपुर स्थित स्क्रैप्ड कैफे में छापेमारी कर वांछित युवक शेखर कुशल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि टीम के पहुंचने पर फ्लैट के अंदर मौजूद युवक ने गेट खोलने से इनकार कर दिया। टीम ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन जब गेट नहीं खुला तो कटिंग मशीन की मदद से लोहे के गेट को काटकर टीम फ्लैट के अंदर दाखिल हुई। इसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के दौरान फ्लैट में एक महिला भी मौजूद थी। वहीं, गेट काटने की कार्रवाई के दौरान युवक के हाथ में चोट लग गयी, जिससे काफी खून बहने लगा। इसके बाद पुलिस उसे तत्काल स्थानीय मेडिकल सेंटर लेकर पहुंची, जहां उसका उपचार और मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।इस पूरे घटनाक्रम की एक और खास बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि युवक ने अपनी गिरफ्तारी की पूरी कार्रवाई को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाइव प्रसारित किया। सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण के चलते यह घटनाक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है।

पारिवारिक विवाद में मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के परमन्दापुर गांव में गत शुक्रवार को पारिवारिक विवाद में मारपीट, पथराव, लाठी डंडे की घटना में पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता हैं की राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरे भाई वीरेंद्र भारती उनकी पत्नी गीता भारती उनका पुत्र राजू भारती तथा पुत्री अनू भारती आये दिन गाली गलौज मारपीट करते रहते हैं। अचानक मेरे ऊपर लाठी डंडे ईट पत्थर से मारने लगे और हसुआ से मेरे बाहों पर वार कर दिया जिससे मेरे बाह पर गंभीर चोट आयी है और जान से मारने की धमकी दिया है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में थानाध्यक्ष अभिजीत सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

चोलापुर में चोरों ने पांच विद्युत खम्भे के तार काट ले गये

गोसाईपुर (चोलापुर थाना क्षेत्र की गोसाईपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सभा नेहिया में शुक्रवार की रात चोरों ने पांच विद्युत खम्भे का तार काट ले गये। घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई। ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय विद्युत विभाग के कर्मियों को घटना की सूचना दी और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की।घटना के बाद से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मारकण्डेय महादेव का ८४वां वार्षिक श्रृंगार महोत्सव आज

चौबेपुर। कैथी स्थित श्री भूतभावन मारकण्डेय महादेव मंदिर में २२ नवंबर को कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी पर ८४वां वार्षिक श्रृंगार महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि श्री श्री १००८ महामंडलेश्वर भवानीनन्दन यति जी महाराज उपस्थित रहेंगे। महोत्सव के तहत शाम आठ से नौ बजे तक बाह्य आरती तथा रात ११ से १२ बजे तक शयन आरती होगी। इसके साथ ही रात आठ बजे से मंदिर परिसर में भव्य जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजकों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

कैंट स्टेशन पर चोरी के मोबाइल के साथ बिहार का युवक गिरफ्तार

कैंट रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), अपराध खुफिया शाखा (सीआईबी) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने चेकिंग एवं गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी का एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बतायी गयी है।

Soban Singh Jeena Government Institute of Medical Science & Research Almora
Near Vikas Bhawan, Pandeykhola, Almora, Distt-Almora-263601 (Uttarakhand)
E-Mail-Principal.gmcalmora@gmail.com http://www.ssjgimsralmora.org
मोबाइल नं.:- 8449292707 फोन-फैक्स नं.:- 05962-230557

Letter No. 4893 /GMCA/G-1/Advertisement/2025-26 Date:- 16 November, 2026

Walk-In-Interview

A Walk In interview for various post of "Professor, Associate Professor and Assistant Professor" at Soban Singh Jeena Government Institute of Medical Science & Research Almora will be held on 02nd December, 2026 at 10:00am on wards in "Office of the Principal, Soban Singh Jeena Government Institute of Medical Science & Research Almora". Registration will be done on the day of interview till 1:00 PM only. The post will be filled on yearly renewal contract basis for a maximum period of 03 (three) years or till regular appointment are made. For further details please visit our website:-
http://www.ssjgimsralmora.org, www.medicaleducation.uk.gov.in & www.hnbumu.ac.in

Principal
SSJ Govt. IMSR Almora.

कार्यालय-उपनिदेशक (नि.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल नीबी बेलइसा, आजमगढ़–276001

पत्रांक–नि.आ./निविदा /2026–756 दिनांक–21.11.2026

ई–निविदा सूचना

निम्न कार्य हेतु मण्डी परिषद, आजमगढ़ में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 14.12.2026 को निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डर के माध्यम से आनॅ लाइन निविदा वेवसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.12.2026 के अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यो की निविदायें ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांकः 14.12.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे से कार्यालय में खोली जायेगी।

क्र. सं.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र मूल्य जी.एस.टी. सहित (रूपये में)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर धनराशि (लाख रू. में)	कार्य करने का समय	श्रेणी
1	3093	**मण्डी समिति, दोहरीघाट** उप मण्डी स्थल गोंठा में आन्तरित रोड का हॉट मिक्स पद्धति से मरम्मत/नवीनीकरण, नाली के मरम्मत, मण्डी परिसर में पूर्व निर्मित बाउंड्रीवाल का मरम्मत एवं कटीले तार द्वारा रोक थाम हेतु विशेष कार्य, 02 नग छायादार नीलामी चबूतरे की आन्तरिक सीमेन्ट करकट चादर बदलने एवं रंगाई–पुताई का विशेष कार्य, मण्डी समिति के कार्यालय के दरवाजा, खिड़की, फर्श तथा कार्यालय के शौचालय का फर्श मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य, पूर्व निर्मित गोदाम, कर्मचारी आवास की रंगाई–पुताई का कार्य, पूर्व निर्मित 05 नग 'ब' श्रेणी व 02 नग 'अ' श्रेणी की दुकानों की रंगाई–पुताई व मरम्मत का कार्य। 2026_RKUMP_1211094_1	9900.00	55.53	5.55	06 माह	'स'

1. शासनादेश सं. 415/78–2–2018–42 आई.टी. /20147/टी.सी.–49 दिनांक 22.6.2018 के क्रम में उपनिदेशक निर्माण मण्डी परिषद आजमगढ़ के खाता संख्या 30394477683 में निविदा शुल्क तथा खाता संख्या 30394477887 में धरोहर धनराशि बैंक शाखा स्टेट बैंक आफ इण्डिया सिविल लाईन रैदोपुर, आजमगढ़ आई.एफ.एस.सी. कोड संख्या में आनलाईन भुगतान करके यू.टी.आर. नम्बर का रसीद निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर दी जायेगी।
2. 2. शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, आजमगढ़

पत्रांक–नि.आ./ई–निविदा /2026–757 दिनांक–21.11.2026

कार्यालय सभ्भागीय उपनिदेशक (नि.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, पहाड़िया वाराणसी–221007

पत्रांक–नि.वा./निविदा नि./2026–1222 दिनांक–21.11.2026

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांकः उ.नि.(नि.) /वाराणसी/निविदा–2026–1126 दिनांक 31.10.2026 द्वारा निविदा दिनांक–21.11.2026 को आमंत्रित निविदा में अपरिहार्य कारणोवश निविदा दिनांक–21.11.2026 के स्थान पर 08.12.2026 को आमंत्रित किया जाता है। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद वाराणसी

पत्रांक–उ.नि.नि./वाराणसी/निविदा/2026–1223 दिनांक–21.11.2026

कार्यालय उप निदेशक(वि0/यॉ0)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद,उ0 प्र0,
नवीन मण्डी स्थल पहड़िया, वाराणसी।

पत्रांकः वि0/यां0/निविदा/2026– 1539 दिनांक 21.11.2026

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांकः 1516 दिनांक 15.10.2026 एवं पत्रांकः 1535 दिनांक 06.11.2026 के माध्यम से निम्नलिखित मण्डी स्थलों में प्रवेश एवं निकास द्वार पर पूर्व से स्थापित 50 एम0टी0 क्षमता के इलेक्ट्रानिक वे–ब्रिज की क्षमता वृद्धि एवं उच्ची करण के कार्यो को कराने हेतु क्रमशः दिनांक 06.11.2026 एवं दिनांक 21.11.2026 को ई–निविदायें आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि को कोई भी निविदायें प्राप्त न होने के कारण वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं वे–ब्रिज की अनुभवी निर्माता कम्पनियों से Two Bid System के माध्यम से पुनः दिनांक 02.12.2026 को अपराह्न 12:30 बजे निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 01.12.2026 की अपराह्न 05:00 बजे तक डाउनलोड करते हुए अपलोड किए जा सकते है, शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी। ई–निविदा की टेण्डर आई0डी0 निम्नवत् है।

राबर्ट्सगंज Tender Id – 2026_RKUMP_1197452_11
शाहगंज Tender Id – 2026_RKUMP_1197452_12
मिर्जापुर Tender Id – 2026_RKUMP_1197452_13
जंगीपुर Tender Id – 2026_RKUMP_1197452_14
मऊ (कोपागंज) Tender Id – 2026_RKUMP_1197452_15

उप निदेशक (वि0/यॉ0)
मण्डी परिषद, वाराणसी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड वाराणसी
सी0 7/29 ए–2 सेनपुरा (फायर ब्रिगेड कैम्पस के अन्दर) चेतगंज, वाराणसी।

पत्रांक 947 /ल0सि0/ लेखा/ निविदा सूचना/2026–27 दिनांक : 13–11–2026

ई0 निविदा सूचना सं0–20/2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से लघु सिंचाई खण्ड, वाराणसी अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड चन्दौली में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत नये ब्लास्ट कूप का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ब्लास्ट कूप निर्माण/चेकडैम/तालाब निर्माण कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिचाई विभाग, उ0प्र0, में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27–11–2026 को प्रातः 9.00 बजे से दिनांक 6–12–2026 को सांय 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 7–12–2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, प्रयागराज के कार्यालय में उनकी अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 7–12–2026 को अपराहन् 2:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

क्र सं	जन पद	कार्य का नाम	श्रेणी	विकास खण्ड	कार्य की मात्रा	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करो सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	चन्दौली	श्रीमती सहमदी पत्नी सभसुदीन ग्राम भटवाडीह	सामान्य	नौगढ़	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	8.33	0.83	770.00	60 दिन
2		श्री राजकुमार पुत्र हरगेन ग्राम मंगरही	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
3		श्री बुदद्ू पुत्र बोदर ग्राम सेमरासाधोपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
4		श्री हरगेन पुत्र विश्वनाथ ग्राम गहिला	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
5		श्री गणेश पुत्र जीतनरायन ग्राम पड़रिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
6		श्री रामजतम पुत्र पहरू ग्राम मंगरही	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
7		श्री लालमनी पुत्र सुद्धू ग्राम पण्डी	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
8		श्री विक्रम पुत्र सुद्धू ग्राम पण्डी	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
9		श्री राम विलास पुत्र शोभनाथ ग्राम होरिला	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
10		श्री गुलाब पुत्र रामधारी ग्राम भटवाडीह	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
11		श्री प्यारे पुत्र भुलेट ग्राम चिकनी	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
12		श्री हरिवंश पुत्र जयराम ग्राम भटवाडीह	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
13		श्रीमती लालमनी पत्नी बचनू ग्राम सेमरासाधोपुर	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	60 दिन
नीचे क्रमांक 14 से 15 तक के कार्य अतिरिक्त कार्य है। धन उपलब्धता के अनुसार ही इन कार्यो पर अनुबन्ध गठन किया जायेगा									
14		श्री मोतीलाल पुत्र सीताराम ग्राम टिकुरिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
15		श्री राज कुमार सिंह पुत्र नरायन सिंह ग्राम सेमरासाधोपुर	अनुजाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–

नोट– निविदा के नियम एवं शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27–11–2026 को प्रातः 9.00 बजे से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

उ.प्र.:–261413
दिनांक–20.11.2026

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
वाराणसी

वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय जिला पंचायत, जौनपुर

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

जिला पंचायतो के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में पजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्र संख्या 896/जि0पं0जौ0/नि0 अनु0/हेल्थ सेक्टर /ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 12.10.2026 द्वारा पन्द्रहवें वित्त (हेल्थ ग्राण्ट) योजनान्तर्गत एवं पत्र संख्या 912/जि0पं0जौ0/नि0 अनु0/ हेल्थ सेक्टर / ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 17.10.2026 द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा में कतिपय कार्यो पर उपयुक्त / वैध निविदा प्राप्त न होने के कारण मा0 अध्यक्ष / प्रशासक महोदया के स्वीकृति के उपरान्त सम्बन्धित योजनान्तर्गत उक्त कार्यो की पुनः ई-निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सूचना का प्रकार	तिथि व समय
1.	ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि	दिनांक 21.11.2026 समय 13:00 बजे से
2.	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक 21.11.2026 समय 13:00 बजे से
3.	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 26.11.2026 समय 14:00 बजे तक
4.	ऑनलाइन निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 26.11.2026 समय 15:00 बजे से

नोटः-
1. निविदा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, जौनपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. निविदादाता को निविदा के साथ वांछित पठनीय अभिलेख स्कैन कर आनलाईन पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिसके आधार पर निविदा का तकनीकी मूल्यांकन किया जायेगा।
3. टेक्निकल बिड में क्वालिफाईड ठेकेदार की ही फाइनेन्सियल बिड खाली जायेगी,
4. समस्त निविदादाताओं को निविदा शुल्क की यू0टी0आर0/ ट्रांजैक्शन नं0, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र व जमानत धनराशि की टी0डी0आर0/एफ0डी0 आर0, शपथ पत्र (T6)हाटमिक्स प्लान्ट एवं पेवर फिनीसर से कराये जाने के संबध में मशीनरी स्वामित्व अथवा ठेकेदार एवं मशीनरी स्वामी के मध्य निश्पादित बैधानिक समझौता पत्र की प्रति व अन्य वांछित अभिलेखों की मूल प्रति शासनादेश सं0-1791/33-22-2020-198जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार निविदा खोले जाने के पश्चात् कार्यालय जिला पंचायत, जौनपुर में जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदादाता के विरुद्ध नियमानुसर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

(लाल बहादुर सिंह) अभियन्ता जिला पंचायत,जौनपुर
(अखिलेश कुमार) अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत,जौनपुर
(श्रीकला सिंह) अध्यक्ष/प्रशासक जिला पंचायत,जौनपुर

पत्रांकः 1016/जि0पं0जौ0/नि0अनु0/ई-टेण्डर/2026-27/ दिनांक-19-11-2026

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग जौनपुर

पत्रांक –5858/एस0ई0टेन्डर/जौ0गा0वृत्त/2026–27 दिनांक –17/11/2026

ई0–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के "ए" श्रेणी के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक–25.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–02.12.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–02.12.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक–02.12.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू0 लाख में	धरोहर धनराशि रू0 लाख में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभि0 का पता	अर्ह ठेकेदारों की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
वित्तीय वर्ष 2025–26 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण योजना के अन्तर्गत										
1	गाजीपुर	गाजीपुर–बलिया मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) के बी0सी0 द्वारा सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। कि.मी. 38,39(800),40,41(950), 42,43,44,45(750)	219.00	12.95	5 माह	2714.00	निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0 गाजीपुर	जौ0गा0वृत्त, लो0नि0 वि0 जौनपुर	चा0अ0, लो0नि0 वि0 वाराणसी	A
2.	गाजीपुर	मऊ–युसुफपुर मार्ग के बी0सी0 द्वारा सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। कि.मी. 23,24,25,26,27,28,29,30	233.00	13.65	5 माह	2714.00	निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0 गाजीपुर	जौ0गा0वृत्त, लो0नि0 वि0 जौनपुर	चा0अ0, लो0नि0 वि0 वाराणसी	A

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

(एस0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर, वृत्त लो0नि0वि0
जौनपुर।

उ.प्र.:–261414
दिनांक–21.11.2026

वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना–सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1987, अनुक्रमांक 0792877 का अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **राघवेंद्र विक्रम सिंह**, पुत्र जगदीश नारायण सिंह, अधिवक्ता नगर, (जी.एन. के छपरा), जिला- बलिया, उ.प्र.

सूचना –सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश सनाया दर्ज हो गया है, जबकि मेरे हाईस्कूल व अन्य शैक्षिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम अंजली कुमारी पुत्री जितेंद्र राम दर्ज है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हाईस्कूल के प्रमाणपत्र के अनुसार दर्ज किया जाए। **अंजली कुमारी** पुत्री जितेंद्र राम, ग्राम- नरहीं, पोस्ट- चिरूईया, जिला- बलिया, उ.प्र.

सूचना

सूचना–मेरे आर्मी सर्विस नंबर संख्या 15228905 P में मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी में Nitin yadav के जगह Nitian yadav हो गया है जबकि सही नाम **Nitin yadav** है। **दीपक यादव** पुत्र रामबली यादव ग्राम- शालिवाहनपुर ,पोस्ट- रसूलपुर, जिला वाराणसी। मोबाइल नंबर 9250140064

सूचना–मै अपने पुत्रों इकबाल राईनी, एकलाख राईनी, इरशाद अहमद एवं नौशाद अहमद के कार्य व्यवहार से तंग आकर उन सभी से अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।वह भविष्य में कोई भी कार्य करेंगे उसके उत्तरदायी वह स्वयं होगे। **इस्लाम** पुत्र स्व. टुन्नी मोहल्ला – महुआबाग थाना – कोतवाली जिला – गाजीपुर

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

NOTICE

This is inform that in school records of W.H. Smith Memorial School Sigra, Varanasi My Daughter SRISHTI CHAURASIA 8 C Date of Birth 19.07.12 is wrong. The correct Date of birth is 19.10.2012 and Father's name is also incorrect (HEMENT CHAURASIA) correct name is HEMANT KUMAR CHAURASIA. So to rectified in all school records. **H

डीएम ने किया घोरावल विधानसभा क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण

सोनभद्र। जनपद में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 400-घोरावल के मध्य प्रदेश सीमा से सटे सुदूरवर्ती बूथों का निरीक्षण कर अभियान की जमीनी प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लंबी दूरी तय कर मध्य प्रदेश सीमा के निकट स्थित बूथ कोरट के मतदेय स्थल संख्या-250 एवं 251 तथा बूथ रिजुल के मतदेय स्थल संख्या-249 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मतदाता पंजीकरण एवं पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं पात्र महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की जमीनी प्रगति परखी, युवा एवं महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने पर दिया विशेष जोर

कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 21 नवंबर को जनपद के सभी 1,659 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। इसी क्रम में 22 नवंबर को भी जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवा एवं महिला मतदाताओं से पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 प्राप्त करेंगे। साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन तथा आवश्यकतानुसार अन्य कार्यवाही के लिए भी आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। डीएम ने अभियान से जुड़े अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि सुदूरवर्ती एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में भी अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि दूरी अथवा किसी अन्य कारण से कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। प्रशासन का संकल्प है कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र तक मतदाता पुनरीक्षण अभियान की पहुंच सुनिश्चित हो तथा कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटने न पाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

फसल क्षति होने पर किसान तत्काल दर्ज करायें सूचना-जिलाधिकारी

सोनभद्र। जनपद में खराब मौसम, बेमौसम वर्षा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की फसलों की होने वाली संभावित क्षति के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त किसानों से सतर्क रहने तथा फसल क्षति होने की स्थिति में तत्काल सूचना दर्ज कराने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि प्रतिकूल मौसम अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण किसी किसान की फसल को क्षति होती है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित हेल्पलाइन नंबर 14457 व 1077 पर समय से सूचना दर्ज कराए, जिससे फसल क्षति का सर्वेक्षण एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर चारों तहसीलों में २४ मामलों का निस्तारण

सोनभद्र। जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जनता की शिकायतों की सुनवाई कर उसका निस्तारण किया। उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्टसगंज में उप जिलाधिकारी आशीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर उन्होंने तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की 49 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 13 मामला निस्तारित किया , शेष 36 प्रकरणों को उन्होंने समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने का सम्बन्धितों को निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी रवि पासवान तहसीलदार, नायब तहसीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मौके पर तहसीलदार ने 12 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 01 मामला निस्तारित किया, बाकी 11 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने का सम्बन्धितों को निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न

डीएम,एसपी ने घोरावल में सुनी जनता की समस्याएं

तहसील घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कुल 57 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलों का निस्तारण किया। बाकी 49 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने का सम्बन्धितों को निर्देश दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी विशाल कुमार तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण हुआ। इस मौके पर उन्होंने 51 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामले निस्तारित किये बाकी 49 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने का सम्बंधितों को निर्देश दिया। चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायतें-169 प्राप्त हुयी, जिसमें से 24 शिकायतों का निस्तारण टीम भेजकर और मौके पर किया गया।

बेमौसम हुई बारिश से धान की फसल प्रभावित

सोनभद्र/बीजपुर। जनपद में शनिवार की सुबह से ही बेमौसम हो रही बारिश से धान की फसल को प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार की अलसुबह से जारी लगातार बूंदाबांदी ने क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बेमौसम बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी धान की फसल भीगकर खराब हो गई है, जिससे अन्नदाताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई खेतों में जलभराव होने से फसलों के सड़ने की आशंका भी पैदा हो गई है। सड़कों पर जलभराव से आवागमन बाधित लगातार हो रही इस बारिश ने आम जनजीवन प्रभावित किया है। ग्रामीण और मुख्य सड़कों पर जगह-जगह पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का

शुक्रवार की सुबह से हो रही बारिश से किसानों के होश उड़े

प्रकोप बढ़ा बारिश के चलते तापमान में अचानक गिरावट आई है, जिससे इलाके में ठंड बढ़ गई है और लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं। मुआवजे की मांग



प्रभावित किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। **करमा संवाददाता के अनुसार**- स्थानीय विकास खण्ड स्थित हर ग्राम पंचायतों में लगभग साढ़े आठ बजे शुक्रवार को जारी लगातार बूंदाबांदी से क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। खेत में लगी,पड़ी फसल, हार्वेस्टिंग सिस्टम सब बेमौसम बारिश के कारण बेकार हो गया है। खेतों में कटी पड़ी धान की फसल भीगकर खराब हो गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई खेतों में जलभराव होने से फसलों के सड़ने की आशंका भी पैदा हो गई है। काट कर खलियानों में रखें गए धान भीगने से धुआ निकालना प्रारंभ हो गया है। **लिलासी संवाददाता के अनुसार**-म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत आरंगपानी के झरईल टोला में मौसमी बारिश के चलते धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में तैयार हो रही धान की फसल बारिश की मार से प्रभावित होने के कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फसल बर्बाद होने से किसानों में काफी नाराजगी और मायूसी है। किसानों का कहना है कि पूरे साल कड़ी मेहनत और लागत लगाकर उन्होंने धान की खेती की थी, लेकिन बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों के अनुसार बारिश के कारण खेतों में धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इससे उनकी मेहनत के साथ खेती में लगाई गई पूंजी भी डूबने की आशंका है। किसान विजय गोंड, जगतनारायण गोंड, पंचम गोंड, हीरालाल, शिवशंकर गोंड, जय सिंह सहित अन्य किसानों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मदरसा बोर्ड परीक्षा २०२७ के आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया २३ से

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी,मौलवी (सेकेण्ड्री फारसी एवं अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री फारसी एवं अरबी) परीक्षा वर्ष-2027 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 23 नवम्बर से प्रारम्भ की जा रही है। परीक्षा वर्ष 2027 में सम्मिलित होने वाले संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र-छात्राओं के लिए निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन निर्धारित परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर निर्धारित है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर तथा मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर निर्धारित की गई है। परीक्षा आवेदन पत्रों में संदिग्ध डाटा को सम्मिलित करते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर लॉक करने की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर निर्धारित की गई है। मदरसों के प्रधानाचार्य,प्रधानाचार्या यह सुनिश्चित करें कि मदरसे को जिस स्तर तक मान्यता प्राप्त है, उसी स्तर तक के छात्र-छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जाएं। परीक्षार्थियों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने की पुष्टि के उपरान्त ही आवेदन पत्र अग्रसारित किए जाएं। परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं आवश्यक संशोधन (अपडेट/डिलीट) करने की सुविधा मदरसा पोर्टल की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

अभिषेक को सौंपी गयी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए 20 नवंबर से जिले के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों, रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालयों और तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित कर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत प्रशिक्षित कर्मचारियों के माध्यम से आम नागरिकों को ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन कर जानकारी दी जाएगी। निर्वाचन विभाग की ओर से दुद्धी तहसील के लिए अभिषेक कुमार विश्वकर्मा को प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मजदूरों के हक, अधिकार की आवाज दिल्ली में बुलंद करेगा सीटू

अनपरा(सोनभद्र)। मजदूरों के हक और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने के उद्देश्य से सीटू की ओर से दिल्ली के रामलीला मैदान में तीन दिवसीय महापड़ाव आयोजित

रामलीला मैदान में तीन दिवसीय महापड़ाव, तापीय परियोजना के गेट नंबर दो पर पर्चा बांटकर मजदूरों से दिल्ली पहुंचने की अपील

किया जा रहा है। इसे सफल बनाने के लिए शुक्रवार 21 नवंबर को जिला संविदा श्रमिक यूनियन सीटू के पदाधिकारियों ने अनपरा तापीय परियोजना के गेट नंबर दो पर मजदूरों के बीच पर्चा वितरित कर उनसे अधिक से अधिक संख्या में महापड़ाव में शामिल होने की अपील की। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने मजदूरों को महापड़ाव के उद्देश्य और उनकी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि श्रमिकों के अधिकारों, उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की एकजुटता ही उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूती दे सकती है। जिला संविदा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महापड़ाव के दौरान सोनभद्र के मजदूरों की समस्याओं और उनके साथ हो रहे शोषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनभद्र में मजदूरों का शोषण लगातार जारी है और श्रम कानूनों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इसके बावजूद संबंधित जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं और श्रम कानूनों के उल्लंघन को लेकर संगठन लगातार पत्रों के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराता रहा है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

दलदल बने गड्ढे में फंसा राख लदा हाइवा

बीजपुर(सोनभद्र)। बीजपुर-बैढ़न मुख्य मार्ग पर स्थित पुनर्वास प्रथम बस्ती के पास शुक्रवार शाम करीब चार बजे राख लदे एक हाइवा के दलदल में फंस जाने से भीषण जाम लग

२४ घंटे से लगा पांच किलोमीटर लंबा जाम, ग्रामीण घरों में कैद

गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की करीब पांच किलोमीटर लंबी कतार लग गई। करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आवागमन पूरी तरह बहाल नहीं हो सका है जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार एनटीपीसी रिहंद से राख लेकर जा रहा एक हाइवा शुक्रवार शाम पुनर्वास प्रथम के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे और बारिश के कारण हुए दलदल में फंस गया। भारी वाहन के बीच सड़क पर फंसने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। जाम इतना भीषण है कि पुनर्वास बस्ती के लोगों के घरों के ठीक सामने बड़े वाहन खड़े हो गए हैं जिससे ग्रामीण अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं।

दो दुकानों से हजारों की चोरी

कोन(सोनभद्र)। स्थानीय कस्बे के देवाटन चौराहे पर पुलिस की पिंक बूथ से महज 50 मीटर की दूरी पर शुक्रवार की रात चोरों ने पुलिस सुरक्षा को चुनौती देते हुए

छत का सीमेंटेड चादर, फाल्स सीलिंग तोड़कर दुकानों में घुसे चोर, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दो संदिग्ध

एक साथ दो दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने छत का सीमेंटेड चादर और फॉल्स सीलिंग तोड़कर राजू आभूषण एवं बर्तन भंडार तथा अयोध्या किराना स्टोर में प्रवेश किया और दोनों दुकानों के काउंटर में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। खास बात यह है कि चौराहे पर पुलिस का सीसीटीवी कैमरा लगा है, जबकि एक दुकानदार के कैमरे में दो संदिग्ध दुकान के अंदर घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, राजू आभूषण एवं बर्तन भंडार के संचालक शुक्रवार की रात रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। ऊपर देखने पर पता चला कि चोरों ने फॉल्स सीलिंग काटकर सीमेंट की छत का चादर हटाया और दुकान में प्रवेश किया था। दुकान में घुसे चोर काउंटर में रखे करीब पांच हजार रुपये नकद उठा ले गए। वहीं, चौराहे पर लगे पुलिस के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी जांच के दायरे में है। थाना निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सेंट एबीआर पब्लिक स्कूल में लगा शिक्षा, करियर मार्गदर्शन मेला

रेणुकूट(सोनभद्र)। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसरों से परिचित कराने और उनके भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से शनिवार को सेंट एबीआर पब्लिक स्कूल रेणुकूट में शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आकाश सिंह एवं ग्लोबल एजुकेशन एंड स्किल सोसाइटी जीईएसएस लखनऊ के अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए 13 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति तथा रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शराब के नशे में धुत होकर हंगामा करने वाला गिरफ्तार

बीना(सोनभद्र)। स्थानीय क्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा और गाली-गलौज करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। यह घटना शुक्रवार की रात करीब 8से 9 बजे के बीच की है।बताया गया कि बीना कालोनी बरवानी क्षेत्र के अमन कुमार सिंह पुत्र राघवेंद्र सिंह शराब पीकर घूम रहा था और रास्ते से गुजरने वालों के साथ गाली गलौज कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार करते हुए धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया। पुलिस ने उसकी वाहन को सीज कर दिया। अमन कुमार सिंह एन.सी.एल बीना परियोजना में संविदा में चालक के पद पर कार्य करता है। चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी ने बताया कि बाइक को चीज कर अमन कुमार सिंह का 151 में चलान कर दिया है।

पंचतत्व में विलीन मां को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

अनपरा(सोनभद्र)। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश इकाई की वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। वर्चुअल बैठक में पूज्य योगी की मां के निधन पर शोक संवेदना जताया। इस मौके पर धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिओम पाठक ने कहा कि जब-जब देश दुनिया में योगी आदित्यनाथ की चर्चा होगी, तब तब यह उत्सुकता बनेगी कि,इतने महान व्यक्ति की माँ कौन थी।

हादसे में जान गंवाने वाले बाबूलाल का शव घर पहुंचा

बीजपुर(सोनभद्र)। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के डूमरडिहा में गुरुवार को हुए दर्दनाक ट्रैक्टर हादसे में जान गंवाने वाले युवक बाबूलाल का शव शनिवार को करीब 48 घंटे बाद जैसे ही उसके ननिहाल रजमिलान पहुंचा घर में कोहराम मच गया। शव देखते ही परिजन दहाड़ें मारकर रोने लगे, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि गुरुवार को डूमरडिहा में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलट जाने से चालक समेत तीन लोग उसके नीचे दब गए थे। इस भीषण दुर्घटना में बाबूलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था। शनिवार को पोस्टमार्टम व अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। बताया जाता है कि मृतक बाबूलाल मूल रूप से बीजपुर थाना क्षेत्र के अंजानी गांव का निवासी था। कुछ समय पूर्व ही उसके माता-पिता का देहांत हो चुका था जिसके बाद से वह अपने ननिहाल रजमिलान में रहकर जीवनयापन कर रहा था। युवक की असमय मौत से ननिहाल पक्ष के लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

बभनी(सोनभद्र)। विकास खंड बभनी के ब्लाक संसाधन केंद्र पर शनिवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव का शिक्षक संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। आदर्श शिक्षकध्शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन बभनी की ब्लाक इकाई के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट किया। इससे पूर्व नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने प्राथमिक विद्यालय डूभा का निरीक्षण किया। इसके बाद ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित स्वागत समारोह में आदर्श शिक्षक,शक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही प्राथमिक शिक्षक संघ बभनी, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ बभनी और शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने भी नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। इस मौके पर सैयद अफजल अहमद, रविन्द्र नारायण पाण्डेय, सुजीत पांडेय, रामचन्द्र, शकीर अख्तर, प्रवीण कुमार सिंह, मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।

युवाओं में बौद्धिक ज्ञान बढ़ाने की जरूरत

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर विकास खंड क्षेत्र के गोविंदपुर स्थित सामाजिक संस्था बनवासी सेवा आश्रम में शुक्रवार को तीन दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर के दौरान युवाओं को भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों, संवैधानिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। आश्रम की मंत्री शुभा प्रेम बहन जी ने सिंगरौली के इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि यह क्षेत्र एक ओर घने जंगलों और दूसरी ओर उपजाऊ कृषि भूमि के लिए प्रसिद्ध था। इस मौके पर रमेश कुमार, मनोज यादव, जगमति बहन, निर्मला, आशीष मौजूद रहे।

मिशन शक्ति पिकेट, चेक पोस्ट का उद्घाटन

बीजपुर(सोनभद्र)। कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अंतरराज्यीय सीमा पर निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम बीजपुर क्षेत्र को दो महत्वपूर्ण सौगातें मिलीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर सहानी ने थाना परिसर में नवनिर्मित मिशन शक्ति पिकेट और उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश सीमा से सटे सिरसोती गांव के पास स्थापित पुलिस चेक पोस्ट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री सहानी ने कहा कि अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र होने के कारण यहां पुलिस चेक पोस्ट की लंबे समय से अति आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके शुरू होने से सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी।

आंदोलन, आश्वासन बेअसर, अब चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी

विंढमगंज(सोनभद्र)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रांचीदृचोपन एक्सप्रेस एवं स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के ठहराव की मांग वर्षों से उठ रही है, लेकिन आंदोलन और रेलवे प्रतिनिधियों व जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बावजूद अब तक मांग पूरी नहीं होने से क्षेत्रीय जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को आगामी चुनाव में प्रमुख मुद्दा बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। विंढमगंज स्टेशन पर दोनों महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए 15 किलोमीटर दूर झारखंड राज्य के नगर उंटारी स्टेशन जाने में सैकड़ो रुपए किराया खर्च करने के साथ समय की भी बर्बादी होती है।

मारकुंडी के प्रसिद्ध बेचुबीर मेले का समापन

मारकुंडी(सोनभद्र)। मारकुंडी टोला कोनियवां स्थित आदिवासी बहुल क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था और विश्वास के केंद्र बेचुबीर धाम में आयोजित तीन दिवसीय मेला मझरी बजने के बाद पूजा-अर्चना के साथ सकुशल सम्पन्न हो गया। मेले का आयोजन ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव के कुशल नेतृत्व में किया गया। बेचुबीर धाम में पहाड़ी और ग्रामीण अंचलों के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बेचुबीर धाम के चौरा पर माथा टेककर अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। मेले में विशेष रूप से भूत-प्रेत बाधा से परेशान लोगों की भी भीड़ लगी रही। संतान की कामना लेकर पहुंची महिलाओं ने भी धाम में श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। इस मौके पर पुजारी सूरज यादव, राजकुमार यादव राजाराम यादव, बचऊ, सुरेश अगरिया, सुनील, जयमत, फगु, रामधनी यादव, विजय मौजूद रहे।

स्नातकों के हक की आवाज सदन में उठाऊंगा-आशुतोष

सोनभद्र। स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा चुनाव जीतने के बाद पहली बार समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे तो पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने स्वागत के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि उन कार्यकर्ताओं और स्नातक मतदाताओं की है, जिन्होंने उन पर भरोसा जताया। जनता ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। स्नातक वर्ग की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाने के साथ ही उनके

चुनाव जीतने के बाद पहली बार सपा कार्यालय पहुंचे स्नातक एमएलसी

अधिकारों और हितों के लिए लगातार संघर्ष करेंगे। जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव ने कहा कि आशुतोष सिन्हा की जीत पार्टी



कार्यकर्ताओं की मेहनत और स्नातक मतदाताओं के भरोसे का परिणाम है। उनके नेतृत्व और अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी।
सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि आशुतोष सिन्हा सदन में स्नातक वर्ग की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। उनकी जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, रमेश चंद्र दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय यादव, रविंद्र बहादुर सिंह पटेल, श्याम बिहारी यादव, मो. सईद कुरैशी, जय प्रकाश पांडेय चेखुर, डॉ. लोकपति सिंह पटेल, राम भरोसे पटेल, चौधरी यशवंत सिंह, अनिल प्रधान, अशोक पटेल मौजूद रहे।

हिंडालको रेनुसागर में पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर शिविर का शुभारंभ

अनपरा(सोनभद्र)। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन में हिंडालको रेनुसागर के तत्वावधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह में पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर एवं सुजोक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हिंडालको रेनुसागर के मेंटेनेंस हेड जगदीश पात्रा, हेड एचआर आशीष पांडेय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकुल बिंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर हिंडालको रेनुसागर के मेंटीनेंस जगदीश पात्रा ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सुखी एवं सफल जीवन का आधार है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अनियमित दिनचर्या, तनाव और खानपान की गलत आदतों के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर एवं सुजोक जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद महत्वपूर्ण है। हेड एच आर आशीष पांडेय ने कहा कि हिंडालको रेनुसागर प्रबंधन कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस पांच दिवसीय शिविर का उद्देश्य केवल उपचार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने लाभार्थियों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली सलाह को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

मतदेय स्थलों पर आयोजित हुआ विशेष अभियान दिवस

पंजीकरण से छूटे पात्र नागरिकों विशेषकर युवाओं, महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष जोर

आजमगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के

सहूलियत

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यूपीएस जाफरपुर, गेलवारा,भदुली सहित विभिन्न मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में नागरिकों की सुविधा के लिए जनपद में विशेष अभियान दिवस आयोजित हुआ। उन्होंने समस्त एसडीएम/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष अभियान दिवसों का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया



जाए तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन कराया जाए।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत शनिवार को जनपद के सभी 4,361 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय जाफरपुर भाग संख्या- 211, 212 व 213 ,प्राथमिक विद्यालय गेलवारा-262 व 263, प्राथमिक विद्यालय भदुली-265 बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीएलओ को निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अपील किया कि जनपदवासी अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम अवश्य जांचें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता का पंजीकरण जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ के पास 17 नवंबर को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध है। जिससे नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जांचा। बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 उपलब्ध रहें। नागरिकों की सुविधाओं एवं उनकी जिज्ञासाओं तथा आवेदन में सहयोग के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी सक्रिय रहा। नागरिकों की जिज्ञासाओं के समाधान एवं आवश्यक जानकारी तथा सहायता उपलब्ध कराने के लिए जनपद स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 1950 भी सक्रिय हैं।

आज भी सभी ४,३६१ मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान

आजमगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 22 नवंबर को भी जनपद के सभी 4,361 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 से चार बजे तक उपस्थित रहेंगे। विशेष अभियान दिवस पर नागरिक अपने मतदेय स्थल पर पहुंचकर आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। नाम दर्ज न होने पर फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़वाने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। उन्होंने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं को शामिल कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पूर्व व वर्तमान ग्राम प्रधानों एवं सभासद एवं स्थानीय स्वयंसेवकों का सहयोग लिया जाए। सामाजिक संगठनों को भी अभियान से जोड़कर पात्र नागरिकों तक जानकारी पहुंचाई जाए। जिससे अधिक से अधिक लोग इन विशेष अभियान दिवसों का लाभ उठा सकें।

प्रेम नारायण के प्रेम को भुलाया नहीं जा सकता- साहबदीन यादव

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। जैसा नाम, वैसा ही कर्म था संत प्रेम नारायण लाल का। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, मर्यादा, समर्पण और मानवीय मूल्यों को समर्पित रहा। उन्होंने प्रेम का जो बीज अपने परिवार में ही नहीं, बल्कि पड़ोस, क्षेत्र, जनपद और दूर-दराज तक बोया, वह आज एक विशाल प्रेम-बगीचे के रूप में फलता-फूलता दिखाई दे रहा है। उनके व्यक्तित्व में आत्मीयता और अपनत्व का ऐसा भाव था, जिसे सत्संग में उपस्थित दर्जनों प्रेमियों और शुभचिंतकों ने अपने संस्मरणों के माध्यम से साझा किया। वास्तव में, प्रेम के प्रेम को भुलाया नहीं जा सकता।

यह बातें निरंकारी प्रचारक साहबदीन यादव ने शनिवार को बिन्द्रा बाजार स्थित प्रेम नगर मुहल्ले में निरंकारी संत प्रेम नारायण लाल की स्मृति में आयोजित 10वें प्रेरणा दिवस पर सत्संग में कही। इसके बाद काव्य गोष्ठी में रोहित अस्थाना, सतीश, सूर्यनाथ, टीडी बांवला, सुभाष चंद्र अस्थाना, डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार अस्थाना एवं कमलेश अस्थाना ने अपनी रचनाओं के माध्यम से संत प्रेम नारायण लाल के जीवन, व्यक्तित्व, आध्यात्मिक चिंतन और प्रेममय दर्शन को स्मरण किया। इस अवसर पर प्रेम नारायण लाल की धर्मपत्नी सरोज कुमारी अस्थाना, सुपुत्र डॉ. पुष्पेन्द्र अस्थाना एवं भूपेन्द्र अस्थाना, प्रपौत्र रोहित अस्थाना एवं आर्यमन अस्थाना, कृष्ण कुमार भगत, हरिश्चन्द्र, प्रकाश, अरुण कुमार भगत, राजेश अस्थाना, वीरेन्द्र यादव, सुभाष यादव, धर्मेन्द्र सिंह, वंदना सिंह, सीमा अस्थाना, सुभाष अस्थाना, सूर्यनाथ एवं रितेश आदि उपस्थित रहे।

महिला की स्कार्पियो की टक्कर से महिला की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोमाडीह गांव के समीप शुक्रवार को

गंभीरपुर क्षेत्र के गोमाडीह गांव के समीप हुआ हादसा, वाहन समेत चालक फरार

स्कार्पियो की टक्कर से शादी समारोह में शामिल होने आई महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अरारे गांव निवासी 24 वर्षीय श्वेता शुक्रवार को अपने पति रवि राम और बच्चे के साथ मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने गोमाडीह गांव निवासी अरविंद राम के घर आई थी। शादी समारोह के दौरान कुछ रुपयों की जरूरत पड़ने पर आधार कार्ड लेकर गोमाडीह बाजार स्थित जनसेवा केंद्र पर रुपये निकालने जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल श्वेता को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शादी समारोह में शामिल होने आए स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था। जिस घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां महिला की मौत से मातम पसर गया। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

फूलपुर, आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम करीब 4.40 बजे अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने ग्राम मड़वा, थाना शाहगंज, जौनपुर निवासी 27 वर्षीय मुन्ना पुत्र मंतलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल की हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मृतक मुन्ना दो भाइयों में बड़ा था। इसी वर्ष फरवरी माह में उसका विवाह हुआ था। शादी के कुछ ही महीनों बाद हुए इस हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डीआईजी, एसपी ने जनगणना में सक्रिय सहभागिता का दिया संदेश

आजमगढ़। जनगणना-2027 के प्रति जनजागरूकता एवं जनसहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्दी दिवस के

वर्दी दिवस पर अधिकारियों, कर्मचारियों को भी स्व-गणना को किया प्रेरित



अवसर पर शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) सुनील कुमार सिंह ने स्वयं स्वगणना कर आमजन एवं पुलिस बल को जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह एवं मनीष कुमार चौहान ने स्वगणना की प्रक्रिया पूरी कराई। डीआइजी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्वगणना करने तथा दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी राजीव कुमार शुक्ला ने एसपी डा. अनिल कुमार से शिष्टाचार भेंट कर जनगणना की प्रक्रिया, स्वगणना की उपयोगिता एवं निर्धारित समय सारिणी के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के माध्यम से जनगणना के प्रति व्यापक जागरूकता एवं सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर जनगणना को देश की विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित नियोजन एवं जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण की आधारशिला बताते हुए प्रत्येक परिवार की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया गया।

साइबर ठगी के शिकार के खाते में तीन हजार वापस

आजमगढ़। बरदह थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में तीन हजार रुपये वापस कराकर राहत दी है। ग्राम अहिरौली निवासी अमन यादव पुत्र नगीना यादव ने 9 जून को इंस्टाग्राम पर ट्रेन टिकट बुकिंग का विज्ञापन देखकर ऑनलाइन टिकट बुक करने का प्रयास किया था। इसी दौरान अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा टिकट बुकिंग के नाम पर 3 हजार की धोखाधड़ी कर ली गई। पीड़ित द्वारा 10 जून को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। साइबर डेस्क द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी की पूरी धनराशि होल्ड कराई गई तथा मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल के माध्यम से पीड़ित के खाते में वापस कराए गए। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार, एसआई मनीष सिंह एवं आरक्षी आरती सिंह ने योगदान दिया।

चैन स्नेचिंग का प्रयास करने वाली दो महिलाओं को दबोचा

बिलरियागंज, आजमगढ़। क्षेत्र के ग्राम मोलनापुर मोड़ नहर पुलिया के पास एक महिला के गले से सोने की चैन छीनने का प्रयास करने वाली दो महिलाओं को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि शुक्रवार को ग्राम मोलनापुर मोड़ नहर पुलिया के पास दो महिलाओं द्वारा एक महिला के गले से सोने की चैन छीनने का प्रयास किया गया और पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय नागरिकों की सहायता से दोनों महिलाओं को मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा एवं एसआई संतोष कुमार पाठक ने महिला आरक्षियों के साथ दोनों को हिरासत में ले लिया। पकड़ी गई महिलाओं में मीरा पत्नी राजेश निवासी ग्राम बेलकुण्डा, थाना रौनापार तथा संध्या पत्नी अरुण निवासी ग्राम काखभार तेन्दुआ, थाना बिलरियागंज शामिल हैं। दोनों के खिलाफ पूर्व में कई मामले दर्ज बताए गए हैं।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक गिरफ्तार

आजमगढ़। गम्भीरपुर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह की टीम ने शनिवार को दिन के लगभग साढ़े ग्यारह बजे उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में वांछित मोबिन पुत्र अब्बास अली निवासी ग्राम चुड़िहार मोहल्ला, थाना सरायमीर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम छाऊं से गिरफ्तार कर लिया। नौ अक्टूबर को ग्राम कमरावां निवासी अब्दुल्ला द्वारा आरिफ पुत्र अब्दुल वहाब एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से बार-बार जान से मारने की धमकी देने के संबंध में शिकायत की गई थी। विवेचना के दौरान सचिन राय एवं मोबिन पुत्र अब्बास अली के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने गैंगचार्ट अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी के समक्ष प्रेषित किया। जिलाधिकारी द्वारा 13 नवंबर को गैंगचार्ट अनुमोदित किए जाने के उपरांत अभियोग पंजीकृत किया गया।

दान पेटिका तोड़कर चोरी का आरोपी चढ़ा हत्थे

आजमगढ़। सरायमीर थाने के एसआई विद्याकान्त सिंह की टीम ने शनिवार को मंदिर की दान पेटिका तोड़कर रुपये चोरी के मामले में आरोपी को बस्ती बाजार स्थित एक मंदिर के पास से घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ज्ञानप्रकाश यादव उर्फ ज्ञानू पुत्र शोभनाथ यादव निवासी जगदीशपुर, थाना फूलपुर बताया। उसके कब्जे से तलाशी के दौरान चोरी के 452 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि 19 नवंबर को दोपहर में करछा मंदिर की दान पेटिका से लगभग 12-13 सौ रुपये चोरी किए थे, जिसमें से अधिकांश रुपये खर्च कर दिए तथा शेष 452 रुपये उसके पास बचे थे। इस मामले में 20 नवंबर को लखन्दर यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी करछा ने तहरीर दी थी कि 19 नवबंर को दिन के करीब 12.44 बजे अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में घुसकर दान पेटिका तोड़ दी गई तथा उसमें रखी धनराशि चोरी कर ली गई।

शिप्रा मौर्य बनीं भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। विकास खंड मुहम्मदपुर के ग्राम पंचायत वैराडीह उर्फ गंभीरपुर निवासी मनीष मौर्य के छोटे भाई प्रोफेसर डॉ. अवधेश मौर्य की पत्नी शिप्रा मौर्य को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों और समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बताते चलें कि मनीष मौर्य एवं प्रोफेसर डॉ. अवधेश मौर्य के परिवार का प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से पारिवारिक संबंध है। बीते 5 सितंबर को मनीष मौर्य के पिता स्वर्गीय रामसमुझ मौर्य के निधन के बाद 16 सितंबर को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे। इसके बाद से ही यह परिवार क्षेत्र में चर्चा में रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति से महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय की ओर से गोरखपुर क्षेत्र की कार्यकारिणी घोषित किए जाने के बाद शिप्रा मौर्य को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

रामलीला के समापन पर नाटक वह कल की प्रस्तुति

मार्टीनगंज, आजमगढ़। नव शक्ति रामलीला कमेटी द्वारा लल्लूगंज सुहैली के राजभर चौक के पास शुक्रवार की रात भरत मिलाप के साथ समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नाटक वह कल के मंचन के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समाजवादी चिंतक रामदुलार यादव व समाजसेविका फूलमती यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। सभी ने प्रस्तुत नाटक वह कल की सराहना की। रामदुलार यादव ने कहा कि नाट्य कला ज्ञान के प्रकाश को फैलाने का काम करते हैं। बदरे आलम, सुलुर प्रजापति, शिवम यादव, धर्मेंद्र भारद्वाज, कमलेश गुप्ता, सचिन भारद्वाज, विपिन प्रजापति, मनोज यादव आदि ने आयोजन में सहयोग किया।

त्योहारों पर सफाई अभियान में दिया योगदान, सभासदों का सम्मान

आजमगढ़। त्योहारों पर सफाई अभियान में सक्रिय योगदान देने के साथ नगर के विकास और जनसेवा में

नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर और ईओ डॉ. ब्रिजेश सिंह ने किया सम्मानित



महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण नगर पालिका परिषद में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों के सभासदों के साथ मनोनीत सभासदों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूर और अधिशासी अधिकारी डॉ. ब्रिजेश कुमार सिंह ने सभासदों को सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारे, एकजुटता और शहर के सर्वांगीण विकास का संदेश दिया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नगर के विकास की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है, जब नगर पालिका प्रशासन और सभासद आपसी समन्वय के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करें। वार्डों में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली और अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में सभासदों की भूमिका बेहद अहम है। सम्मान समारोह का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों के इसी योगदान को प्रोत्साहित करना और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर सदस्य जिला योजना समिति एवं गुरुटोला-अनंतपुरा वार्ड के सभासद मोहम्मद अफजल, सभासद एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, विजय चन्द यादव, महताब कुरैशी, अतुल सिंह, संतोष चौहान, मिथुन निषाद, मनोज यादव, पुनीत राय, विशाल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में वर्तमान एवं पूर्व सभासद तथा मनोनीत सभासद मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से घायल पूर्व प्रधानाचार्य की बीएचयू में मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बरवा मोड़ (उंचवा रसूलपुर गांव) के पास

पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मारने के बाद मौके से फरार

चार दिन पूर्व बाइक की टक्कर से घायल पूर्व प्रधानाचार्य 70 वर्षीय विशंभर यादव की शनिवार सुबह वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के उमरी गनेशपुर गांव निवासी विशंभर यादव किसान इंटर कॉलेज बहादुरपुर भोपालपुर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थे। सेवानिवृत्त होने के बाद वह गांव में ही रह रहे थे। बुधवार की शाम वह पैदल गोसाईं की बाजार जा रहे थे। आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर उंचवा रसूलपुर गांव के पास बरवा मोड़ पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में विशंभर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें लालगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर ले गए, जहां शनिवार की सुबह उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के तीन बेटे और एक बेटी हैं।

पुरुषों में डीएवी और महिलाओं में रग्घुपुर पीजी कॉलेज ने बाजी मारी

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार के निर्देशन एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. अमरजीत व महाविद्यालय के आयोजन सचिव डॉ. अमित कुमार सिंह की देखरेख में पेंचक सिलाट प्रतियोगिता डीएवी पीजी कॉलेज के बड़े हाल में आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में डीएवी एवं महिला में रग्घुपुर पीजी कॉलेज ने प्रथम स्थान पाकर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पीसी यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें शामिल हुई, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, डीएवी पीजी कॉलेज, रग्घुपुर पीजी कॉलेज, आजमपुर पीजी कॉलेज, गोनापुर पीजी कॉलेज, राजदेव कृषक पीजी कॉलेज, मां शारदा पीजी कॉलेज खुर्रामपुर, अग्रसेन महिला महाविद्यालय ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगी जिले की शौर्यमी

आजमगढ़। मध्य प्रदेश में 25 से 29 नवंबर तक आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय बैडमिंटन अंडर-14 छात्र-छात्रा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली उत्तर प्रदेश की टीम में आजमगढ़ की होनहार खिलाड़ी शौर्यमी सिंह का चयन हुआ है। बैडमिंटन के अंपायर अजेंद्र राय ने बताया कि शौर्यमी सिंह श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पत्र के क्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक, बरेली मंडल द्वारा प्राप्त चयनित खिलाड़ियों की सूची के आधार पर उत्तर प्रदेश की टीम घोषित की गई है। इसमें अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 10 खिलाड़ियों को स्थान मिला है। बालिका वर्ग में शौर्यमी सिंह के चयन से आजमगढ़ के खेल जगत एवं बैडमिंटन प्रेमियों में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि जिले की उभरती हुई खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक है। जारी निर्देश के अनुसार चयनित खिलाड़ियों एवं टीम कोच/मैनेजर को 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान, स्टेडियम (मकबरा) अयोध्या में उपस्थित होना अनिवार्य है।

अतरौलिया पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

अतरौलिया, आजमगढ़। थाना अतरौलिया पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शनिवार को पांच वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटियों में एक एससी/एसटी एक्ट तथा चार महिला संबंधी मामलों में न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट से संबंधित हैं। एसआई विश्राम गुप्ता की टीम ने अंकुर यादव उर्फ शिवम पुत्र फूलचन्द निवासी सिकन्दपुर, एसआई सुरेन्द्र कुमार की टीम ने शिवकुमार राजभर पुत्र वंशराज, संतोष राजभर पुत्र वंशराज एवं मीरा पत्नी शिवकुमार निवासीगण भुड़कुडा को उनके घर से गिरफ्तार किया। एसआई सुरेन्द्र कुमार की टीम ने डीपी एक्ट से संबंधित जयकिशन पुत्र शिवनाथ निवासी कड़सरा को उसके घर से पकड़ा।

भगवती प्रसाद सिंह की वीरता और बलिदान को किया गया नमन

अतरौलिया, आजमगढ़। भारत-चीन युद्ध 1962 में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगवती प्रसाद सिंह के शहादत दिवस पर शनिवार को क्षेत्र के मदियापार स्थित शहीद पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्रीय लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जय नाथ सिंह तथा विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र सिंह रहे। गायक कलाकार दुष्यंत शुक्ला ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों में राष्ट्र प्रेम का जज्बा जगाया। वहीं आरपीएस इंटर कॉलेज नाऊपुर और मदर इसरावती पब्लिक स्कूल मदियापार की छात्राओं ने मनमोहक



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। शौर्य संगठन मंडल आजमगढ़ की टीम भी शामिल रही। भारत-चीन युद्ध के दौरान राजपूत बटालियन में तैनात भगवती प्रसाद सिंह थे और लेह-लद्दाख क्षेत्र में अपने साथियों के साथ चीनी सेना का मुकाबला कर रहे थे। उनके नेतृत्व में भारतीय जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन सेना को कड़ी चुनौती दी। इसी दौरान चीनी सेना ने बमवर्षक विमानों से भारी बमबारी की, जिसमें 21 नवंबर 1962 को भगवती प्रसाद सिंह और उनकी टोली के कई जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। इस अवसर पर सुभासपा नेता अरुण राजभर ने भी शहीद को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। वहीं शहीद परिवार से जुड़े भोजपुरी अभिनेता अथर्व सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि उनके नाना ने देश सेवा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। अध्यक्षता कैप्टन हरिहर सिंह तथा संचालन कवि भाल चंद्र त्रिपाठी ने किया। आयोजक डॉ. राजेंद्र सिंह तथा शहीद की इकलौती पुत्री सुदामा देवी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शहीद सौदागर सिंह की पौत्रवधू अंजना सिंह, प्रशांत सिंह, नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र जायसवाल, प्रवीण सिंह, डॉ. शिवाजी सिंह, प्रेम प्रकाश राय, नागेंद्र सिंह, कैप्टन दुलारे, हरीश तिवारी, संतोष यादव, विश्व प्रकाश सिंह मुन्नू, डॉ. राजेंद्र प्रसाद , विवेक कुमार, रवि अग्रवाल, संदीप सिंह, अभिनेत्री अंजना, अभिनेता प्रशांत , अनुराग सिंह, पुष्पेंद्र, शिवम, सत्येंद्र, आकाश सिंह, दीपक सिंह, विपिन सिंह और राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जगाया राष्ट्र प्रेम का जज्बा

प्रतिभा निकेतन, चिल्ड्रेन हायर सेकेण्डरी स्कूल की टीम ने मारी बाजी

विजेता युवाओं, दलों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से किया गया सम्मानित

आजमगढ़। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में प्रतिभा निकेतन इण्टर

प्रतियोगिता

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग के अंतर्गत युवा उत्सव का आयोजन

कालेज, अटलस पोखरा में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (राष्ट्रीय युवा उत्सव) के अंतर्गत जनपद स्तरीय आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने ज्ञान की देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सुल्तान सिंह ने मुख्य



अतिथि, निर्णायक मण्डल के सदस्यों तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागी कलाकारों का स्वागत करते हुए युवा उत्सव के उद्देश्यों एवं रूपरेखा पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

पांच विधाओं समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, समूह नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग तथा कविता लेखन में जनपद स्तरीय आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित मुख्य थीम नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत पर आधारित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रचनात्मकता के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। समूह लोक नृत्य में प्रतिभा निकेतन इण्टर कॉलेज, समूह

मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में आज विजेताओं को मिलेगा प्रतिभाग का मौका

लोक गीत में चिल्ड्रेन हायर सेकेण्डरी स्कूल, समूह नुक्कड़ नाटक में प्रतिभा निकेतन इण्टर कॉलेज के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. निशा यादव विभागाध्य संगीत अग्रसेन महिला महाविद्यालय, गायिका सपना बनर्जी, रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा, डॉ. संजय प्रवक्ता, प्रीती श्रीवास्तव प्रवक्ता, आरएस तिवारी प्रवक्ता शामिल रहे। पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राजनेति सिंह ने विजेता युवाओं एवं दलों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।जिला युवा कल्याण अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता युवा 22 नवंबर को प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज में आयोजित होने वाले मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही माय भारत पोर्टल पर निबंध प्रतियोगिता के आधार पर चयनित 38 प्रतिभागियों द्वारा इसी स्थल पर चैलेंज ट्रैक डिस्ट्रिक्ट चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया जाएगा। इस अवसर विद्यालय के प्रबंधक रामाकांत वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी अनीश कुमार मौर्य, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी अखिलेश्वर मौर्य, विवेक रंजन यादव, रोहित कुमार यादव आदि का सहयोग रहा।

अहमदाबाद में जिले के होनहारों ने झटके २४ पदक

आजमगढ़। गुजरात के अहमदाबाद स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में 12 से 18 नवंबर तक

अभिभावकों और शुभचिंतकों ने भंवरनाथ मंदिर परिसर में किया स्वागत

आयोजित 17वीं नेशनल कूडो टूर्नामेंट, 18वीं अक्षय कुमार कूडो इंटरनेशनल टूर्नामेंट और 7वीं फेडरेशन कूडो कप 2026-27 में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 24 पदक अपने नाम किए। कोच संजय यादव एवं देवेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में टीम ने 7 स्वर्ण, 4 रजत और 13 कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। राष्ट्रीय कूडो में प्रगति साहू व पार्थ बरनवाल ने स्वर्ण, आराध्या यादव व तेजस राय ने रजत तथा सृजा चौबे, सान्वी चतुर्वेदी, अचिंत्य पांडेय, प्रियंशु कन्नौजिया, आर्यन वर्मा व एहतेशाम

<image_

मुख्य सड़क पर जलभराव से नागरिक परेशान

मुगलसराय। नगर के आलूमिल-अलीनगर मुख्य मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं हुई। जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की आशंका जताई है। चंदौली जिले के इस मार्ग पर कई महीने पहले पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई थी। स्थानीय नागरिक अवधेश, सोनू, अशोक, अनिल, समर, गुड्डू, अमित और शरद ने बताया कि काम पूरा होने के बाद सड़क ठीक करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की थी। लेकिन गड्ढे ठीक से नहीं भरे गए और सड़क की मरम्मत भी नहीं हुई। लोगों के मुताबिक, सड़क धीरे-धीरे खराब होती गई और अब जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश और आसपास के पानी से इनमें जलभराव हो रहा है। पानी के कारण वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे वाहन अनियंत्रित होने और दुर्घटना की आशंका रहती है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के कारण गड्ढों का आकार भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मुख्य मार्ग होने के कारण यहां रोज बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं, फिर भी सड़क की मरम्मत नहीं हुई। उन्होंने संबंधित विभाग और अधिकारियों से सड़क का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

चला विशेष चेकिंग अभियान

मुगलसराय। रात्रि में यात्रियों के सुगम एवं सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए यातायात विभाग की ओर से चंदौली जनपद में शुक्रवार रात को राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लंबी दूरी की बसों को रोककर चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं चालक शराब के नशे में वाहन तो नहीं चला रहे हैं। अभियान के दौरान बसों में निर्धारित सीटों के सापेक्ष यात्रियों की संख्या भी जांची गई। अधिकारियों ने बस चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की हिदायत दी। साथ ही बसों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने से बचने की चेतावनी दी गई। यातायात विभाग के उपनिरीक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि रात्रि के समय शराब पीकर वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।



आलूमिल-अलीनगर मुख्य मार्ग पर जलभराव का एक दृश्य। छाया: आज

जन चौपाल में गूंजा महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा

चकिया। महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से जन जागरूकता एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य सुनीता श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद उपस्थित महिलाओं,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और बालिकाओं को संबोधित किया गया। जन चौपाल में उस समय महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया, जब पहाड़ी क्षेत्र से पहुंची बालिकाओं ने अपने इलाके में जुआरियों और शराबियों के बढ़ते उत्पात की शिकायत की। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने पुलिस अधिकारियों को शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि चकिया और नौगढ़ क्षेत्र में अब तक 16 बाल विवाह रुकवा, जा चुके हैं। क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार चौहान ने महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी महिला या बालिका के साथ घटना होने पर बिना संकोच पुलिस को सूचना दें। इसके लिए 1090, 112, 1076, 1930, 102, 101 और 108 नंबरों का उपयोग किया जा सकता है। । इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा, वन स्टॉप सेंटर चंदौली की प्रभारी दीक्षा अग्रहरी, चकिया केंद्र की प्रभारी मुस्कान सिंह, चाइल्ड लाइन की सोनी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

मठ के स्थापना दिवस पर भक्ति रस में डूबे श्रोता

दुल्हीपुर। सदुरु आनंद मठ, सीतापुर नई दांडी में स्थापना दिवस उत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ कबीर साहब के पूजन-अर्चन व भजन-कीर्तन के साथ हुआ। कार्यक्रम में भजन गायक दिलीप कुमार, ओमप्रकाश व इंदल दास की संकीर्तन मंडली ने अपने भक्तिमय गीतों से भक्ति रस घोल दिया। जब ओमप्रकाश ने अपनी मंडली के साथ ष्बीत गई गफलत में जिंदगानी रे, माही चादर हो गई पुरानी सुनाया तो श्रोतागण झूम उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलगादी कबीर चौरा के आचार्य महंत विवेक दास ने की। उन्होंने कहा कि कबीर साहब की वाणी को आत्मसात करने से ही आडंबर के कोहरे की चादर छटेगी और शांति व प्रगति मिलेगी। साहित्यकार डॉ. जयशंकर जय ने कबीर साहब को विद्रोही तेवर के निर्भीक कवि व समाज सुधारक बताया। मठ के महंत आनंद दास ने कहा कि संतों का जीवन मंगल की सद्भावना का दीप जलाना ही है। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन संत सदानंद दास छोटू महाराज ने किया। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तगण व क्षेत्रीय लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।



३० प्रार्थना पत्र में तीन का हुआ निस्तारण

चकिया तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस 30 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 3 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारियों से न्याय की गुहार को लेकर फरियादियों ने जमीन विवाद, जाति प्रमाण पत्र मे प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, साफ सफाई सहित विभिन्न मामले को लेकर फरियादियों ने प्रार्थना पत्र अधिकारियों को दिया उप जिलाधिकारी विकास मित्तल ने प्रार्थना पत्रों को संज्ञान में लेते हुए निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया और समय सीमा के अंदर गुणवत्ता युक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ अजीत सिंह चौहान, विकास खंड अधिकारी , विद्युत उपखंड अधिकारी सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम

चहनियां। ग्रामीण प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें जनपद, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने तथा युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करने के उद्देश्य से युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा शनिवार को मा खंडवारी देवी इंटर कॉलेज खेल मैदान चहनिया में विधायक खेल स्पर्धा 2026-27 के तीन दिवसीय खेल का शुभारंभ किया गया। जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल का आयोजन हुआ । 22 नवंबर कुश्ती, जूडो, भारोत्तोलन, फुटबॉल एवं 23 नवंबर को बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक एवं मां खंडवारी देवी कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी एवं वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल विधाओं में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राजन यादव क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धानापुर, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, राहुल कुमार वर्मा, रजनीश पांडे, सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। खेल का संचालन अनीश सिंह युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी चहनिया ने किया।

संक्षिप्त

१२ मीटर चौड़े सरकारी नाले पर अवैध कब्जा

मुगलसराय। अलीनगर मौजा मुगलचक में गुप्ता पेट्रोल पंप के पास स्थित 12 मीटर चौड़े सरकारी नाले पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। नाले की जमीन पर पक्का निर्माण होने से नाले की चौड़ाई घटकर मात्र दो से तीन मीटर रह गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले नाला 12 मीटर चौड़ा था। धीरे-धीरे उसके दोनों तरफ कब्जा किया गया और अब पक्का निर्माण कर दिया गया है। इससे नाले का पानी आगे नहीं बढ़ पाता है। नाला बंद होने से बरसात के दिनों में गुप्ता पेट्रोल पंप के आसपास और मुगलचक के मोहल्लों में जलभराव हो जाता है। गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है और लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार तहसील प्रशासन व संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अभी तक नाले की पैमाइश नहीं कराई गई और न ही अवैध निर्माण हटाया गया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि 12 मीटर चौड़े सरकारी नाले की पैमाइश कराकर अवैध निर्माण हटवाया जाए और नाले को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराया जाए।

विद्यार्थियों को दी भारतीय संविधान की जानकारी

चंदौली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली की ओर से शनिवार को एक स्वर, एक संविधान अभियान के अंतर्गत संविधान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में सुबह 8 बजे स्व. दामविलास सिंह शिक्षण संस्थान, पचफेड़वा में विद्यार्थियों के बीच संविधान विषयक परिचर्चा आयोजित हुई। कार्यक्रम में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नवनीत कुमार ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना, संविधान निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यार्थियों को संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया गया और सभी को संविधान के मूल्यों के प्रति निष्ठा रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक करना तथा उनमें संवैधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति समझ विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निलांजन चक्रवर्ती, उप प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह, सचिव नितेश कुमार सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

एआरटीओ,यातायात प्रभारी की संयुक्त काररवाई

मुगलसराय। एआरटीओ और यातायात प्रभारी की संयुक्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले 30 लोगों, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले पांच लोगों और तीन सवारी बैठाकर चलने वाले कई बाइक चालकों का चालान किया गया। इस दौरान एआरटीओ अभिषेक सिंह ने मानक विहीन तरीके से संचालित हो रही दो बसों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए चालान किया। अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की हिदायत दी। वहीं, नगर में अवैध वाहन स्टैंड को लेकर एआरटीओ ने सख्ती दिखाई। चकिया तिराहे पर वाहन संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वहां केवल सवारी उतारने और चढ़ाने तक ही वाहन खड़े किए जाएं। अनावश्यक रूप से वाहनों को खड़ा कर स्टैंड संचालित करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। संयुक्त अभियान के दौरान सड़क पर नियमों का उल्लंघन करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। अधिकारियों ने आगे भी अभियान जारी रखने की बात कही।

ग्राम पंचायतों में सैकड़ों हैंडपंप खराब

चंदौली। नौगढ़ ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में सैकड़ों हैंडपंप महीनों से खराब हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ हैंडपंपों का रिबोर नहीं हुआ, जबकि कुछ की मरम्मत न होने से पानी नहीं मिल रहा। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए दूसरे साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी रिकॉर्ड में हैंडपंपों की मरम्मत और रिबोर का काम पूरा दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान किया गया। उनका कहना है कि कई हैंडपंप अब भी खराब हैं। ग्रामीणों ने सरकारी धन के दुरुपयोग और काम में गड़बड़ी की जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि गांवों में हैंडपंप खराब हैं तो किन हैंडपंपों की मरम्मत और रिबोर कराया गया। उन्होंने यह भी पूछा कि भुगतान किसके सत्यापन पर हुआ और काम पूरा होने की रिपोर्ट किस आधार पर तैयार की गई। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधानोंए पंचायत सचिवों और विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी पवन कुमार यादव से भुगतान का मौके पर सत्यापन कराने और निष्पक्ष जांच की अपील की है। उन्होंने दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई करने और खराब हैंडपंपों को जल्द ठीक कराने की मांग भी की है।

तीन गोवंश बरामद,पांच तस्कर गिरफ्तार

सैयदराजा । सैयदराजा व थाना चंदौली पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान वध हेतु बिहार ले जाए जा रहे 3 गोवंशों को बरामद कर 5 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि फेसुडा की तरफ से एक सफारी गाड़ी दुधारी होते हुए मनराजपुर मार्ग से जानवरों को लादकर बिहार ले जा रही है। सूचना पर मनराजपुर तिराहा पर चेकिंग के दौरान टाटा सफारी स्ट्रोम वाहन को रोकने का प्रयास किया गयाए तो चालक ने भागने का प्रयास किया। वाहन की तलाशी में क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बांधकर ले जाए जा रहे 02 बछड़ा व 01 बछिया बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे गोवंशों को जौनपुर के सिरकोनी से लादकर वध के लिए बिहार ले जा रहे थे। इस सम्बंध में थाना सैयदराजा पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत् मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

विशेष लोक अदालतों की तैयारियों की समीक्षा

चंदौली। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्दौली विवेक त्रिपाठी के निर्देशन में अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष सं0 1 रामबाबू यादव की अध्यक्षता में 21 नवम्बर को अपरान्ह 01:30 बजे विडियों कान्फ्रेंसिग कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 28 नवम्बर को मोटर वाहन से संबंधित लंबित चालानों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालतों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष सं0 1 रामबाबू यादव द्वारा संबंधित न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विशेष लोक अदालतों में अधिकाधिक वादों एवं चालानों का निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए तथा संबंधित पक्षकारों को समय से सूचित करते हुए उन्हें आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादों एवं चालानों के निस्तारण हेतु प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त, आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। समस्त न्यायिक अधिकारियों को अधिकाधिक वादों का पूर्व से चिन्हांकन एवं प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामलों को निस्तारण हेतु तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत की तुलना में अधिकाधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उपरोक्त जानकारी पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली श्रीमती निकिता गौड द्वारा दी गयी।

जिला पंचायत सदस्य ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

धानापुर। क्षेत्र के सिद्धपीठ धाम खड़ान स्थित श्री श्री 1008 परमहंस बाबा प्रसन्नदास महाराज के पावन तपोभूमि पर बहेरी निवासी पिता अंगद बिंद माता तेतरा देवी की पुत्री कौशल्या देवी का विवाह खोर डुहिया निवासी बजरंगी बिंद पुत्र सेतू बिंद माता सोमरी देवी दोनों परिवारों के आपसी रजामंदी से खुशी खुशी के साथ संपन्न हुआ। नव युगल जोड़ो ने बाबा की पावन समाधी के आगे पूरी जिंदगी एक दूसरे का बनकर साथ साथ जीने रहने के भरोसे कसमों के साथ सात फेरे लिए सिद्धपीठ धाम में वर्ष 2007 से ही प्रति वर्ष माता पिता की इच्छा से कन्याओं के एकल विवाह अथवा गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जाता है। यह जिम्मेदारी धानापुर सेक्टर तीन के जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह प्रति वर्ष निभाते हैं। उन्होंने वर वधू को आशीर्वाद दिया एवं दोनों पक्षों को खुशी खुशी विदा किया। इस अवसर पर सहलू बिंद बचलू बिंद, मुरली बिंद, मनोहर बिंद, बसंत बिंद, अंगद, विजयी, बल्ली बिंद, राधिका, रेखा, सुरेखा, मानी देवी, राधिका, शहराजी, सुदामी देवी, हरिचरण, गोंड विनोद पांडे, शैलेंद्र सिंह, सहित कई दर्जन लोग उपस्थित रहे ।



बलुआ-धानापुर-जमानिया मार्ग को फोर लेन बनाने की मांग

धानापुर। जनपद चंदौली व वाराणसी को जोड़ने वाला सड़क मार्ग बलुआ - धानापुर वाया जमानिया टू -लेन बनने के बाद से यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है परिणाम स्वरूप इस मार्ग पर आये दिनों दुर्घटनाये हो रही है जिसमे कई लोग अपनी जान तक गवा चुके है। इस प्रकार बढ़ती दुर्घटनाओ से ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है ग्रामीणों ने इस टू लेन सड़क मार्ग को फोर लाईन बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से गुहार लगाई है। गौरतलब है कि बीते कई वर्षो पूर्व वाराणसी जनपद के बाबतपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से निकलकर चन्दौली जनपद के बलुआ घाट होते हुए चहनिया- धानापुर वाया जमानिया से बिहार प्रांत को जोड़ने वाला टू-लेन मुख्य सड़क मार्ग जिसकी दुरी लगभग 70-80 किमी होंगी स ग्रामीणों का कहना है कि जब से यह सड़क मार्ग बना है तब से इस मार्ग पर बड़े बड़े ट्रेलर ट्रक, व बसे सहित छोटे बड़े वाहनों का आवागमन बढ़ गया है क्यों कि इस मार्ग से वाराणसी से चन्दौली, गाजीपुर जनपद के अलावा जमानिया से बिहार राज्य के लोग यात्रा करते है। परिणाम स्वरूप दिनरात तेज रफ्तार वाहनों क़ा ताँता लगा रहता है पलक झपकते ही हवा की तरह वाहनों क़ा काफिला फर्राटे भरते हुए निकलते है सड़क के किनारे बसे गाँवो के लोगो के बूढ़े -बच्चे छात्र छात्राओं व महिलाओ में दहशत तो वही पैदल साईकिल व दो पहिया वालों राहगीरों का कलेजा मुंह को आ जाता है । ग्रामीणों ने बताया कि विगत वर्ष चंदौली सांसद बीरेंद्र सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र सौपकर इस मार्ग को फोर लेन किये जाने की मांग पर आश्वासन मिलने के बावजूद अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

रेलवे डाट पुलिया की जर्जर सड़क से हादसे का खतरा

पड़ाव। रेलवे डॉट पुलिया के अंदर से लेकर बाहर तक सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी गाड़ियों को भले ही आवागमन में ज्यादा दिक्कत न होए लेकिन दोपहिया और छोटी चारपहिया गाड़ियों के चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, सड़क जर्जर होने के बावजूद आसपास के दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण किया गया है। इससे पैदल चलने वालों के लिए रास्ता संकरा हो गया है। उन्हें मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। वहीं, रोजाना दोपहर दो से चार बजे तक नो-एंट्री खुलने पर वाहनों को एक-एक करके पुलिया से पास कराया जाता है। इस दौरान वाहनों की कतार लगने से जाम की स्थिति बन जाती है। यातायात व्यवस्था के चलते लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। इधर, 24 नवंबर को होने वाली देव दीपावली को देखते हुए दिन में नो-एंट्री व्यवस्था पूर्व की तरह लागू कर दी गई है। इससे क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया की सड़क लंबे समय से खराब है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से इसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत कराने, फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाने और यातायात व्यवस्था सुचारु करने की मांग की है।



४०८.३०करोड़ की लागत से बनेगा चंदौली का मुख्य नाला

चंदौली। नगर पंचायत के लोगों को जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत 408.30 लाख रुपये की लागत से नगर पंचायत के मुख्य नाले का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए विधायक रमेश जायसवाल ने क्षेत्रीय जनता की मौजूदगी में विधिवत शिलान्यास किया। लंबे समय से मुख्य नाले के निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे नगरवासियों में इस कार्य को लेकर खुशी देखने को मिली। नाले का निर्माण पूरा होने के बाद बरसात के मौसम में जल निकासी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। अभी तक समुचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान कई स्थानों पर पानी जमा होने और गंदगी फैलने की समस्या बनी रहती थी। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

मतदाता सूची को दुरुस्त करने निकले एसडीएम

इलिया । लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उपजिलाधिकारी चकिया विकास मित्तल ने क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर जमीनी हकीकत परखी। उन्होंने मंगरौर, मालदह, सैदूपुर, हाटां, कलानी और गांधी नगर समेत आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ से नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रगति जानी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए भरे जा रहे फार्म-6 की स्थिति की जानकारी ली। इसके अलावा मतदाता सूची से नाम हटाने, नाम व पते में संशोधन तथा अन्य त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण अभियान में पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पात्र नागरिकों की भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। एसडीएम ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य नए मतदाताओं को लोकतंत्र की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए बूथ स्तर पर प्रभावी निगरानी और पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।



तुलसी विवाह के साथ शुरू हुई लग्न

कमालपुर। हिंदू धर्म मान्यताओं के अनुसार शुक्रवार को देव उठनी एकादशी तुलसी विवाहोपरांत शाम को विवाह की शुभ मुहूर्त के साथ शादी-विवाह, तिलक छेंका जैसे आयोजन आरंभ हो गए। बैंड बाजे, डीजे, ढोल नगाड़े तथा खुज्जा, बम पटाखें से वातावरण गूंजने लगे। सड़कों पर फोर ह्युलर गाड़ियों के काफिले से जाम की स्थितियां देखने को मिली। रथ पर सवार दूल्हे राजा, रोडलाइट के बीच डीजे पर नव युवकों के नाचने गाने का सिलसिला शुरू हो गया। लग्न के आगमन होते ही शाम को कस्बा के शराबों की दुकानों पर खरीदने वालों का रेला लगते दिखाई देने लगे। अचानक सब्जियों के बढ़े भाव, जनरल स्टोर, बिसात बाना, किराना, कपड़ा दुकान, साज सज्जा, शादी विवाह कार्ड, प्रिंटिंग प्रेस, फल दुकानों पर ग्राहकों की खूब भीड़ भाड़ दिखाई देने लगी। कस्बा स्थित सड़क किनारे बने आधा दर्जन लॉन इस प्रकार सजाये गए हैं जो शाम होते राहगीरों को अपने तरफ आकर्षित करने का काम कर रहे हैं। शनिवार की सुबह भीगी पलकों को देखा जाय तो बचपन से मां बाप की गोदी में पलकर खा पीकर बड़ी हुई बिटिया, जब दूसरी दुनिया में जाने के लिए ससुराल को डोलिया उठते ही बेटी के साथ मायके वाले दहाड़ फाड़ कर रोने चिल्लाने लगे जो कुछ समय के लिए वातावरण करुण क्रंदन में बदलते हुए दिखाई दिया।

राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में सहज योग कार्यक्रम

बबुरी। राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से सहज योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहज योग के विशेषज्ञों ने बच्चों को योग साधना, कुंडलिनी जागृति तथा ध्यान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि सहज योग के माध्यम से व्यक्ति अपने मन को शांत रख सकता है तथा आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर सकता है। इस दौरान बच्चों को शरीर में स्थित विभिन्न चक्रों की स्थिति, उनकी विशेषताओं, कार्यों तथा जीवन में उनके महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक चक्र का हमारे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन से विशेष संबंध होता है। नियमित ध्यान और योग साधना से एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एमडी सर, डायरेक्टर परवीन रुस्तम, प्रधानाचार्या श्रीमती विभा सिंह, उपप्रधानाचार्य श्री मुकेश कुमार सिंह तथा सहज योग कार्यक्रम से पधारे सुधीर कुमार सिंह, सुमन द्विवेदी, विजय, गीता द्विवेदी, सिम्मी श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, मीरा सिंह एवं डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक विचार ही एक सफल एवं सुखी जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं आध्यात्मिक अनुभव से परिपूर्ण रहा।



तालाब में डूबे पांच युवक, दो की मौत

शादी की खुशी मातम में बदली, दिल्ली से शादी में आए थे दोस्त



नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के विसरुफ गांव में शादी की खुशी उस वक्त मातम में बदल गई, जब शादी समारोह में शामिल होने आए पांच युवक गांव के तालाब में डूब गए। ग्रामीणों व परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद तीन युवकों को तो बचा लिया, लेकिन दो युवकों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया और शादी वाले घर में चीख-पुकार मच गई। बिसरूप निवासी मुन्नीलाल सिंह का परिवार दिल्ली में रहता है। शादी के लिए सभी लोग गांव आए हुए थे। मुन्नीलाल की पुत्री की शादी 26 नवंबर को तय थी। 22 नवंबर को तिलक जाने वाला था। शादी की तैयारियां जोरों पर थीं। घर में रिश्तेदारों और मेहमानों का आना-जाना लगा था। इसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए लड़की के भाई के आधा दर्जन से अधिक मित्र भी दिल्ली से पहुंचे हुए थे। सभी दोस्त शादी की खुशी में शामिल होकर काफी उत्साहित थे। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद पांचों दोस्त गांव के तालाब पर जश्न मनाने पहुंचे। तालाब के किनारे घूमते-घूमते सभी नाव पर सवार हो गए। नाव पर सवार होकर वे सेल्फी लेते हुए तालाब के बीच गहरे पानी की तरफ चले गए। इसी दौरान अचानक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव पलटते ही पांचों दोस्त गहरे पानी में डूबने लगे। किसी को भी तैरना नहीं आता था। डूबते युवकों ने बचाओ-बचाओ का शोर मचाया। युवकों की चीख सुनकर तालाब के पास मौजूद मल्लाह सहित ग्रामीण पानी में कूद पड़े। ग्रामीणों ने काफी परिश्रम के बाद तीन युवकों को बाहर निकाल लिया। इनमें आयुष (20 वर्ष) निवासी युसुफपुर मुहम्मदाबाद सहित तीन दोस्त शामिल थे। तीनों को तत्काल बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया। लेकिन जब तक ग्रामीण गहरे पानी में गए, तब तक दो युवक पानी में समा चुके थे। काफी खोजबीन के बाद दोनों के शव बाहर निकाले गए। मृतकों की पहचान शनि (19 वर्ष) निवासी डुमरांव थाना विक्रमगंज जिला बक्सर, बिहार और किशन तिवारी निवासी ग्राम सीताकुंड थाना हल्दी, बलिया के रूप में हुई। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही नगरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों मृतक युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल बलिया भेज दिया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। शादी वाले घर में जहां एक तरफ खुशियों का माहौल था, वहीं अब मातम पसरा हुआ है। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं।

अनुपस्थित दो अधिकारियों का वेतन काटने का आदेश

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम सख्त, बैरिया तहसील में 70 शिकायतें पहुंचीं, आठ का हुआ निस्तारण



बैरिया (बलिया)। शनिवार को तहसील बैरिया में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ईराज राजा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे। इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर विवादित स्थलों का निरीक्षण करने तथा दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनकर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित पाए गए जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत खंड-4 का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि थाने पर शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम बैरिया, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। **बांसडीह।** तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस हुआ। इसमें 35 शिकायतें आईं, जिनमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी 32 शिकायतें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम डॉ. पुष्कर मिश्रा, तहसीलदार नितिन कुमार सिंह, नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी जयशंकर मिश्र, प्रभारी निरीक्षक राजकेसर सिंह आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में माही किन्नर की मौत

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय किन्नर माही की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। मनियर थाना क्षेत्र के मुड़ियारी गांव निवासी किन्नर माही सुल्तानपुर चट्टी पर एक कटरा में कमरा किराये पर लेकर रहता था। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम वह अपने कमरे पर पहुंचा था। देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर किन्नर समुदाय के लोग तथा माही के माता-पिता मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने का अनुरोध किया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

ऐतिहासिक होगा फेफना खेल महोत्सव का फाइनल- उपेंद्र तिवारी

फेफना खेल महोत्सव की ट्रॉफियों का अनावरण



बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित 'जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव' के ग्रैंड फाइनल में विजेता खिलाड़ियों को दी जाने वाली ट्रॉफियों का अनावरण शनिवार को किया गया। ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता का आयोजन पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने टैगोर नगर स्थित निज आवास पर किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय मिश्र तथा खेल महोत्सव के आयोजक उपेंद्र तिवारी ने अन्य पार्टी पदाधिकारियों संग विजेता ट्रॉफियों का अनावरण किया। गौरतलब हो 'फेफना खेल महोत्सव' का ग्रैंड फाइनल 26 से 30 नवंबर को नरही खेल मैदान पर किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि '21 अक्टूबर से प्रारंभ हुए फेफना खेल महोत्सव ने क्लस्टर स्तर के अपने प्रथम चरण को अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है। क्लस्टर स्तर के विजेताओं की प्रतिस्पर्धा अब ग्रैंड फाइनल में होगी। 26 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाला यह ग्रैंड फाइनल ऐतिहासिक होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रम संचालित हैं। उपेंद्र तिवारी ने खेल महोत्सव के दौरान प्रदेश स्तरीय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजन की भी घोषणा की।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

बलिया। 26 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले फेफना खेल महोत्सव के ग्रैंड फाइनल में एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, लंबी कूद व गोला प्रक्षेप के अलावा क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, कबड्डी के अलावा रस्साकस्सी, क्रॉस कंट्री आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब हो कि विधानसभा स्तर पर आयोजित हुई कुल आठ क्लस्टर प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को ग्रैंड फाइनल में प्रतिभाग करना है। पांच दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 नवंबर तथा पुरस्कार वितरण 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदीप सिंह, भरत राय, अंजनी राय, नंदलाल सिंह, सर्वानंद तिवारी, आर्केश दुबे, उमेश सिंह, प्रशांत राय, बिट्टू सिंह, शिवदयाल यादव व जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव नीरज राय आदि उपस्थित रहे।

नवागत खंड विकास अधिकारी ने संभाला कार्यभार

रसड़ा (बलिया)। ब्लाक मुख्यालय स्थित चन्द्रदीप सिंह डवाकरा हाल में सेवा सम्मान समारोह में खंड विकास अधिकारी शिवांकित वर्मा लखीमपुर खीरी स्थानांतरित होने पर ब्लाक कर्मी एवं प्रधानों ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्रम एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। उपजिलाधिकारी रणबीर सिंह ने शिवांकित वर्मा को बुके देकर सम्मानित किया। नवागत खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश प्रसाद ने खंड विकास अधिकारी का पदभार संभाला। रणधीर सिंह, हर्षदेव, वीरेंद्र यादव, नित्या सिंह, प्रणव कुमार उपाध्याय, रघुवर साहनी, अविनाश सिंह, देवांश सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रभाकर राव एवं संचालन आलोक सिंह ने किया।

जमीन विवाद में मारपीट, दो सगे भाई घायल, आठ पर मुकदमा दर्ज

भीमपुरा (बलिया)। जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि पट्टीदारों ने एक राय होकर लाठी-डंडों से हमला कर दोनों भाइयों को लहूलुहान कर दिया। मारपीट में दोनों के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर भीमपुरा पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भीमपुरा थाना क्षेत्र के महाराजपुर ऐठा गांव निवासी रामबदन यादव पुत्र स्वर्गीय सूर्यबली यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 19 नवंबर की शाम करीब पांच बजे पट्टीदारों के साथ विवादित जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान चंद्रमा यादव, संदीप यादव, अनिल यादव, रामाश्रय यादव, संजीत यादव, पप्पू यादव, रमुनि देवी एवं सोनू यादव ने एकराय होकर उनके पुत्र अंजनी यादव और श्याम यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में दोनों पुत्रों के सिर फट गए तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद से परिवार के लोग भयभीत हैं। पीड़ित रामबदन यादव ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में भीमपुरा थाने में आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

गुरु नानकदेव के प्रकाश पर्व पर तीन दिन निकलेगी प्रभात फेरी



बलिया। सिक्ख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व 24 नवंबर, मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन बलिया सिक्ख समाज की ओर से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर तीन दिवसीय प्रभात फेरियों का आयोजन शुरू हो गया है। शनिवार को पहले दिन गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। बताया गया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही वर्ष 1469 में गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश ननकाना साहिब, लाहौर में हुआ था। प्रभात फेरी की सेवा माता तारा देवी, पत्नी स्वर्गीय गोविंद सिंह कपूर (सरदार बुक डिपो) की ओर से की गई। रविवार की सुबह पांच बजे भी गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसकी सेवा मनजीत सिंह एंड कंपनी की ओर से होगी। प्रकाश पर्व का मुख्य आयोजन 24 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में होगा। इस अवसर पर दिन और रात के विशेष दीवान सजाए जाएंगे। कीर्तनी जत्थे की ओर से गुरुवाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया जाएगा। इसके बाद अरदास और गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। पहली प्रभात फेरी में हरजीत सिंह चावला, जगजीत सिंह बाबू, सुरजीत सिंह एडवोकेट, अमृतपाल सिंह, तरनजीत सिंह, हरजिंदर सिंह राजू, विश्वजीत सिंह, विशाल सिंह, प्रभुदयाल सिंह सहित समाज के अन्य लोग शामिल रहे।

प्रेमी संग शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

नगरा (बलिया)। प्रेमी से शादी करने की जिद में एक युवती सुबह मोबाइल टावर पर चढ़ गई, जिससे पांडेयपुर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने पुलिसकर्मियों के साथ काफी देर तक मान-मनौव्वल कर युवती को सुरक्षित नीचे उतारा। भंडारी गॉव की नेहा यादव का गॉव के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। बीते सितंबर माह में दोनों घर से भाग गए थे। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया था। वह फिलहाल जेल में बंद था। अब जमानत पर बाहर है। इसके बाद से ही नेहा प्रेमी को जेल से छुड़ाने और उसके साथ शादी करने की मांग कर रही थी। इसी मांग को लेकर शनिवार सुबह नेहा पांडेयपुर गांव के समीप स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गई। इसकी जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। देखते ही देखते सैकड़ों लोग टावर के नीचे जमा हो गए। युवती ऊंचाई पर होने के कारण सभी की सांसें अटकी हुई थीं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने पुलिसकर्मियों के साथ युवती को समझाने का प्रयास किया। मान-मनौव्वल के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। नीचे उतारने के बाद पुलिस युवती को थाने ले गई, जहां परिजनों को बुलाकर समझाया-बुझाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में परिजनों से बातचीत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में दिनभर चर्चाएं जारी है।

सीआरपीएफ जवान को गार्ड आफ आनर के साथ दी अंतिम सलामी



बेरुआरबारी (बलिया)। क्षेत्र के धनिधरा निवासी सीआरपीएफ जवान अशोक राम के निधन के बाद उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों ने गंगा घाट बलिया में गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सलामी दी। वर्दीधारी जवानों द्वारा अपने साथी को दी गई अंतिम सलामी का दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। अशोक राम के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, शुभचिंतक और क्षेत्रीय लोग पहुंचे। सभी ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। देश की सेवा में समर्पित रहे जवान को सम्मान के साथ अंतिम विदाई देने के दौरान पूरे गांव में गमगीन माहौल रहा। उनकी पत्नी लीलावती देवी और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस मौके पर डिप्टी कमांडएंट कृष्ण कुमार, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, शिव रतन यादव, अनिल कुमार, उपेंद्र कुमार, आशुतोष सिंह, इंद्रजीत, उत्तर प्रदेश पुलिस के एसआई राम लखन सोनकर, भाजपा नेता विश्राम सिंह, भासपा प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह आदि रहे। जवान के तीन बेटों में बड़ा बेटा सोनू राम खेती-बारी संभालता है। मझला बेटा अमित कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा दे रहा है, जबकि छोटा बेटा धुन कुमार अभी पढ़ाई कर रहा है। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी लीलावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

बाल मेले में बच्चों ने स्टाल लगाकर दिखाया हुनर, अभिभावकों ने उठाया लुत्फ

बलिया। चंद्रशेखर नगर स्थित शक्ति स्थल स्कूल में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने उत्साह के साथ विभिन्न स्टाल



लगाकर अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक दुर्गादत्त त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बाल मेले में बच्चों की ओर से लगाए गए खानपान और विज्ञान से संबंधित स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने चाट, फुल्की, चाउमीन और मैगी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाए। मेले में अवध पब्लिक स्कूल, घनश्याम नगर के बच्चों ने भी विभिन्न स्टाल लगाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशुतोष त्रिपाठी, संतोष ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, अतुल पांडेय, दुर्गा उपाध्याय, राखी, नीलू श्रीवास्तव, कुमारी तस्मिया, रामजी त्रिपाठी, रीता उपाध्याय, अवकाश प्राप्त सूबेदार मेजर हृदयानंद उपाध्याय, वेदांशी त्रिपाठी, दिव्यांशी त्रिपाठी, देवांश, शिवांश, दिव्यांशु, शिवांशी और साकेत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

फास्ट फूड की दुकान पर विवाद में युवक को पीटा

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के बकुल्हा रेलवे स्टेशन के पीछे फास्ट फूड की दुकान पर हुए विवाद में एक युवक को हॉकी,डंडा और रॉड से मारकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए तहरीर में बकुल्हां निवासी सोना लाल यादव ने बताया है कि 19 नवंबर की शाम वह स्टेशन के पीछे दूध लेने गए थे। इसी दौरान फास्ट फूड की दुकान पर विवाद को लेकर टिकू यादव, मंटू यादव ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उनकी मां और बहन को भी गाली दी तथा जान से मारने की धमकी दी। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

तीसरी बार उपसभापति बनने के बाद गांव पहुंचे हरिवंश, भव्य स्वागत



बैरिया (बलिया)। राज्यसभा के उपसभापति के रूप में तीसरी बार जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार शुक्रवार को अपने गांव पहुंचे हरिवंश का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। पटना से आरा होते हुए वह नाव के जरिए माहुली घाट पहुंचे और गंगा पार कर अपने पैतृक गांव दलजीत टोला आए। माहुली घाट पर खवासपुर के लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद दलजीत टोला में गाजे-बाजे के साथ ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान रामबाबू यादव, गजेंद्र सिंह, रमेश सिंह, अर्जुन सिंह पल्लू, शिवपरसन सिंह, महंत यादव, विभूति यादव, रविंद्र सिंह और संतोष सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। शनिवार की सुबह से ही गांव में उनसे मिलने और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सिताबदियारा के 27 टोलों से लोग बारी-बारी से पहुंचते रहे। इस दौरान गांव-समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर दिनभर चर्चा होती रही। बलिया और आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे। ग्रामीणों के बीच उनकी सहजता और सादगी चर्चा का विषय बनी रही। लोगों का कहना था कि हरिवंश जब भी गांव आते हैं, उनके साथ न तो गाड़ियों का काफिला होता है और न ही कोई विशेष तामझाम। उनकी यही सादगी उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। इस दौरान हरिवंश ने गांव के काली मंदिर और हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। मौके पर शिवपूजन सिंह, मुकेश सिंह, रामबिहारी सिंह, मोहन बिहारी सिंह, श्रीपति यादव और तेजन यादव समेत गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

एक नजर इधर भी

किसी भी हाल में सुरेमनपुर दियरांचल को कटने नहीं दिया जाएगा- डॉ. विपुलेंद्र प्रताप सिंह

बैरिया (बलिया)। सरयू नदी के भीषण कटान से सुरेमनपुर दियरांचल के गांवों और हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि पर मंडरा रहे अस्तित्व के संकट के बीच



राहत भरी खबर है। कटान रोकने के लिए शासन स्तर पर गंभीर पहल शुरू हो गई है। नदी की धारा मोड़कर कटान रोकने सहित अन्य तकनीकी विकल्पों पर विशेषज्ञों से राय ली जा रही है। पूर्व सांसद एवं किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह'मस्त के पुत्र समाजसेवी डॉ.विपुलेंद्र प्रताप सिंह ने भरोसा दिलाया कि किसी भी हाल में सुरेमनपुर दियरांचल को कटने नहीं दिया जाएगा। इसे बचाने के लिए हर जरूरी उपाय किया जाएगा और इसमें कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए डॉ. विपुलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके पिता पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के पत्र को लेकर गत दिनों प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया था। डॉ. विपुलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देने वाले जो कार्य अभी शेष हैं, उन्हें पूरा कराने के लिए भी वे लोग लगातार प्रयासरत हैं और इसमें सफलता भी मिल रही है। उन्होंने दोहराया कि सुरेमनपुर दियरांचल को सरयू नदी के कटान से बचाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए शासन और विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी परिस्थिति में सुरेमनपुर दियरांचल को उजड़ने नहीं दिया जाएगा।

पुरस्कृत हुए खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता

बलिया। जमुना राम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण हुआ। मुख्य अतिथि चेयरमैन अमरजीत सिंह



ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के साथ प्रबंध निदेशक तुषार नंद, प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह,अरविंद चौबे, नीतू मिश्रा उपस्थित रहीं। संचालन आनंद मिश्रा ने किया, जबकि छात्रा समृद्धि यादव और अविरल तिवारी उद्घोषक रहे। अमरजीत सिंह ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जगाते हैं। उन्होंने बच्चों से हार से निराश न होकर अगली बार और मेहनत करने को कहा। प्रबंध निदेशक तुषार नंद ने खेल शिक्षकों सरदार मोहम्मद अफ़ज़ल और मनोज पांडेय, तकनीकी सहयोग देने वाले आदित्य गुप्ता तथा कराटे शिक्षक सुनील यादव के प्रयासों की सराहना की। कक्षा 6 से 8 के बालकों में 100 मीटर में विवेक राज यादव (ग्रीन), 200 मीटर में दिव्यांश यादव (रेड) और 400 मीटर में रोशन यादव (ब्लू) स्वर्ण पदक विजेता रहे। लंबी कूद में आदर्श सिंह और ऊँची कूद में अनुज राय (दोनों ब्लू) प्रथम रहे। बालिकाओं में तेजस्वी सिंह (रेड) ने 100 मीटर, अंकिता कुशवाहा ने 200 मीटर और अमृता यादव (रेड) ने 400 मीटर में स्वर्ण जीता।

मुलायम सिंह यादव की स्मृति में कवि सम्मेलन, मुशायरा, कविताओं से गूंजा सभागार

मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ



बलिया। जननायक और समाजवादी विचारधारा के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की याद में गंगा बहुद्देशीय सभागार में भव्य कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों ने वीर रस, श्रृंगार, देशभक्ति और समसामयिक विषयों पर अपनी शानदार रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नेताजी के जीवन, संघर्ष और जनसेवा को समर्पित कविताओं पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इससे पूर्व, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद (आजमगढ़) धर्मेंद्र यादव ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने नेताजी के संघर्षों, सादगी और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए कहा कि नेताजी का व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। नेताजी प्रत्येक क्षेत्र की ऐसी यूनिवर्सिटी के रूप में थे, जिनके एक-दो सिलेबस को भी अगर किसी ने अपने जीवन में उतार लिया तो उसका जीवन सफल होना ही होना है। उनके उन सभी गुणों को सीखना है, जिसकी वजह से उनको सम्मान प्राप्त होता था। काव्य के माध्यम से उनकी स्मृतियों को जीवंत रखने की इस पहल की सराहना करते हुए आयोजक पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने सभी अतिथियों, कवियों, प्रशासन, मीडियाकर्मियों और उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी की इस जयंती को हम सब एक त्यौहार की तरह मनाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी ने सभी कवियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में दिखा हास्य, वीर और श्रृंगार रस का संगम

कवि सम्मेलन व मुशायरा में संचालन के दौरान कवियित्री डॉ सरिता शर्मा ने मयखाना है, जाम-ए-जम नहीं है, यहां कोई किसी से कम नहीं है, काव्यांश के माध्यम से सभी कवियों का परिचय कराया। जयपुर से आए कवि अशोक चारण ने अपनी वीर रस की कविताओं से सबका दिल जीत लिया। प्रियांशु गजेंद्र ने फूलों के दिन, शूलों के दिन, गुड़हल और बबूलों के दिन, सबके आते हैं। दिन से क्या घबराना दिन तो आते जाते हैं कविता के माध्यम से वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर शानदार कटाक्ष किया। शंभू शिखर ने वही अपने पुराने अंदाज में एक से बढ़कर एक हास्य रस के मुक्तक सुनाकर खूब मनोरंजन किया। शायर शाइस्ता सना ने दिल है पत्थर का सनम तोड़ दिया जाता है, और ख्वाइस नहीं होती है कुछ लिखने की, इश्क लिख करके कलम तोड़ दिया जाता है, सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। सर्वेश अस्थाना ने भी अपनी कविताओं और तमाम चुटकुला के माध्यम से श्रोताओं को खूब हंसाया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे बरेली से आए अकील नोमानी ने तथा ग्वालियर से आये मदन मोहन दानिश ने अपनी गजल और शायरी के माध्यम से सभी श्रोताओं को अपने साथ जोड़ लिया। चरण सिंह बशर ने चरागों के सफर में दबदबा हो आंधियों का, तो फिर अंजाम जुल्मत के शिवा कुछ भी नहीं है, यह दुनिया मोहब्बत के आखिरी स्टेज पर है इलाज इसका मोहब्बत के सिवा कुछ भी नहीं हैश् सुना कर खूब तालियां बटोरी। बादशाह प्रेमी ने अपनी भोजपुरी रचनाओं से सबको गुदगुदाया। कार्यक्रम में सांसद राजीव राय, सांसद रमाशंकर विद्यार्थी, विधायक संग्राम सिंह यादव, जियाउद्दीन रिजवी, जयप्रकाश अंचल के अलावा सपा नेता मिठाई लाल भारती, ब्यास जी गोंड, सीमा राजभर, सपा जिलाध्यक्ष सुनील मौर्य, रणजीत चौधरी, नीरज सिंह गुड्डू, तारकेश्वर मिश्र, संजय उपाध्याय, अरविंद गिरी, वंशीधर यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता शायर अकील नोमानी तथा संचालन डा सरिता शर्मा ने किया।

डीएम ने किया विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए २२, २८ व २९ नवंबर को चलेगा विशेष अभियान

ज्ञानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कंपोजिट विद्यालय माधोसिंह घोसिया में आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने फार्म-6, 7 और 8 के उपयोग एवं उनके माध्यम से होने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने, अपात्र नाम हटाने और त्रुटियों में संशोधन से संबंधित आवेदनों को नियमानुसार प्राप्त कर



उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों की आयु एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूरी हो रही है या उससे अधिक है और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे फार्म-6 भरकर नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम, पता आदि में संशोधन, निवास परिवर्तन, ईपीआईसी प्रतिस्थापन और दिव्यांगजन के चिह्नांकन के लिए फार्म-8 भरा जाएगा। वहीं मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फार्म-7 का प्रयोग किया जाएगा। डीएम ने बताया कि एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि 22, 28 और 29 नवंबर को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जरूर जांचें। पात्र नागरिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पाए।

शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की न हो लापरवाही-डीएम

घोसिया। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने शनिवार को कंपोजिट विद्यालय माधोसिंह घोसिया का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता परखी। डीएम ने छात्र-छात्राओं से पूछा कि उन्हें कौन-कौन सी पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं और कक्षा में किस विषय का शिक्षण चल रहा है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई से जुड़े सवाल भी पूछे और उनके जवाब सुनकर विषयों की समझ का आकलन किया। उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और नियमित उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने भोजन की व्यवस्था का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए। डीएम ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पढ़ाई को प्रभावी और रुचिकर बनाया जाए, ताकि प्रत्येक बच्चा विषयों को बेहतर ढंग से समझ सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति के साथ ही उनके सीखने की क्षमता और शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है।

छात्रवृत्ति के ५०१३ आवेदन संस्थानों में लंबित, सीडीओ नाराज

ज्ञानपुर। छात्रवृत्ति आवेदनों के निस्तारण में लापरवाही पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने नाराजगी जताई है। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आया कि विभिन्न वर्गों के कुल 56,170 आवेदनों में से 51,156 ही शिक्षण संस्थानों ने अग्रसारित किए हैं, जबकि 5,013 आवेदन लंबित हैं। सीडीओ ने प्रधानाचार्यों और छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का तत्काल परीक्षण कर पात्र विद्यार्थियों के आवेदन अग्रसारित करें तथा अपात्र या त्रुटिपूर्ण आवेदनों को नियमानुसार निरस्त करें। निर्धारित समयसीमा में शत-प्रतिशत निस्तारण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनगणना-2027 के तहत छात्र-छात्राओं को स्वगणना के प्रति जागरूक करने तथा पोर्टल पर प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए गए।

बाइक की टक्कर के बाद घायल युवक से मारपीट, मुकदमा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के जखाव गांव में बाइक की टक्कर से घायल युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जखाव गांव निवासी गुप्तु सरोज (36) को गांव के ही एक युवक ने तेज रफ्तार बाइक से टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए। आरोप है कि हादसे के बाद बाइक सवार के परिजनों ने घायल का उपचार कराने के बजाय उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे और चोटें आईं। घायल गुप्तु सरोज को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया। मामले में पीडित की ओर से पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

दिव्यांग बच्चों को वितरित हुए सहायक उपकरण

सुरियावा। ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सुरियावां में शनिवार को दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। सर्व शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के तहत बेसिक शिक्षा विभाग और एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 75 दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए गए। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. जेपी सिंह, स्पेशल एजुकेटर श्याम बहादुर यादव, राणा गोविंद, मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, रामसजीवन तथा विशेष शिक्षक (सीडब्ल्यूसीएन) शक्तिमान कुमार उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जनपद न्यायालय में जिला जज ने की स्वगणना

ज्ञानपुर। जनगणना-2027 के तहत संचालित स्वगणना अभियान में जनपद न्यायालय परिसर में जिला जज एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह ने स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने अधिवक्ताओं और आमजन से अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि देश और समाज के विकास के लिए योजनाएं तैयार करने का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक नागरिक की ओर से दी गई सही जानकारी राष्ट्र निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होती है। उन्होंने अधिवक्ताओं से स्वयं स्वगणना करने के साथ परिवार, परिचितों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए २१ से विशेष अभियान

ज्ञानपुर। विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और अपात्र नाम हटवाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि शिविरों में बीएलओ आलेख्य मतदाता सूची और फार्म-6, 7 व 8 के साथ मौजूद रहेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पर भी किया जा सकता है।

शांतिभंग की आशंका में १५ गिरफ्तार, १०९९ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 15 व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया। गोपीगंज, कोईरौना और दुर्गागंज थाना क्षेत्र से तीन-तीन तथा सुरियावां और भदोही थाना क्षेत्र से एक-एक व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। वहीं यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 920 दोपहिया और 179 चारपहिया समेत कुल 1099 वाहनों का चालान किया। इन वाहनों से 13 लाख 18 हजार 500 रुपये का शमन किया गया।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से डंफर के खलासी की मौत

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव में शुक्रवार को डंपर से बालू उतारते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से खलासी की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से झुलसे युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहार के गया जिले के बाराछट्टी थाना क्षेत्र के कंगाली गांव निवासी दिलीप कुमार यादव (26) डंपर पर खलासी का काम करता था। शुक्रवार को वह घनश्यामपुर गांव में बालू उतारने के लिए डंपर के साथ पहुंचा था। बालू उतारने के दौरान वह डंपर के डाले पर चढ़ा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया।

तुलसी विवाह पर उमड़ा जनसैलाब

सुरियावां। ऐतिहासिक तुलसी विवाह एकादशी के अवसर पर शनिवार को सुरियावां नगर में भव्य चौकी लाग विमान जुलूस निकाला गया। शाम छह बजे शुरू हुआ धार्मिक आयोजन पूरी रात चलता रहा। आकर्षक झांकियों, सजे-धजे विमानों और बड़े-बड़े डीजे की धुन पर बजते धार्मिक गीतों से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। आयोजन में एक दर्जन चौकियों और विमानों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित विभिन्न स्थानों से आई आकर्षक चौकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। आयोजन के दौरान पूर्व विधायक रविंद्रनाथ त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शेषधर गुप्ता, जटाशंकर मौर्य, जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, अश्वनी साहू, लोकेश सेठ, अनिल उमर, पूर्व सभासद अशोक जालान, सभासद रवि जायसवाल, डॉ. चंद्रेश मौर्य, नंदलाल गुप्ता, मनीष जायसवाल, राहुल, सुरेश सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहेस की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही।

ई वाला ले गीत पर झूम उठे दर्शक, राजेश परदेशी ने बांधा समां

ज्ञानपुर। दानूपुर बाजार में प्रबोधिनी एकादशी के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायक राजेश परदेशी के गीतों पर लोग जमकर झूमे। उन्हें देखने और सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। रात नौ बजे मंच पर पहुंचते ही परदेशी ने मां विंध्यवासिनी के भजन 'चला न दरबार शेरावाली के' से कार्यक्रम की शुरुआत की। स मौके पर सतीश सिंह, रोहित, संदीप, सचिन सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

वेतन की मांग को लेकर २५ को लखनऊ में देंगे धरना

ज्ञानपुर। लंबित वेतन और मानदेय की मांग को लेकर ग्रामीण स्वच्छताग्राही 25 नवंबर को लखनऊ के इको गार्डन में विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भदोही जिले के स्वच्छताग्राहियों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। जिला कमेटी ग्रामीण स्वच्छताग्राही संघ के पदाधिकारी रत्नेश चंद्र पांडेय ने बताया कि जिले के सभी स्वच्छताग्राही 24 नवंबर की रात आठ बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर एकत्र होंगे। वहां से एकजुट होकर लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

देव दीपावली पर ५१०० दीपों से जगमग होगा बाबा बड़े शिव धाम

गोपीगंज। नगर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम में देव दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बाबा बड़े शिव धाम सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शाम छह बजे से भव्य आयोजन होगा। इस दौरान मंदिर परिसर 5100 दीपों की रोशनी से जगमग होगा और श्रद्धालु दीपदान कर पुण्य अर्जित्त करेंगे। महोत्सव के अवसर पर अखिल ब्रह्मांड नायक देवाधिदेव महादेव का सुगंधित पुष्पों, सुगंधित द्रव्यों तथा स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर को विद्युत झालरों और फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा।

बोलेरो की टक्कर से नीलगाय की मौत

कस्तूरीपुर । भदोही थाना क्षेत्र के सरायक्षत्र शाह में शनिवार शाम करीब छह बजे हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक नीलगाय की मौत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, सुरियावां की तरफ से एक बोलेरो तेज रफ्तार में भदोही की ओर जा रही थी। इसी दौरान सड़क के दक्षिणी छोर से अचानक दौड़ती हुई नीलगाय हाईवे पर आ गई। चालक कुछ समझ पाता, इससे पहले ही नीलगाय बोलेरो के बोनट से टकराकर सड़क के बीचोंबीच गिर गई। गंभीर रूप से घायल नीलगाय ने कुछ देर तड़पने के बाद दम तोड़ दिया।

छोटा व्यवसाय भी दिला सकता है बड़ी पहचान-सांसद

युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

ज्ञानपुर। ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), मूसीलाटपुर में मोबाइल फोन रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार और उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित किया। सांसद ने कहा कि सफलता के लिए बड़ी नौकरी के पीछे भागना जरूरी नहीं है। छोटा व्यवसाय स्थापित करके भी व्यक्ति अपनी पहचान बना सकता है। कौशल, मेहनत और ईमानदारी से स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कुशल व्यवसायी बनने के साथ अच्छा इंसान भी बनना चाहिए। मानवता, करुणा और दया को जीवन में सर्वोच्च स्थान देना जरूरी है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर रिपेयरिंग के प्रशिक्षणार्थियों से भी संवाद किया। परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान के निदेशक भारद्वाज उपाध्याय ने प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर अमित गुप्ता, अनुराग वर्मा और देवेंद्र दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीएम ने किया ट्रामा सेंटर औराई का औचक निरीक्षण

औराई। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने शनिवार को ट्रामा सेंटर औराई का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के उपचार और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण काउंटर, महिला एवं पुरुष वार्ड तथा पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और मरीजों को दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों को आवश्यक दवाएं और जांच सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं।

जनगणना की तैयारियों में जुटा प्रशासन

ज्ञानपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें स्व-गणना एवं जनसंख्या गणना की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले की तहसीलों में 3412 एन्यूमरेशन ब्लॉक के सापेक्ष 2646 प्रगणक और 322 पर्यवेक्षक सहित 10 प्रतिशत रिजर्व मिलाकर 3285 कार्मिकों की व्यवस्था निर्धारित है। वहीं, नगर निकायों में 3993 ईबी के लिए 3210 प्रगणक और 406 पर्यवेक्षक सहित रिजर्व मिलाकर 4001 कार्मिक निर्धारित किए गए हैं। डीएम ने 22 नवंबर को पल्स पोलियो अभियान के साथ स्व-गणना के प्रति भी लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारियों को अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभियान शुरू

ज्ञानपुर। जनपद में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ शनिवार को जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बीआरसी ज्ञानपुर से हरी झंडी दिखाकर किया। 22 से 30 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में पांच वर्ष तक के 2.72 लाख बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार के संकल्प को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। पहले कई बार खुराक पी चुके बच्चों को भी प्रत्येक अभियान में पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएं। उन्होंने अभिभावकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के लिए जनपद में 633 पोलियो बूथ बनाए गए हैं और 457 टीमें लगाई गई हैं। बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक पिलाएंगे। इसके अलावा ट्रांजिट और मोबाइल टीमें रोडवेज, रेलवे स्टेशन, ईंट-भट्ठों, टेंपो स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओपी शुक्ला ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों और सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, डब्ल्यूएचओ और यूनेस्को के प्रतिनिधि, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, आशा और एएनएम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

ऊंज । जंगीगंज स्थित जयराजी देवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार कर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के बनाए मॉडलों को देखकर अभिभावकों और शिक्षकों ने उनकी खूब सराहना की। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय, ज्ञानपुर के शिक्षक राजकुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान ही देश का भविष्य है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना बेहद जरूरी है। इस तरह के आयोजन से उनमें रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ता है। इस मौके पर महानिदेशक केके मिश्रा, प्रधानाचार्य पीपी श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, मनीष यादव, स्नेहा मिश्रा, रिया सिंह, आस्था रावत सहित शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।



शीतलहर से गोवंशों को बचाने के लिए गौ आश्रय स्थलों पर हों पुख्ता इंतजाम-डीएम

ज्ञानपुर । ठंड और शीतलहर का प्रकोप बढ़ने की आशंका को देखते हुए गोवंशों के संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने शनिवार को औराई चीनी मिल स्थित गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के रख-रखाव, चारा-पानी, भूसा भंडारण और ठंड से बचाव के इंतजामों की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गौ आश्रय स्थल में संरक्षित सभी गोवंशों को शीतलहर से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। इसके लिए प्लास्टिक, भूसा और चुन्नी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही गोवंशों को पौष्टिक आहार देने तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने को कहा।

सड़क सुरक्षा के लिए चलेगा अभियान

ज्ञानपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाए।

द्वारिका लीला की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



सीतामढ़ी। भदोही जनपद के विकासखंड डीघ क्षेत्र के ग्राम पंचायत केवटाही के मनोहरपुर गांव में इंद्रमणि पांडेय एवं विद्यामणि पांडेय के यहां आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में छठवें दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य मारुति नंदन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मथुरा आगमन लीला, कंस वध, रुक्मणी विवाह तथा द्वारिका लीला का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर मथुरा को भय और आतंक से मुक्त कराया। श्रद्धालुओं में मनीजर दुबे, रूद्रपति दुबे, संतोष तिवारी, अजय दुबे नन्हकाई दुबे, सूर्य नारायण पाण्डेय पूर्व प्रधान नागेश शुक्ल, धर्म राज पाण्डेय आदि रहे।

सौम्या माई मंदिर से माता की मूर्ति चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश

मोंढ। मोंढ चौकी क्षेत्र में चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए सौम्या माई मंदिर से माता की मूर्ति चोरी कर ली। घटना पंडित जनार्दन दुबे सूर्या बालिका इंटर कॉलेज के पास स्थित मंदिर की है। शनिवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। धार्मिक आस्था से जुड़ी इस घटना को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीती रात अज्ञात चोर मंदिर में घुसे और माता की मूर्ति लेकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई। इसके बाद डायल 112 और मोंढ पुलिस चौकी को सूचना दी गई। सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मंदिर से माता की मूर्ति चोरी होने से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द मूर्ति बरामद करने और चोरी में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

भक्ति रस में सराबोर हुआ शीतला धाम डेरवा

गोपीगंज। गंगा तट स्थित मां शीतला धाम डेरवा में हरि प्रबोधिनी एकादशी पर एकादशी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भक्ति, संगीत और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों और विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मां शीतला का भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें रत्नेश सिंह बघेल, अनिल सिंह बघेल, संतोष सिंह बघेल, श्रवण, भूपेंद्र सिंह बघेल, आशीष बघेल, ओम सिंह, कमला यादव, अमितेश, चंद्रमौली पांडेय, रजत बघेल, राजा, बाबा भगत, बऊ पांडेय, राधे यादव और राजू बिंद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

खेल युवाओं में अनुशासन, एकता, नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं-अपर पुलिस अधीक्षक

गोपीगंज। सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज के प्रांगण में शनिवार को 24वीं शहीद झूरी सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक भदोही शुभम अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में खेल प्रेमियों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधन एवं विद्यालय परिवार की ओर से बैज लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों का भी सम्मान किया गया। सुबह 9:30 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने मैदान में उतरकर विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलकूद केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनके जरिए युवाओं में अनुशासन, एकता, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ मानसिक मजबूती के लिए भी खेल बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, परिश्रम और टीम के प्रति समर्पण होता है। खिलाड़ियों को पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने अमर शहीद झूरी सिंह के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनके नाम पर आयोजित यह प्रतियोगिता नई पीढ़ी को उनके त्याग और देशप्रेम की प्रेरणा देती है। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में शामिल सभी



टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने और खेल भावना बनाए रखने की अपील की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और बेहतर खेल अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर प्रशासक साम अब्राहम, प्रधानाचार्य वृन्दा साम सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं १०६ शिकायतें, १९ का निस्तारण

ज्ञानपुर। जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों औराई, भदोही और ज्ञानपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। तीनों तहसीलों में कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 19 का मौके पर निस्तारण किया गया। औराई तहसील में विभिन्न विभागों से संबंधित 62 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 52 प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपकर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं भदोही तहसील में 22 शिकायतों में से पांच और ज्ञानपुर में 22 शिकायतों में से चार का निस्तारण किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि 10 शिकायतें मिलने पर कम से कम पांच का उसी दिन निस्तारण करने का प्रयास किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जांच आख्या स्पष्ट, विस्तृत और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। शिकायतकर्ता को साथ लेकर मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया जाए तथा पारदर्शिता के लिए जीपीएस आधारित फोटो भी अपलोड की जाए। राजस्व विवादों के निस्तारण के लिए डीएम ने कानूनगो, लेखपाल और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर एक सप्ताह के भीतर स्थलीय जांच करने के निर्देश दिए। टीम दोनों पक्षों और गवाहों के बयान तथा साक्ष्य जुटाकर स्पॉट नोट तैयार करेगी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दो स्वास्थ्यकर्मी मिलीं अनुपस्थित

ज्ञानपुर। स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने के लिए शनिवार को एसआरएम विजिट के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आजाद अहमद ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बौरीबोज का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी मार सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला कानवा और आकांक्षा राव अपने निर्धारित कार्यस्थल से बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित मिलीं। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए दोनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के संकेत दिए। सीएमओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों की समय से उपस्थिति अनिवार्य है।

५६,६८० रुपये की वसूली के लिए गुरुग्राम प्रशासन को रिमाइंडर

ज्ञानपुर। जि

तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधा दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 86 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर छह का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अधिकारी पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व व पैमाइश के मामले में उप जिलाधिकारीगण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर भेजकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में शिकायत को सुनते हुए पीड़ित फरियादी को न्याय दिलाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना के तहत जो भी पानी शासन स्तर से सीधे शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक लिया जा रहा है अतएव सभी अधिकारी 30 नवम्बर सभी शिकायतकर्ता से वार्ता कर निस्तारण कराएं। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व

तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त ८६ प्रार्थना पत्रों में मौके पर छह का किया गया निस्तारण



सुनवाई करते डीएम व एसपी। छाया:आज

की आपूर्ति की जा रही है बेहतर ढंग कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों नियमानुसार निस्तारण कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, समाज कल्याण के द्वारा अत्यधिक असंतुष्ट फीडबैंक अधिक होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि एआर।कोआपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद वितरण व धान क्रय केन्द्रों पर नियमित खरीद की जाए यदि किसानों द्वारा शिकायत की जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी मड़िहान को निर्देशित किया कि वे स्वंय धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करे तथा आ रही बाधाओं का निराकरण कराएं। सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि नहरों की सिल्ट सफाई बेहतर ढंग से कराएं एवं टेल तक पानी पहुंचाए इसके में किसी प्रकार लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नहर सफाई व टेल पहुंचाने के सम्बंध में निरीक्षण कर यदि कोई समस्या आती है तो उसका निस्तारण कराएं। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में तहसील सदर में मुख्य राजस्व अधिकारी विजेता के समक्ष प्राप्त 92 प्रार्थना पत्रों में 06 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल के समक्ष प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रों में पांच का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार के समक्ष प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में तीन का निस्तारण किया गया। तहसील मड़िहान में उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। तहसील दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील प्रांगण में बनाए गए ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदाता को ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं में ईवीएम को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं रहना चाहिए। इस दौरान वीवीपैट से पर्ची मिलने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन कराया गया। केंद्र पर आने वाले लोगों ने ईवीएम से मतदान करके प्रक्रिया को समझा। जिलाधिकारी ने सभी कर्मियों को ड्यूटी पर सतर्क व सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

बेमौसम बारिश ने बढ़ायी किसानों की चिंता

हलिया। क्षेत्र में शनिवार को मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सुबह करीब 10 बजे के बाद शुरू हुआ रिमझिम बारिश का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। बारिश से जहां मौसम में ठंडक बढ़ गई, वहीं धान की कटाई और मड़ाई में जुटे किसानों के सामने नई मुसीबत खड़ी हो गई है।क्षेत्र में इस समय क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की फसल काटने में जुटे हैं। कई किसानों ने फसल काटकर खेतों और खलिहानों में रख दी है, लेकिन अभी उसकी मड़ाई नहीं हो पाई है। दिनभर हुई बारिश से कटी फसल भीग गई। ऐसे में किसान अपनी मेहनत की कमाई को बचाने के लिए त्रिपाल से फसल ढकने की जुगत में लगे हुए हैं। किसानों का कहना है कि इंद्रदेव भी इस समय किसानों से मुंह फेर लिए हैं। लगातार बारिश से खेतों में मड़ाई का काम ठप पड़ गया है और फसल खराब होने की चिंता सता रही है।किसान राकेश कुमार ने बताया कि खेत में काटकर रखी धान की फसल बारिश के पानी से भीग गई है, जिससे उसके खराब होने की आशंका है। वहीं किसान चंद्रभान ने बताया कि धान की फसल काटकर खेत में सूखने के लिए छोड़ी गई थी, लेकिन बारिश ने उसे भी भिगो दिया, जिससे उसमें नमी बढ़ गई है। किसान मिथिलेश तिवारी ने बताया कि बेमौसम बारिश से हम किसानों की फजीहत हो रही है एक तरफ कटी फसल को बचाने की जद्दोजहद है तो दूसरी तरफ आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। उधर, बारिश का असर बाजारों में भी देखने को मिला। हलिया बाजार सहित आसपास के बाजारों में आम दिनों की अपेक्षा चहल पहल कम रही। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए उमड़े युवा, बूथों पर दिखा उत्साह

चील्ह। कोन ब्लॉक की ग्राम पंचायत चेतगंज, धौरहरा और चील्ह सहित सभी बूथों पर शनिवार को विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथों पर पहुंचे। खासकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक-युवतियों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न बूथों पर नए मतदाताओं की भीड़ जुटने लगी। युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रपत्र भरे। वहीं, पहले से सूची में दर्ज मतदाताओं ने नाम और पते में संशोधन कराने के लिए भी आवेदन जमा किए। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी सुंदरा देवी और श्यामा देवी ने बताया कि मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और मृतक मतदाताओं का नाम हटवाने के लिए बूथ पर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। बीएलओ ने लोगों से आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और फोटो साथ लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा अपना नाम जरूर दर्ज कराएं, जिससे आगामी चुनाव में मताधिकार का प्रयोग कर सकें। ग्रामीणों ने बूथ स्तर पर मिल रही सुविधा की सराहना की। बीएलओ के अनुसार, रविवार को भी अभियान जारी रहेगा। जो लोग शनिवार को नहीं पहुंच सके, वे रविवार को बूथ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

दो नाबालिग किशोरियां गायब, प्राथमिकी दर्ज

अदलहाट। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से दो नाबालिग लड़कियों के गायब होने का समाचार प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक गांव निवासिनी एक महिला ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री सहित परिवार की एक अन्य 14 वर्षीय बालिका के गत 18 नवंबर दिन के लगभग तीन बजे से कहीं चली जाने की तहरीर स्थानीय थाने में दी है। तहरीर के मुताबिक, परिजन आसपास नाते रिश्ते में खोजबीन किए, किंतु कोई पता नहीं चला। अंत में विवश होकर स्थानीय थाने में तहरीर देकर खोजबीन किए जाने तथा प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग की है। स्थानीय पुलिस ने तहरीर के अनुसार प्राथमिकी दर्ज करते हुए अवर निरीक्षक रंजीत सिंह सेंगर को जांच सौंपी है।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बंदियों के रहन-सहन तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिलाधिकारी ने पुरुष एवं महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों के रहने की व्यवस्था, पेयजल, भोजन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कारागार परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और बंदियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बंदियों को सभी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी उन्होंने जेल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित बनाए रखने

बैरकों में साफ-सफाई, सुरक्षा और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए भी समुचित प्रबंध किये जाये जिलाधिकारी ने कहा कि कारागार में निरुद्ध बंदियों के मानवाधिकारों एवं मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिये उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने पर जोर दिया वहीं, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा उपकरणों, निगरानी प्रणाली एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिये और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाये निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सहित कारागार के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते डीएम व एसपी। छाया:आज

संदिग्ध परिस्थिति में छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के धनसिरियां गांव में बीती रात एक नाबालिग छात्रा ने घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मृतका के हाथ पर अनुपम लिखा



पाया गया है, जिससे घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।?प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के धनसिरियां गांव निवासी इंद्र कुमार राजभर की सोलह वर्षीय पुत्री कशिश राजभर जो कक्षा नौ की छात्रा व कबड्डी की खिलाड़ी थी। शुक्रवार की रात्रि में कशिश अपनी मां के साथ अपने गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान कशिश लगभग एक घंटे पहले ही अकेले अपने घर लौट आई थी। घर पहुंचने के बाद उसने कमरे के भीतर लोहे के पाइप के सहारे फांसी का फंदा लगा लिया।? लगभग एक घंटे बाद जब मां घर वापस लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो मां ने कुर्सी लगाकर रोशनदान से झांककर देखा तो बेटी कशिश फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी।मां ने किसी तरह दरवाजा खोला और फंदे से जब तक कशिश को नीचे उतारती,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।? मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान मृतका के हांथ पर मेंहदी से अनुपम लिखा मिला है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका था। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि धनसीरियां गाँव में एक छात्रा ने फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली है।पुलिस शव को लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दी है।पुलिस मोबाइल की काल डिटेल और अंत्यपरिक्षण के जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

एनसीसी सी-प्रो चैंपियनशिप में विकास गौतम ने हासिल किया प्रथम स्थान

मीरजापुर। नाओमिका कंप्यूटर कंसल्टेंसी एनसीसी की ओर से सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज एसएआरईसी के सहयोग से 20 नवंबर को एनसीसी सी-प्रो चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन किया गया। अंतरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता में मीरजापुर और सोनभद्र के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मीरजापुर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र, राजकीय पॉलिटेक्निक तथा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मीरजापुर के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रोग्रामिंग पर आधारित 30 बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षता और प्रोग्रामिंग कौशल का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मीरजापुर के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के चतुर्थ वर्ष के छात्र विकास गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता। प्रशांत सिंह ने द्वितीय तथा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र के कुलदीप चौरसिया ने तृतीय स्थान हासिल किया पुरस्कार वितरण समारोह में विभागाध्यक्ष प्रो. नम्रता ढांडा, डॉ. अजय सिकंदर, डॉ. रत्नेश कुमार पांडेय, सहायक आचार्य जयकिशन गुप्ता एवं आशीष विश्वकर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया कार्यक्रम में एनसीसी के सह-संस्थापक शिवम श्रीवास्तव, एरिक्सन की अनुरितिका सिंह, कोफोर्ज के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ आयुष सिंह तथा जीईजीए इन्फोटेक की पूर्ण स्टैक विकासकर्ता ह्रषिता मिश्रा मौजूद रही।

मैजिक की टक्कर से बाराती हुए घायल, चालक गिरफ्तार

सीखड़। चुनार कोतवाली अंतर्गत मंगरहां में शुक्रवार शाम बारात लगते समय मैजिक की टक्कर से कुल पांच बाराती घायल हो गए। घटना के बाद बारातियों ने वाहन चालक को पकड़कर जमकर उसकी पीटाई करने के बाद उसको पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शुक्रवार को मंगरहां निवासी धर्मेन्द्र सिंह के यहां सरवट सोनभद्र से बारात आई हुई थी। शाम को द्वारपूजा के लिए बारात लगते समय कछवां से चुनार की तरफ जा रही मैजिक द्वारा बारातियों को टक्कर मारी दिया गया, जिसमें कुल पांच लोग घायल हो गए। घायल होने वालों में संदीप कुमार, मुकेश कुमार , अंश दोनों पुत्र गंगाराम निवासी पिपराही कछवां सहित सचिन पुत्र पुन्नवासी निवासी विदापुर, शंकर पटेल पुत्र लालधारी निवासी सरवट थाना घोरावल व राजेंद्र सिंह पुत्र शिवमूरत निवासी सरवट घोरावल मीरजापुर घायल हो गए। कुछ लोग खेत में गिर गए जिससे वह बच गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची चुनार पुलिस के द्वारा मैजिक चालक को पकड़कर को पकड़कर अपने साथ थाने ले गई।

जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, सात घायल

हलिया। थाना क्षेत्र के चौरा गांव में शुक्रवार की देर शाम जमीन से जुड़े मामले को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल सात लोग चोटिल हो गए। इनमें तीन लोगों को गंभीर चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 50 वर्षीय सुरेश और 35 वर्षीय हरेंद्र के बीच जमीन को लेकर बातचीत के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष से सुरेश, 17 वर्षीय विपेंद्र और 22 वर्षीय बृजेश चोटिल हुए। वहीं, दूसरे पक्ष से हरेंद्र, 30 वर्षीय रविंद्र, 20 वर्षीया शिवकुमारी और 25 वर्षीया ममता को चोटें आईं। सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सुरेश, रविंद्र और शिवकुमारी की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर हलिया पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

संक्षेप

दीपों से जगमगाया विंध्यधाम, अक्षरा सिंह और नंदू मिश्रा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

विंध्याचल। मां विंध्यवासिनी की पावन नगरी में 20 नवंबर को श्री मां विंध्यवासिनी दीपदान महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। मां के भव्य श्रृंगार, दीपों की जगमगाहट और विशाल देवी जागरण ने पूरे विंध्यधाम को भक्तिमय बना दिया। भोजपुरी अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह और भजन गायक नंदू मिश्रा की प्रस्तुतियों ने महोत्सव में चार चांद लगा दिए। मंदिर परिसर को दीपों, रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया। स्वस्तिक यंत्र की विशेष रंगोली और केले के तनों पर जलते दीप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। विंध्य कॉरिडोर भी रोशनी से जगमगा उठा।



प्रस्तुति देती अक्षरा सिंह। छाया:आज

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आसनसोल के विनोद कुमार मुरारका ने की। देवी जागरण में नंदू मिश्रा और अमलेश शुक्ला ने भजनों की प्रस्तुति दी। नंदू मिश्रा ने गणेश वंदना के बाद आज हम आये हैं मैय्या जी तुझे मनाने और मैय्या तेरे ही सहारे मेरा परिवार है जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने जय गिरि नंदिनी स्तुति से प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद तेरे सिवा नहीं कोई सहारा और निमिया की डार लागेलू झुलुवा जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। उनके साथ सेल्फी लेने के लिए प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजन में संजय कुमार मुरारका, संजय कुमार पांडेय, सुनीता पांडेय, श्याम बजाज, संतोष सिंह और प्रेम शंकर पांडेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संयोजक पं. राजन पाठक, पं. रघुवर दयाल उपाध्याय और पं. राघवेंद्र उपाध्याय की भूमिका रही। मुख्य व्यवस्थापक पं. शेखर सरन उपाध्याय रहे।

चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

चुनार। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शुक्रवार की रात साईंनाथ कॉलोनी के पास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे दोनों युवकों को पीछा कर आवश्यक बल प्रयोग के बाद पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुद्ध विश्वकर्मा पुत्र जवाहिर विश्वकर्मा और राम आशीष पुत्र शिवबहादुर निवासी ग्राम नुआंव, थाना चुनार के रूप में हुई है। उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल एपेक्स हॉस्पिटल, समसपुर से चोरी की थी।

गृहस्थ आश्रम में रहकर भजन और सदाचार अपनायें-संत पंकज महाराज

जमालपुर। गृहस्थ आश्रम में रहकर भी भगवान की भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चला जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि मनुष्य अपनी दिनचर्या में भजन के लिए कुछ समय अवश्य निकाले। यह बातें शुक्रवार को सेमरा गांव में आयोजित सत्संग के दौरान संत पंकज महाराज ने कहीं। जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा से निकली जनजागरण यात्रा के सेमरा गांव पहुंचने पर अनुयायियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान संत पंकज महाराज ने कहा कि गृहस्थ आश्रम मनुष्य के लिए सबसे उत्तम है। इसमें रहते हुए मेहनत और ईमानदारी से जीविका कमानी चाहिए। साथ ही प्रतिदिन कुछ समय भगवान के भजन और ध्यान में लगाना चाहिए। उन्होंने लोगों से शाकाहारी, सदाचारी और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सबसे पहले व्यक्ति को अपने विचारों और व्यवहार में सुधार करना होगा। अच्छे विचारों से ही अच्छे समाज का निर्माण संभव है। महाराज ने नामयोग साधना के अंतर्गत सुमिरन, ध्यान और भजन की विधि भी समझाई। उन्होंने आगामी 17 से 21 दिसंबर तक मथुरा में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारा, सत्संग एवं मेले में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया।

उपजिलाधिकारी ने सीखड़ क्षेत्र के बूथों का किया औचक निरीक्षण

सीखड़। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का उपजिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह ने शनिवार को सीखड़ विकास खंड के विभिन्न मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। उपस्थित बी एल ओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को उपजिलाधिकारी अनेग सिंह ने सीखड़ विकास खंड के मेड़िया, बगहां, लालपुर, मंगरहा, सीखड़, गौरैयां, फुलहां बूथों का औचक निरीक्षण कर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के प्रगति के बारे में बी एल ओं से जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में वंचित न रहे। बीएलओ विधानसभा मतदाता सूची का गहनता पूर्वक अवलोकन कर लें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से मृतक,डबल और सिफ्टेड मतदाताओं की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची से फार्म सात भरवा कर निकाल दें। प्रारूप 6 के धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाएं तथा बीएलओ घर घर भ्रमण कर पात्र नये मतदाताओं का नाम प्रारूप 6 फार्म भरवा कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ें। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने संबंधित मतदेय स्थलों पर जाकर अपना एवं अपने परिवार की मतदाता सूची में अंकित प्रविष्टियों का अवलोकन कर लें और जिन भी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं है, वे बी एल ओं से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में अंकित करा लें। बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता पायें जाने पर संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

निरीक्षण करते एसडीएम। छाया:आज

खराब मौसम भी नहीं रोक पाया खादी महोत्सव का उत्साह

मीरजापुर। मौसम खराब होने के बावजूद खादी महोत्सव-2026 में खरीदारों का उत्साह कम नहीं हुआ। शनिवार को प्रदर्शनी के तीसरे दिन ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने ऊनी कपड़ों, कंबल और ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों की जमकर खरीदारी की। इसके चलते एक ही दिन में करीब 15 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मिर्जापुर की ओर से आयोजित मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में सुबह से ही खरीदारों की आवाजाही शुरू हो गई। ठंड को देखते हुए ऊनी वस्त्रों और कंबल के स्टॉलों पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। लोगों ने ऊनी वेस्टन, कंबल और अन्य गर्म कपड़ों की खरीदारी में विशेष रुचि दिखाई। वहीं आंवला उत्पादों सहित विभिन्न ग्रामोद्योग से जुड़े सामान भी ग्राहकों की पसंद बने रहे। मेले में खरीदारी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी लोगों का मनोरंजन किया। तीसरे दिन मिर्जापुर की सुप्रसिद्ध गायिका फागुनी देवी और उनकी टीम ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। हनुमान भक्ति पर आधारित गीत हनुमान तेरे भरोसे की प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। गीत के दौरान श्रोताओं ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को लेकर खासा उत्साह नजर आया। खराब मौसम के बावजूद लगभग 15 लाख रुपये की बिक्री होना स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

प्रस्तुति देते कलाकार। छाया:आज

दहेज उत्पीड़न के मामले में पति और सास पर मुकदमा दर्ज

हलिया। विवाहिता को दहेज के लिए परेशान करने और मारपीट कर मासूम बच्ची के साथ घर से बेदखल करने के मामले में हलिया पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर पति और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। धमौली गांव निवासी वंदना देवी का विवाह नौ मई 2023 को गढ़वा गांव के धीरज कोल के साथ हुआ था। विवाहिता के मुताबिक, शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल में दहेज को लेकर उसे उलाहने दिए जाने लगे। पिता की ओर से किस्तों पर बाइक उपलब्ध कराए जाने के बाद भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ।आरोप है कि 25 सितंबर को पति ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद सास केसरा देवी ने उसे अपनी दो वर्षीय बेटी दिव्यांशी के साथ घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मामले में विवाहिता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय जूनियर डिवीजन सिविल जज के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने पति धीरज कोल और सास केसरा देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय के आदेश के क्रम में दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

५० बीघा चारागाह भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

मीरजापुर। जनपद मिर्जापुर के विकासखंड मझवा अंतर्गत ग्राम पंचायत करशड़ा में पशुओं के चारागाह (चरागाह) के लिए सुरक्षित लगभग 50 बीघा सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से संरक्षित इस भूमि पर धीरे-धीरे मकानों और दुकानों का निर्माण कर लिया गया है, जिससे चारागाह का अस्तित्व लगभग समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार राजस्व विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं और चारागाह भूमि पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस पूरे प्रकरण में राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर सीमांकन, निरीक्षण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती, तो सरकारी भूमि पर इस स्तर का कब्जा संभव नहीं होता। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

युद्धके बीच संवादका संदेश

युद्धके इस दौरमें शान्तिके लिए सभ्यताओंके बीच संवादको रेखांकित करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने जो वैश्विक सन्देश दिया है, वह अत्यन्त महत्वपूर्ण और प्रासंगिक माना जायगा। दिल्ली स्थित पुराना किलामें पहले शंघाई सहयोग संघटन (एससीओ) सभ्यतागत संवाद मंचका उद्घाटन करनेके बाद प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीका यह कहना महत्वपूर्ण है कि हम ऐसे समयमें भारतमें सभ्यतागत सम्बन्धों और सांस्कृतिक जुड़ावकी बातें कर रहे हैं, जब दुनियाभरमें युद्ध और अशान्तिपर चर्चा हावी है। सांस्कृतिक जुड़ाव वैश्विक शान्तिकी सबसे मजबूत गारण्टी है। एससीओके इस पहले मंचका उद्देश्य सदस्य देशों, पर्यवेक्षक देशों और संवाद साझेदारोंके बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदानको बढ़ावा देना है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभ्यतागत एवं सांस्कृतिक सहयोगसे सदस्य देशोंके बीच सम्बन्ध और मजबूत होंगे। सभ्यता संवादोंको परिभाषित करते हुए प्रधान मंत्रीका यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि साम्राज्योंने दुनियाके नक्शे जरूर बदले हैं लेकिन सभ्यता संवादोंने दुनियाके विचार बदले हैं और उन्हें समृद्ध किया है। इसलिए एससीओको केवल सभ्यता संवादके एक सहारोह मंचके रूपमें नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि ये विश्वको दिशा देनेका एक मंच बन सकता है। इस सन्दर्भमें प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीका यह सुझाव भी महत्वपूर्ण है कि भारतके संग्रहालयों, पुस्तकालयों और अभिलेखागारोंमें हजारों वर्षोंकी अमूल्य विरासत आज भी संजोयी हुई है, जिनमें प्राचीन पांडुलिपियां, दुर्लभ ग्रंथ, ऐतिहासिक दस्तावेज और पुरावशेष हमारे आपसी सभ्यता, संस्कृतिसे जुड़े कई पहलुओंको सामने लाते हैं। इन्हें आज तकनीककी मददसे अमूल्य धरोहरोंको नयी पीढ़ीतक पहुंचा सकते हैं। इससे दुनियामें कहीं भी रहने वाला युवा किसी दूसरे देशकी सांस्कृतिक विरासतको कहीं अधिक गहराईसे समझ सकेगा। आज हमारे पास पहलेसे कहीं अधिक संसाधन है और हमें उनका पूरा उपयोग करना चाहिए। भारतकी सभ्यता-संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम्पर आधारित है, जो शान्ति और सौहार्दका सन्देश देती है। इसका प्रचार और प्रसार ही वैश्विक शान्तिका एकमात्र विकल्प है। आजके तनावपूर्ण माहौलमें प्रधान मंत्रीका वैश्विक सन्देश मीलका पत्थर साबित होगा। एससीओका यह सभ्यता संवाद मंच नये विचार सामने लायगा और सांस्कृतिक सहयोगके नये अवसर पैदा करेगा। साथ ही साझा सभ्यतागत अनुभव दुनियाको एकजुट करनेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

राहतकारी फैसला

सर्वोच्च न्यायालयका हालिया फैसला उत्तर प्रदेशके उन हजारों मौजूदा और सेवानिवृत्त कर्मचारियोंके लिए बड़ी राहत लेकर आया है, जिन्होंने अपने जीवनके महत्वपूर्ण वर्ष अस्थायी, दैनिक वेतन, मास्टर रोल या वर्कचार्जके रूपमें सरकारी व्यवस्थाको दिये हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीशचन्द्र शर्माकी पीठने राज्य सरकारके २०२१ और २०२५ के उन कानूनोंको असंवैधानिक करार देकर रद कर दिया है, जिनके जरिये नियमितीकरणसे पहलेकी सेवाको पेंशनके लिए अर्हक सेवा माननेसे रोका गया था। यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि उन कर्मियोंके परिश्रम और बुढ़ापेके सुरक्षाके अधिकारकी पुष्टि है। इस पूरे विवादकी जड़ २०१९ के प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामलेमें निहित है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालयने वर्कचार्ज प्रतिष्ठानकी सेवा पेंशनके लिए योग्य माननेका निर्देश दिया था। इसके बाद राज्य सरकारने २०२० के अध्यादेश और २०२१ के कानून तथा फिर २०२५ के कानूनके माध्यमसे अर्हक सेवाकी परिभाषा बदलकर पुरानी सेवाको बहाल करनेका प्रयास किया। न्यायालयने स्पष्ट किया है कि एक बार किसी कर्मचारीको निर्धारित योजनाके तहत नियमित कर दिया जाय तो वह नियमित सेवा व्यवस्थाका हिस्सा बन जाता है और उसकी शुरुआती नियुक्तिकी प्रकृतिका हवाला देकर उसे पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभोंसे वंचित नहीं किया जा सकता। इससे लोकनिर्माण, सिंचाई और भूजल जैसे विभागोंको पात्र कर्मचारियोंको सीधा लाभ मिलनेकी उम्मीद जगी है। सर्वोच्च न्यायालयने दावोंके निस्तारणके लिए छह महीनेकी समय-सीमा तय कर प्रशासनिक टालमटोलपर भी अंकुश लगाया है। अधिकारियोंको यह सुनिश्चित करना होगा कि पात्र कर्मियोंके दावोंपर तय अवधिमें निर्णय हो, अस्वीकृतसे पहले सुनवाईका अवसर मिले और कारण लिखित आदेशमें दर्ज हो। अब राज्य सरकार और सम्बन्धित विभागोंका दायित्व है कि इस फैसलेकी भावनाके अनुरूप संवेदनशीलता और तत्परता दिखाये, ताकि सेवानिवृत्त कर्मियोंको अपने अधिकारोंके लिए दर-दर भटकना न पड़े। यह केवल उत्तर प्रदेशके लिए नहीं, बल्कि इसका अनुपालन अन्य राज्योंको भी करना चाहिए।

लोक संवाद

बिहारका बदलता स्वरूप

महोदय,- बिहारकी पहचान अब केवल गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और पिछड़ेपनसे नहीं होगी, बल्कि उद्योग, व्यापार, निवेश और विकासकी नयी संभावनाओंसे भी होगी। कभी बदहाल व्यवस्था, कमजोर आधारभूत संरचना और रोजगारके सीमित अवसरोंके कारण देशभरमें चर्चामें रहने वाला बिहार आज अपनी आर्थिक तस्वीर बदलनेकी दिशामें आगे बढ़ रहा है। मुख्य मंत्री नीतीश कुमारके लम्बे कार्यकालमें आधारभूत सुविधाओंके क्षेत्रमें हुए प्रयासोंका असर अब दिखाई देने लगा है। इसी विकास यात्राको आगे बढ़ाते हुए मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी बिहारको देशका प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केन्द्र बनानेकी महत्वाकांक्षी योजनापर काम कर रहे हैं। यह केवल आर्थिक विकासका लक्ष्य नहीं है, बल्कि बिहारकी नयी पहचान गढ़नेकी दिशामें महत्वपूर्ण कदम भी है। पटनामें उद्योग विभागकी ओरसे आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला लेवरेजिंग एफटीए-आउटरीच प्रोग्राममें मुख्य मंत्री सम्राट चौधरीने स्पष्ट किया कि बिहारकी अर्थव्यवस्थाको मजबूत बनाने और युवाओंके लिए रोजगारके अधिक अवसर पैदा करनेका सबसे प्रभावी माध्यम उद्योगोंका विकास है। सरकारका लक्ष्य बिहारको देशके सबसे तेजीसे औद्योगिकीकरण करने वाले राज्योंमें शामिल करना और अंतरराष्ट्रीय बाजारोंतक उसकी पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके लिए राज्यमें निवेशको प्रोत्साहित करने, स्थानीय उत्पादोंको वैश्विक पहचान दिलाने और निर्यातकी संभावनाओंको विस्तार देनेकी दिशामें योजनाबद्ध तरीकेसे काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्रीने अपने संबोधनमें बिहारकी दो प्रमुख चुनौतियों आबादी और पानीका उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले दस वर्षोंमें इन दोनोंको राज्यकी ताकतमें बदलना होगा। बिहारके सामने जनसंख्याका दबाव एक बड़ी चुनौती जरूर है, लेकिन यही आबादी यदि शिक्षित, प्रशिक्षित और रोजगारसे जुड़ जाय तो राज्यकी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन सकती है। युवाओंको कौशल प्रशिक्षण देकर उद्योगोंकी जरूरतोंके अनुरूप तैयार करना होगा। इसी तरह जल संसाधनोंका उचित उपयोग कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और औद्योगिक गतिविधियोंको नयी गति दे सकता है। राज्यकी आर्थिक प्रगतिका उल्लेख करते हुए मुख्य मंत्रीने बताया कि पिछले बीस वर्षोंसे बिहारकी अर्थव्यवस्थामें दोहरे अंकोंकी विकास दर दर्ज की गयी है। कभी राज्यका बजट लगभग छह हजार करोड़ रुपये हुआ करता था, जो आज बढ़कर तीन लाख ४७ हजार करोड़ रुपयेतक पहुंच गया है। हालांकि बजटका आकार बढ़ना ही विकासका अंतिम प्रमाण नहीं हो सकता। इसका वास्तविक लाभ तभी माना जायगा जब इसका असर आम नागरिकके जीवन, किसानोंकी आय और उद्योगोंकी स्थापनाके रूपमें दिखाई दे। एक समय बिहारकी राजनीतिमें जंगलराज, अपराध, अव्यवस्था और पलायन जैसे मुद्दे प्रमुखतासे चर्चामें रहते थे। नीतीश कुमारके नेतृत्वमें सड़क, बिजली और प्रशासनिक व्यवस्थामें सुधारके प्रयासोंने बिहारको नयी दिशा दी। अब सम्राट चौधरीके नेतृत्वमें औद्योगिकीकरण और निर्यातको विकासका प्रमुख आधार बनानेकी कोशिश की जा रही है। बिहारके सामने सबसे बड़ी आवश्यकता युवाओंको अपने ही राज्यमें रोजगार उपलब्ध करानेकी है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्यामें युवा बेहतर अवसरोंकी तलाशमें दूसरे राज्योंकी ओर पलायन करते हैं। यदि बिहारमें उद्योगोंका विस्तार होता है तो रोजगारके नये द्वार खुल सकते हैं। इससे न केवल पलायनपर अंकुश लगानेमें मदद मिलेगी, बल्कि राज्यकी आर्थिक आत्मनिर्भरता भी मजबूत होगी। बिहारको देशका प्रमुख निर्यात केन्द्र बनानेका सपना निश्चित रूपसे बड़ा है। लेकिन इस सपनेको साकार करनेके लिए घोषणाओंके साथ धरातलपर ठोस परिणाम भी जरूरी हैं। यदि सरकार अपनी योजनाओंको समयबद्ध तरीकेसे लागू करनेमें सफल रहती है तो बिहार आने वाले वर्षोंमें वैश्विक बाजारमें पहचान बनाने वाला आर्थिक शक्ति केन्द्र बन सकता है। यही बिहारके उज्ज्वल भविष्यकी वास्तविक कसौटी होगी। **-कांतिलाल मांडोत, वाया ईमेल।**

विश्व कूटनीतिकी बदलती दिशा

भले ही भारत आसियानका पूर्ण सदस्य नहीं है, लेकिन यह संघटनके साथ साझेदारी और संवाद तंत्रके माध्यमसे जुड़ा हुआ है। वर्ष १९६७ में स्थापित आसियानमें ब्रूनेई, कम्बोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलयेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और तिमोर-लेस्ते शामिल हैं।

❐ पुष्परंजन

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी फिलीपींसके राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियरके निमंत्रणपर मनीलामें आयोजित २३वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और २१वें ईस्ट एशिया समिटमें भाग लेने गये थे। भले ही भारत आसियानका पूर्ण सदस्य नहीं है, लेकिन यह संघटनके साथ साझेदारी और संवाद तंत्रके माध्यमसे जुड़ा हुआ है। आसियानकी मशाल अब सिंगापुरके हाथोंमें है। वर्ष १९६७ में स्थापित आसियानमें ब्रूनेई, कम्बोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलयेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और तिमोर-लेस्ते शामिल हैं। वर्ष २०२७ में इस क्षेत्रीय समूहकी ६०वीं वर्षगांठ होगी। लेकिन पीएम मोदीका मनीला जाना इसलिए महत्वपूर्ण हो गया कि वहां क्वाड समूहकी शिखर बैठक भी साथ-साथ निबट गयी। क्वाडमें अमेरिका, जापान, भारत और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। पिछले दिनों क्वाड नेता फिलीपींसकी राजधानी मनीलामें बगलगीर थे। सितंबर २०२४ के बादसे यह उनकी पहली मुलाकात थी। चीनी पर्यवेक्षक इससे चिढ़से गये। 'ग्लोबल टाइम्स' ने उनके हवालेसे तंज किया, यह समूह फोटो डिप्लोमेसीतक ही सीमित है। जिसका कोई ठोस नतीजा नहीं निकलता। वजह साऊथ चाइना सी है, जहां चीनके अलावा फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान इस क्षेत्रके अलग-अलग द्वीपों और जलक्षेत्रोंपर अपना दावा जताते रहे हैं। इंडोनेशियाके साथ भी उसके समुद्री क्षेत्रको लेकर मतभेद हैं। अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरणने २०१६ में फिलीपींसके पक्षमें फैसला देते हुए चीनके ऐतिहासिक दावोंको अंतरराष्ट्रीय कानूनके विरुद्ध बताया था, लेकिन चीन इस फैसलेको नहीं मानता है।



शेनझेनमें आयोजित एपेक शिखर सम्मेलनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसके राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन यूक्रेन युद्ध समाप्त करने, ईरानसे शांतिकी बातपर अमल करते हैं तो शायद बहुध्रुवीय विश्वकी अर्थव्यवस्था पटरीपर आये। ट्रम्पके पास अब नेतन्याहू जैसा उग्र और अहंकारी साथी नहीं है, इसलिए वह इस बार अपने बयानोंके जरिये टैरिफ बम नहीं बरसा रहे हैं। फरवरी २०२६ में अमेरिका और रूसके बीच न्यू स्टार्ट संधि समाप्त होनेके बाद ट्रम्प हथियारोंपर नियंत्रणके लिए नयी और आधुनिक व्यवस्थाकी बात कर रहे हैं।

मनीला शिखर बैठकमें दक्षिण चीन सागरकी आचार संहितापर आसियान देश और चीन अंतिम समझौतेतक नहीं पहुंच सके, हालांकि मसौदेके लगभग ८० प्रतिशत हिस्सेपर अस्थायी सहमति बन चुकी थी। अब शायद सिंगापुर शिखर बैठकमें कुछ हो। फिलीपींसने अपनी आसियान अध्यक्षताके दौरान २०२६ के अंततक इस समझौतेको पूरा करनेका लक्ष्य रखा था, लेकिन मतभेदोंके कारण यह पूरा नहीं हो सका। सिंगापुरके पूर्व राजनयिक बिलाहारी कौसिकन अपनी बेबाक टिप्पणियोंके लिए मशहूर हैं। २०१५ में सिंगापुरमें आयोजित एक सम्मेलनमें बिलाहारीने आसियानकी तुलना 'एक गाय' से की थी, जो 'कभी घोड़ा नहीं बन सकती।' उन्होंने कहा कि दोनों ही जानवर उपयोगी हैं, लेकिन उनकी उपयोगिताका स्तर अलग-अलग है। लेकिन मनीला शिखर बैठकसे बड़ी कूटनीतिक कहानी शेनझेन शिफ्ट कर दी गयी है। १८ से १९ नवंबर २०२६ को २१ सदस्यीय एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन चीनके शेनझेन शहरमें आयोजित हुई। १९ नवंबरको शी जिनपिंग, डोनाल्ड ट्रम्प और ब्लादिमीर पुतिनके बीच पहली मुलाकातमें विश्वकी दिशा बदली, ऐसा कुछ पर्यवेक्षक कह रहे हैं। 'एपेक' पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्रमें मुक्त व्यापारको बढ़ावा देता है। भारत इसका सदस्य देश नहीं है।

अगरचे, यह त्रिपक्षीय बैठक ट्रम्पके नेतृत्व वाली रिपब्लिकन पार्टीकी शर्मनाक हारकी पृष्ठभूमिमें हो रही है, इसलिए ट्रम्प इसमें अपने लिए एक ही फायदा देखते हैं, जो जरूरी नहीं कि अमेरिकाके लिए भी फायदेमंद हो। वह अपने घरेलू समर्थकोंके सामने यह दावा कर सकते हैं कि मध्यावधि चुनावोंमें हारके बावजूद, 'वह अब भी इतने ताकतवर हैं कि दुनिया चला सकते हैं।' लेकिन ट्रम्पकी छविकी जिस तरह मिट्टी-पलीद हुई है, ट्रम्पकी ऐसी दावेदारीको शायद ही कोई सीरियसली ले। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशनके चाइना सेंटरके फेलो जोनाथन ए. जिनका कहना है कि ऐसी किसी स्थितिकी कल्पना करना मुश्किल है, जिसमें ट्रम्प, शी और पुतिनके बीच बैठकसे अमेरिका और उसके हितोंके लिए कोई अच्छा नतीजा निकला। हालांकि शेनझेनमें त्रिपक्षीय बैठक पुतिनकी हामीके बाद ही तय हुई थी। इस साल मईमें राष्ट्रपति ट्रम्पकी पेइचिंग यात्राके बादसे ही शी-ट्रम्प-पुतिनके बीच एक सम्भावित त्रिपक्षीय बैठकको लेकर अटकलें लगायी गयी थीं। जैसे ही ट्रम्पने पुष्टि की कि वह शेनझेनमें होने वाले एपेक शिखर सम्मेलनमें शामिल होंगे, पुतिनने बिना समय गंवाये फोनपर बातचीतके दौरान अपने अमेरिकी समकक्षके सामने एक संयुक्त बैठकका प्रस्ताव रख दिया। यूक्रेनपर रूसके पूर्ण सैन्य आक्रमणके बादसे उन्हें वर्षोंतक कूटनीतिक अलगाव और बहिष्कारका सामना करना पड़ा था।

ट्रम्पके तेवर भी मध्यावधि चुनाव परिणामके बादसे ढीले लग रहे हैं। मनीलामें पीएम मोदीके साथ उनकी देहभाषा दोस्ताना थी। मनीलामें ट्रम्पने कोई विवादित बयान भी नहीं दिया। मनीलामें पत्रकारोंसे बात करते हुए ट्रम्पने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उनसे मुलाकातकी सम्भावना जतायी। इस बैठकके लिए शेनझेनको चुननेके पीछे रूसकी सोचके बारेमें बताते हुए, वाशिंगटन स्थित स्टिमसन सेंटरकी सुन युन ने कहा, रूस संभवतः इस शिखर सम्मेलनका इस्तेमाल चीन और अमेरिकाको यूक्रेनके मुद्देपर मॉस्कोके रुखके करीब लानेके लिए करेगा। सुनने आगे कहा कि चीन हथियारोंके नियंत्रण, यूक्रेन या ईरान जैसे मुद्दोंपर बातचीतमें शामिल नहीं होगा, वह बस यही कहता रहेगा कि शांति जरूरी है और युद्ध खत्म होने चाहिए। तीनों नेता मिलकर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने, ईरानसे शांतिकी पहल करनेके वास्ते आगे बढ़ते हैं तो शायद बहुध्रुवीय विश्वकी अर्थव्यवस्था पटरीपर आये। ट्रम्पके पास अब नेतन्याहू जैसा उग्र और अहंकारी साथी नहीं है, इसलिए वह इस बार अपने बयानोंके जरिये टैरिफ बम नहीं बरसा रहे हैं। फरवरी २०२६ में अमेरिका और रूसके बीच न्यू स्टार्ट संधि समाप्त होनेके बाद ट्रम्प हथियारोंपर नियंत्रणके लिए नयी और आधुनिक व्यवस्थाकी बात कर रहे हैं।

सवैधानिक निष्ठा अनिवार्य

भारत स्वभावसे ही लोकतंत्रका उपासक है। भारतीय धर्म दर्शनमें सहमति और असहमतिकी सांस्कृतिक निरन्तरता है। भारतको दुनियाके किसी अन्य देशसे प्रेरित होनेकी आवश्यकता नहीं है।

❐ हृदयनारायण दीक्षित

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारतीय राजनीतिसे निराश हैं। जनता उनकी पार्टीको घास नहीं डालती। इसीलिए वे अब अमेरिकाकी शरणमें हैं। वे अमेरिकामें भारतकी बदनामीमें अतिरिक्त सक्रिय हैं। वे भारतमें २०२४ के चुनावको अवैध सिद्ध करनेका अभियान चला रहे हैं। दरअसल २०१४, २०१९ एवं २०२४ के आम चुनावके नतीजे राहुलकी पार्टीके विपरीत रहे। लगातार हारते हुए राहुल गांधी लस्त-पस्त हैं। वे तय नहीं कर पा रहे हैं कि खुले मनसे हार स्वीकार करें या कांग्रेस मजबूत करें या भारतीय चुनाव प्रणालीको निशानेपर लेते रहें। वे १९ नवंबर २०२६ के दिन अमेरिकाके शिकागो विश्वविद्यालयमें थे। राजनीति विज्ञानके छात्रों और अध्यापकोंको संबोधित करते हुए राहुलने २०२४ के आम चुनावको पूरी तरहसे अवैध ठहराया। वे भूल गये कि इसी विश्वविद्यालयमें भारतीय धर्म दर्शनकी श्रेष्ठतापर स्वामी विवेकानंदने महत्वपूर्ण भाषण दिया था। अच्छा होता कि वे विवेकानंदसे प्रेरणा लेते और यूनिवर्सिटीमें भारतीय लोकतंत्रकी प्रशंसा करते। वे भूल गये कि २०२४ के जिस चुनावको वे अवैध बता रहे हैं, वे स्वयं इसी चुनावके परिणामोंके आधारपर नेता प्रतिपक्ष निर्वाचित हुए हैं। वह ये भी भूल गये कि वे अमेरिकामें हैं और भारतीय लोकतंत्रकी मूल भावनाको कुठाराघात कर रहे हैं।

राहुलने यह भी कहा है कि कांग्रेसको २०२४ के लोकसभा चुनावके समयसे ही चुनावी गड़बड़ीका अंदेशा था। अब उनके पास सुबूत आ गये हैं। मूलभूत प्रश्न है कि वे देशके बाहर भारतीय चुनावको भ्रष्ट सिद्ध करनेके अभियानको क्यों चला रहे हैं। क्या अमेरिका उनकी बेचैनीका कोई समाधान कर सकता है। क्या हजारों वर्ष प्राचीन संस्कृति वाले राष्ट्र भारतकी चुनाव प्रणालीमें कोई हस्तक्षेप करनेकी स्थितिमें है। इसका उत्तर साफ है कि भारत संप्रभु राष्ट्र है। भारत दुनियाके किसी भी देशके दबाव या प्रभावमें काम नहीं करता। भारत स्वभावसे ही लोकतंत्रका उपासक है। भारतमें वैदिककालसे ही सभा और समितियां हैं। भारतीय धर्म दर्शनमें सहमति और असहमतिकी सांस्कृतिक निरन्तरता है। भारतको दुनियाके किसी अन्य देशसे प्रेरित होनेकी आवश्यकता नहीं है। लोकतंत्र भारतकी जीवनशैली है। राहुल पराजित मानसिकताके कारण वाणी और व्यवहारका समन्वय भी नहीं कर पाते। राहुलकी पार्टी जहां-जहां हारती है वहां-वहां ईवीएमपर आरोप लगाती है। चुनाव आयोगपर भी तथ्यहीन आरोप लगाती है। भारतमें संविधानकी सत्ता है। संविधानको मानना प्रत्येक नागरिकका कर्तव्य है। राहुल जैसे नेता संविधानका सम्मान नहीं करते। संवैधानिक संस्थाओंपर हमला बोलना, संविधानसे इनकार करना है। संविधानको न मानने वाले भारतके नागरिक नहीं हो सकते। राहुलकी पार्टी संसद चलने नहीं देती। संसद ही सहमति और असहमति व्यक्त करनेका सर्वोपरि संवैधानिक निकाय है। लोकतंत्रमें संवैधानिक निष्ठा अनिवार्य है। लेकिन वे न्यायालयोंकी गरिमाका ध्यान नहीं रखते। भारतीय चुनाव आयोगकी प्रशंसा सारी दुनियामें होती है। इसी अपने चुनाव आयोगकी भर्त्सना निन्दा मर्यादाहीन आचरणको भी पार करती है। हालांकि अमेरिकामें उन्होंने एक प्रश्नके उत्तरमें यह भी कहा है कि भारतीय लोकतंत्र हमारे लिए पवित्र है। उनका बयान उचित है। लेकिन इसी लोकतंत्रको वे लगातार अपमानित कर रहे हैं। चुनाव लड़कर संसद या विधान मण्डलमें पहुंचना प्रत्येक व्यक्तिका अधिकार है। सरकार बनाने चुनावके माध्यमसे यथाविधि सत्ता प्राप्त करनेकी संवैधानिक व्यवस्थाको चुनौती नहीं दी जा सकती। सत्ता अराजकता फैला कर नहीं मिलती है। संविधानका कोई विकल्प नहीं होता। उनकी पार्टीका जनाधार समाप्त हो गया है तो ये उनकी समस्या है। भारत भूमिसे बाहर भारतीय अर्थव्यवस्थाके भरभराके गिर जानेकी घोषणा भी राहुलने की है। वे अर्थशास्त्रके जानकार नहीं हैं।

ब्रिटेनमें भी संसदीय व्यवस्था है। ब्रिटिश संसदमें भी नेता विरोधी दल होते हैं। ऐसा अवसर कभी नहीं आया कि ब्रिटेनके नेता विरोधी दल दुनियाके किसी भी अन्य देशमें अपनी व्यवस्थाकी निन्दा नहीं करते। ब्रिटेनके राजनीतिक दल लेबर और कंजरवेटिव आपसमें अपने देशके भीतर ही खूब बहस करते हैं। नीतियोंकी आलोचना करते हैं। यूरोपके देशोंमें कोई विपक्षी दल या नेता देशके बाहर देशकी निन्दा नहीं करते। संयुक्त राज्य अमेरिकाकी संघीय व्यवस्था राज्योंकी राजनीतिको तमाम अवसर देती है। वहां दो विपरीत विचारधाराके राजनीतिक दल हैं रिपब्लिकन और डेमोक्रेट। लेकिन अमेरिकाके किसी विपक्षी नेताने अपने देशके बाहर अपने देशकी निन्दा नहीं की। भारत विशाल लोकतंत्र है। यहांके नेता प्रतिपक्षको हल्की बातें नहीं करनी चाहिए। उन्हें उच्च सुशिक्षित अर्थशास्त्रियोंकी सही परामर्श देने वाली एक टीम अपने पास रखनी चाहिए। आयात और निर्यातके आंकड़े भी देखने चाहिए। उनका सम्यक विश्लेषण भी करते रहना चाहिए। वित्तमंत्रीकी तरफसे तमाम आंकड़े दिये गये हैं। प्रधान मंत्रीने भी समय-समयपर अर्थव्यवस्थापर विचार व्यक्त किये हैं। प्राचीन परम्पराके अनुसार राजाको अर्थशास्त्रका ज्ञाता होना चाहिए। महाभारतके प्रसंगमें नारद युधिष्ठिरके राजभवन पहुंचे। उन्होंने युधिष्ठिरसे पूछा कि क्या अर्थचिन्तनके लिए समय निकालते हैं। युधिष्ठिर हा करते हैं। वाल्मीकि रामायणके अनुसार भरत श्रीरामको वापस अयोध्या लानेके लिए वन गये थे। श्रीरामने उनसे कई प्रश्न पूछे। उनमेंसे एक महत्वपूर्ण प्रश्न अर्थशास्त्रके लिए भी था। कौटिल्यने अर्थशास्त्रमें भी अर्थचिन्तनको जरूरी बताया है। यूरोपीय अर्थशास्त्रियोंमें एडम स्मिथ और मार्शल आदिके नाम सम्मान सहित लिये जाते हैं। राहुलको भारतीय अर्थव्यवस्थापर टिप्पणी करते समय प्राचीन प्रसंगोंको आधुनिक संदर्भमें पढ़ना और समझना चाहिए। वोट चोरीका मंत्र और शोर अनुचित है। सबसे बड़ी बात है कि वक्तव्य देनेका उचित समय और उचित स्थान। देशके बाहर ऐसे वक्तव्य देनेसे अपने देशकी ही बदनामी होती है। यह कृत्य संविधान और संस्कृतिका अपमान है। ऐसा कृत्य निन्दनीय है।



संजीवनी सुधा

❐ यशपाल कुमार

पूर्व कालमें जालन्धर नामका एक दैत्य था, तप द्वारा उसे ब्रह्मा जीसे यह वरदान प्राप्त हुआ था कि वह सर्व-विजयी होगा एवं वृन्दा नामकी शिवभक्त कन्याके भक्ति एवं तप बलके प्रभावसे यह किसीके द्वारा नहीं मारा जा सकेगा। ब्रह्माजीके वरदानसे वृन्दाके नामकी सुशील भक्त, तपस्वी कन्या उसे पत्नी रूपमें सुलभ हुई। अपनी तपस्या एवं वृन्दा पतिव्रत धर्मके प्रभावसे जालन्धरने त्रैलोक्यमें विजय प्राप्त कर ली। एक बार जालन्धर कैलाश पर्वतके मार्गसे जा रहा था, जहां उसने मां पार्वतीको दिगम्बर कैलाश पति आशुतोष भगवान शिवके साथ देखा, मां पार्वतीके सौन्दर्यपर जालन्धर मोहित हो गया एवं उसने भगवान शिवसे मां पार्वतीकी याचना कर डाली। अस्तु! भगवान शंकर एवं जालन्धरमें महान संग्राम छिड़ गया लेकिन ब्रह्मा जीके वरदान एवं वृन्दाके पतिव्रत धर्मके असीम शक्तिसे भगवान शंकरका त्रिशूल भी जालन्धरका कुछ न बिगाड़ सका। भगवान आशुतोष सदा शिवने सृष्टिके पालनकर्ता भगवान श्री हरिका स्मरण किया। श्री हरिने शिवको जालन्धरपर विजयका आश्वासन दिया। जिस वनमें पतिव्रता वृन्दा अपने पति जालन्धरकी जीवन रक्षाके लिए भगवानकी आराधना कर रही थी वहीं अनन्त श्री हरिने एक मायाकी रचना की, श्री हरि साधुका रूप धारण कर ध्यान मगन हो गये एवं जहां देवी वृन्दा भगवान शिवकी आराधनामें लीन थी उसकी गोदमें भगवान श्री हरिकी लीलासे जालन्धरका सिर कटकर गिर पड़ा। देवी वृन्दा ह्विल हो श्री हरिसे लिपटकर रोने लगी। अब साधु वेषधारी भगवान श्री हरि अपने वास्तविक स्वरूपमें प्रकट हो गये। भगवान श्रीहरिको देवी वृन्दाने क्रोधमें आकर श्राप दिया कि जाओ तुम शिला हो जाओ। भक्त वत्सल श्री हरिने वृन्दाको वरदान दिया कि मैं एक रूपसे शिला बनकर शालिग्रामके नामसे भक्तों द्वारा पूजा जाऊंगा, लेकिन तुम यह शरीर त्याग कर तुलसीकी मंजरी बनोगी। तुलसी दल मेरे मस्तकपर गंगाजलके साथ चढ़ेगा। गृहस्थों घरके हर आंगनमें तुम विराजमान रहोगी। जो सद्गृहस्थ अपने आंगनमें तुम्हारी प्रतिष्ठा करेंगे, उन्हें कोई रोग स्पर्श नहीं करेगा। संजीवनी सुधासे वहांका वातावरण सदा सराबोर रहेगा। जो भक्त श्रीकृष्ण शरणम् मम, श्री तुलसी देव्यै नमः। इन मंत्रोंसे तुम्हें प्रणाम करेंगे मेरी कृपा उनके परिवारमें सदा भगवद् भक्ति, सन्मति, शान्ति, धन-धान्य समृद्धिकी प्रतिष्ठा होगी। अमृतदायिनी औषधीय गुणोंसे युक्त तुलसी- तुम अमृत औषधिके रूपमें सर्वदा प्रयुक्त होगी। तुम्हारी प्रतिष्ठा एवं पूजन करने वालोंको मैं अकाल मृत्यु, सर्व-व्याधियोंसे मुक्त करता रहूंगा। उन्हें सदा सन्मति प्रदान कर अंत समयमें मोक्ष भी प्रदान करूंगा। हर घरमें श्री तुलसी जीके पौधेके रोपणसे वातावरण संजीवनी सुधारसे सराबोर हो जायगा।

रैगिंग नियंत्रणपर शिक्षण प्रशासनपर उठते सवाल

❐ रोहित माहेश्वरी

लखनऊके किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटीमें नये छात्रोंके साथ कथित रैगिंगका एक मामला बीते दिनों सामने आया है। इस घटनाका एक वीडियो सोशल मीडियापर वायरल होनेके बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग यानी एनएमसीने संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासनसे जवाब मांगा है। वायरल वीडियोमें एमबीबीएस प्रथम वर्षके छात्र-छात्राएं सफेद एप्रन पहने, हाथ पीछे बांधे और सिर झुकाकर एक कतारमें चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि परिसरमें कलाम सेंटरके पास सीनियर छात्रोंके गुजरनेपर नये छात्रोंसे तेज आवाजमें 'प्रणाम महोदय जी' और 'प्रणाम मैडम जी' बोलनेके लिए मजबूर किया जा रहा था। यह घटना जिस स्थानपर हुई, वहां सुरक्षाकर्मी और सीसीटीवी कैमरे मौजूद होनेके बावजूद इस तरहका व्यवहार होनेसे कैंपसकी निगरानी व्यवस्थापर सवाल उठाये जा रहे हैं। रैगिंग, यह शब्द पढ़नेमें सामान्य लगता है। इसके पीछे छिपी भयावहताको वे ही छात्र समझ सकते हैं, जो इसके शिकार हुए हैं। आधुनिकताके साथ रैगिंगके तरीके भी बदलते जा रहे हैं। रैगिंग आम तौरपर सीनियर विद्यार्थी द्वारा कालेजमें आये नये विद्यार्थीसे परिचय लेनेकी प्रक्रिया। लेकिन यदि किसी छात्रको रैगिंगके नामपर अपनी जान गंवाना पड़े तो उसे क्या कहेंगे। सीनियर छात्रोंके लिए रैगिंग भले ही मौज-मस्ती हो सकती है, लेकिन रैगिंगसे गुजरे छात्रके जहनसे रैगिंगकी भयावहता मिटती नहीं है।

हालके महीनोंमें उत्तर प्रदेशके लखनऊके अलावा जालौन और झांसी और राजस्थानके कोटा, बाड़मेरके मेडिकल कालेजोंमें रैगिंगके कई गम्भीर मामले सामने आये हैं। इनपर संज्ञान लेते हुए एनएमसी और राज्य सरकारोंने कई छात्रोंको निलंबित किया है और जीरो-टॉलरेंस नीति लागू करनेके निर्देश दिये हैं। कोटा मेडिकल कालेजमें रैगि

२८ नवंबर को नौसेना अकादमी की पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 नवंबर को केरल के एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी में ऑटम टर्म-2026 की पासिंग आउट परेड (पीओपी) की समीक्षा करेंगी। इस समारोह के साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों के 400 से अधिक अधिकारी प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण पूरा होगा और वे भारतीय नौसेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में अपनी सेवा शुरू करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, समारोह के दौरान प्रशिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पदक और ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। परेड का प्रमुख आकर्षण पारंपरिक %शिपिंग ऑफ स्ट्राइप्स% समारोह होगा, जिसके तहत प्रशिक्षुओं को कमीशंड अधिकारी का रैंक प्रदान किया जाएगा। पेरेरा परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाली इस परेड में प्रशिक्षु अपने अनुशासन, सटीकता और प्रशिक्षण कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेश के 72 जिलों में 20 हजार स्कूलों को मिलेंगी फुटबॉल, एक लाख गेंदों का होगा वितरण

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश में स्कूली बच्चों को फुटबॉल से जोड़ने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 'फुटबॉल फॉर स्कूल्स' कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फीफा के सहयोग से प्रदेश के सभी 72 जिलों में फुटबॉल वितरण अभियान शुरू किया है। 19 और 20 नवंबर को नवोदय विद्यालय समिति के निर्धारित संस्थानों के माध्यम से करीब 20 हजार पात्र स्कूलों को इस अभियान से जोड़ा गया। इस पहल के तहत प्रदेश के लगभग 22 हजार स्कूलों में करीब एक लाख फीफा फुटबॉल वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली स्तर पर फुटबॉल को लोकप्रिय बनाना, बच्चों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उनमें खेल भावना तथा टीमवर्क विकसित करना है।

साइबर ठगी गिरोह से संबंध के आरोप में एक गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली पुलिस ने देशभर में सक्रिय साइबर ठगी गिरोह के एक प्रमुख सदस्य के रूप में कथित तौर पर काम करने वाले 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी पर साइबर ठगों, अवैध ऑनलाइन गेमिंग संचालकों और अन्य गैरकानूनी वित्तीय नेटवर्क को बैंक खाते उपलब्ध कराने का भी आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान भाग सिंह के रूप में हुई है और उसे 18 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उसके पास से छह मोबाइल फोन, 15 डेबिट कार्ड, नौ चेकबुक, चार पासबुक और नौ सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी मूल रूप से उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले का रहने वाला है और दिल्ली के बापरोला इलाके के जय विहार में रह रहा था। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए मोबाइल फोन, बैंकिंग दस्तावेजों व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जा रही है, ताकि सिंह की भूमिका का पता लगाया जा सके, गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा सके और लेनदेन से लाभ पाने वाले अंतिम लोगों का पता लगाया जा सके।

बिहार समाचार

४१ किलो गांजाके साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित काररवाई करते हुए दावथ थाना क्षेत्र से 41.5 किलो अवैध गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया है। इस दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने विशेष छापामारी के क्रम में मालियाबाग चौक बस स्टैंड से तीनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 1. मिट्ठू गोस्वामी, पिता महेंद्र गोस्वामी, साकिन मसाढ़, थाना उदवंतनगर, 2. विकास साह, पिता छोटू साह, साकिन गुंडी सरैया, थाना कृष्णागढ़ और 3. प्रिंस कुमार, पिता लालबाबू गोस्वामी, साकिन मटुकपुर, थाना बड़हरा, सभी जिला भोजपुर के रूप में हुई है।पुलिस ने तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ विधिसम्मत अग्रतर काररवाई की जा रही है। बरामद गांजा की कीमत और तस्करी के नेटवर्क की जांच की जा रही है।रोहतास पुलिस ने कहा है कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

शिवम बने मिस्टर और खुशी बनीं मिस फ्रेशर

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार में रोहतास के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स में 21 नवंबर 2026 को नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ भाग लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनोरंजक गतिविधियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ फैकल्टी ऑफ कॉमर्स के डीन प्रो. डॉ. आशुतोष द्विवेदी ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अपने स्वागत संबोधन से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि सुदीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण को आवश्यक बताया। वहीं, विशिष्ट अतिथि श्री मिथिलेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को निरंतरता बनाए रखने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

सड़कों के निर्माण, मरम्मत कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं-डीएम

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिले में ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित सड़क निर्माण,सड़क।मरम्मत,सुदृढ़ीकरण एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं से विभिन्न सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा निर्माण कार्यों की प्रगति कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा और निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मगध रेंज के आईजी का मना जन्मोत्सव

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक तथा मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव का 47वां जन्मदिन सासाराम प्रखंड के अमरा तालाब स्थित गार्गी पाठशाला-परिसर में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सासाराम के अनुमंडल पदाधिकारी प्रिया रानी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1,विप्लव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिया रानी ने कहा कि लेट्स इंस्पायर बिहार से परोक्ष और प्रत्यक्ष रूप से लगभग छः लाख लोगों का जुड़ना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022487
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़े
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज नित्य अपडेट रहने का सबसे अच्छा
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०६.२०
सूर्यास्त : ०५.०८

तापमान
अधि. : २३.०
न्यून. : २१.०

शेष

विकासशील देशों...

कागज की डिग्री से ज्यादा इस बात का महत्व होगा कि आपके पास हुनर क्या है। आपका हुनर आपकी डिग्री से भी बड़ा हो जाएगा। पीएम ने वाराणसी के एक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अब यूपी बदल रहा है। अब यह पहले वाला प्रदेश नहीं है। रात में काम करने वाली एक लड़की ने मुझसे कहा कि अब वह रात के 11 बजे से आसानी से अपने घर चली जाती है। पहले ऐसा नहीं था। यूपी में रहने वाले लोग जानते हैं कि कि रात में बेटी के घर आने का क्या मतलब होता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था का यह माहौल योगी आदित्यनाथ की वजह से बन पाया। पीएम मोदी ने कहा कि अंग्रेजों ने कौशल आधारित व्यवस्था को समाप्त किया। मैकाले ने देश की व्यवस्था को तबाह किया और उस शिक्षा व्यवस्था ने देश के कौशल को नुकसान पहुँचाया। उन्होंने केवल क्लर्क तैयार करने का काम किया। आज जब कोई बच्चा आईटीआई में प्रवेश लेता है, तो माता-पिता यह बात छिपाते हैं, लेकिन अब इस मानसिकता को खत्म करना होगा। जितना सम्मान आईआईटी के विद्यार्थियों को मिलेगा, उतना ही सम्मान आईटीआई के विद्यार्थियों को भी मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आक्रांताओं ने भारतीय कारीगरों के हुनर को कमजोर करने के लिए उनके कौशल पर चोट की, जबकि अंग्रेजों ने मैकाले की शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से कौशल आधारित परंपरा को पीछे धकेलकर कागजी क्लर्क तैयार करने वाली व्यवस्था को बढ़ावा दिया।

योगीकी मां...

शरीर को कंधा दिया। इस दौरान वह भावुक नजर आये। घाट पर अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए साधु-संतों और नेता-मंत्रियों के आने का सिलसिला जारी रहा। 13 अखाड़ों के आचार्य और श्रीमहंत भी अंतिम विदाई में शामिल हुए। सावित्री देवी का अंतिम संस्कार हरिद्वार में किये जाने के पीछे परिवार की परंपरा भी जुड़ी है। पंचूर गांव के लोग अपने परिजनों का अंतिम संस्कार परंपरागत रूप से हरिद्वार में करते हैं। इसी परंपरा के अनुसार सावित्री देवी को भी पैतृक घाट लाया गया। इससे पहले योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट का निधन 21 अप्रैल 2020 को हुआ था। कोरोना संक्रमण के दौर में परिस्थितियों के चलते उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार के बजाय फूलचट्टी घाट पर किया गया था। अंतिम यात्रा के दौरान लक्ष्मण झूला-कांडी मोटर मार्ग पर जगह-जगह ग्रामीणोंने पुष्प वर्षा कर सावित्री देवी को श्रद्धांजलि दी। शव वाहनपर फूल बरसाकर लोगों ने अपनी श्रद्धा व्यक्त की। यात्रा के दौरान लगातार भगवद्गीता का पाठ होता रहा। गांव से लेकर हरिद्वार तक बड़ी संख्यामें लोग इस अंतिम विदाई के साक्षी बने।

दो सड़क हादसों...

योगी (33), अमीनुल हक (32), रफीक (50) और आलम की मौत हो गयी। मकबूल खान जयपुर की जवाहर नगर कच्ची बस्ती के रहने वाले थे, जबकि हरिओम योगी राजस्थान के अलवर जिले के पीपलखेर के निवासी थे। वहीं संतकबीरनगर के धनघटा क्षेत्र में रामजानकी मार्ग पर देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। तेलियागंज के पास करीब एक बजे उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। हादसे में तीनों युवकों की जान चली गयी। वे एक ही गांव के रहने वाले थे और शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, धनघटा क्षेत्र के पाराहर गोविंद गांव के तीन युवक गांव के ही एक युवक की शादी में शामिल होने गये थे। देर रात तीनों एक ही बाइक से वापस लौट रहे थे।

मणिपुरमें...

कहा कि प्रभावित परिवारों को बिना देरी पूरी सहायता और उचित मुआवजा मिलना चाहिए। राहुल ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बेहतर इलाज और उनके जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद भी जतायी। उनका कहना है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। चंदेल जिले के चकपी करोंग और आसपास के इलाकों में स्थानीय शराब पीने के बाद बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ गये। अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। करीब 150 मरीज इंफाल के शिजा अस्पताल में जांच और इलाज करा रहे हैं। इसके अलावा बाबिना अस्पताल में भी कई मरीज भर्ती हैं। आशंका जताई जा रही है कि स्थानीय शराब में जहरीला रसायन मेथनॉल मिला हुआ था।

एक करोड़से...

मीरगंज पुलिस की संयुक्त टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक हेरोइन की खेप लेकर बरेली-रामपुर हाईवे से गुजरने वाला है। सूचना पर टीम ने लभारी चौकी के पास घेराबंदी कर फरीदपुर थाना क्षेत्र के काली नगला निवासी रजनेश कुमार (35) को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 533 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चालक है। ट्रांसपोर्ट नगर में उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई थी, जिसने हेरोइन दिल्ली पहुंचाने के बदले प्रत्येक चक्कर के 20 हजार रुपये देने का लालच दिया था। तस्कर उससे स्नैपचैट के जरिये संपर्क करता था और बातचीत के बाद अपनी आईडी डिलीट कर देता था। दिल्ली पहुंचने पर फोन करके सप्लाई लेने वाले व्यक्ति और स्थान की जानकारी दी जाती थी। आरोपी इसी खेप को दिल्ली पहुंचाने जा रहा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उसके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी मिली है। वर्ष 2016 में फरीदपुर थाने में उसके खिलाफ मारपीट, दुर्घटना और धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। एएनटीएफ और मीरगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब 1.07 करोड़ रुपये कीमत की 533 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

जनता भाजपाको...

तारीख आते ही पार्टी की हार तय हो जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने अग्निवीर योजना पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अग्निवीर जैसी व्यवस्था को हमेशा के लिए समाप्त किया जाएगा। भाजपा के चिंतन शिविर में लगाए गए नारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी का कमल अब खिलने के बजाय मुरझा रहा है। अखिलेश यादव ने नौकरशाही पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी भाजपा के पदाधिकारियों की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की जाएगी। इस संबंध में पत्र भेजने की तैयारी है, जिस पर विधायक, विधान परिषद सदस्य और सांसद भी हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है और कई जगहों पर सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। नवगांव उपचुनाव का जिक्र करते हुए अखिलेश ने एक अधिकारी पर फर्जी वोट डलवाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीडीए समाज के मतदाताओं के वोटों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी हिंसा के बजाय तकनीक और विकास के जरिए जवाब देगी। उन्होंने कहा, लाठी का जवाब लैपटॉप से देंगे, लाठी हारेगी और लैपटॉप जीतेगा। गोरखपुर में हुए हादसे को लेकर अखिलेश ने कहा कि दो दिन शोक व्यक्त करने के बाद वह इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उनके गोरखपुर दौरे के दौरान हुए हादसे में भाजपा नेता के बेटे की मौत हो गई थी।

नीट पेपर...

गया। उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और मुकदमे का सामना करने की बात कही। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और भ्रष्टाचार समेत कई आरोप तय किए हैं। 25 नवंबर से मामले की रोजाना सुनवाई होगी। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी, जिसमें करीब 22 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद एनटीए ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। दिल्ली की अदालत ने 18 नवंबर को 206 पन्नों के आदेश में सभी 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि पहली नजर में आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और भ्रष्टाचार समेत कई अपराधों के पर्याप्त सबूत हैं। अदालत के मुताबिक, आरोपियों ने एनटीए की गोपनीय परीक्षा सामग्री अवैध तरीके से हासिल की, उसे एक-दूसरे तक पहुंचाया और उसका इस्तेमाल किया। कोर्ट ने इसे संगठित साजिश का हिस्सा बताया। कोर्ट के मुताबिक, मनीषा गुरुनाथ मंधारे, पीवी कुलकर्णी और मनीषा संजय हवालदार ह्ज्ञ के लिए काम कर रहे थे। इसलिए उन्हें लोक सेवक माना गया है। आरोप है कि तीनों ने दूसरे आरोपियों के साथ मिलकर परीक्षा के गोपनीय सवाल अवैध तरीके से हासिल किए। मंधारे बायोलॉजी, पीवी कुलकर्णी केमिस्ट्री और हवालदार फिजिक्स की एक्सपर्ट थीं। कोर्ट ने कहा कि तीनों पर परीक्षा सामग्री की गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी थी।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। सरकार द्वारा टेंडर में गेहूं की मात्रा बढ़ाए जाने तथा फ्लोर मिलों की मांग घटने से गेहूं के भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि निर्यातकों की मांग बढ़ने से बासमती चावल में 100 रुपये क्विंटल की बढ़ोतरी हुई। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से चना व उड़द के भाव 50/200 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। भारी सट्टेबाजी के चलते बिकवाली कमजोर होने से सरसों के भाव 250 रुपये व इसके तेल के भाव 400 रुपये प्रति क्विंटल उछल गए। जबकि उठाव न होने से बिनौला व सीपीओ तेल की कीमतों में 100/150 रुपये क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मांग कमजोर होने से मिल डिलीवली चीनी के भाव 20/30 रुपये प्रति क्विंटल दब गए। किराना जिंसों में मांग कमजोर होने से मगजतरबूज व बड़ी इलायची की कीमतों में 10/30 रुपये की गिरावट रही। उठाव न होने से धनिया-हल्दी व जीरे के भाव 100/500 रुपये प्रति क्विंटल घट गए।

अनाज-दाल

सरकार द्वारा ओपन सेल में गेहूं की मात्रा 11000 टन से बढ़ाकर 15000 टन कर दिए जाने के कारण फ्लोर मिलों की मांग सुस्त पडने से 35 रुपये घटकर मिल डिलीवरी 3035/3040 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 3043/3045 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। निर्यातकों की मांग निकलने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल 100 रुपये बढ़कर 1509 चावल सेला 8600/8700 रुपये तथा स्टीम 8900/9000 रुपये, बासमती 1718 सेला 8900/9100 रुपये तथा 1401 स्टीम के भाव 9500/9600 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। दाल मिलों की मांग सुस्त पडने से उड़द 100/200 रुपये घटकर देसी 9400/9600 रुपये तथा रंगून उड़द एफएक्यू 9650/9675 रुपये तथा एसक्यू के भाव 10700/10750 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। लारेंस रोड पर चना भी मांग कमजोर होने से 50 रुपये घटकर 7700/7725 रुपये तथा इसकी दाल 50 रुपये घटकर 8800/9200 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। जबकि दूसरी ओर आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से कनाडा की मसूर 25/50 रुपये तेज होकर 5900/5925 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

तेल-तिलहन

सरसों की बिजाई कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने के साथ-साथ भारी सट्टेबाजी के चलते सरसों के भाव 250 रुपये बढ़कर 10150/10200 रुपये तथा सरसों तेल के भाव 400 रुपये बढ़कर 20200 रुपये प्रति क्विंटल के सर्वकालीन उच्च स्तर पर पहुंच गए। जबकि रिफाइंड वालों की मांग कमजोर होने से बिनौला तेल 100 रुपये मुलायम होकर 13850 रुपये रह गया। वनस्पति घी निर्माताओं की मांग कमजोर होने तथा विदेशों के मंदे समाचार आने से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल 150 रुपये गिरकर 10450 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। साबुन निर्माताओं की मांग घटने से अखाद्य तेलों में राइसफैटी के भाव 100 रुपये घटकर 10300/10350 रुपये तथा एसिड ऑयल के भाव 50 रुपये घटकर 9150/9200 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

गुड़-चीनी

ग्राहकी कमजोर होने तथा यूपी की मिलों द्वारा भाव घटाकर दिए जाने से चीनी मिल डिलीवरी के भाव 20/30 रुपये मुलायम होकर मिल डिलीवरी 5550/5780 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। हाजिर चीनी के भाव भी 5850/6100 रुपये प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। आवक की अपेक्षा मांग कमजोर होने से गुड़ पेड़ी के भाव 5000/5100 रुपये तथा ढैया के भाव 5200/5300 रुपये प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। शक्कर व खांडसारी में भी उठाव न होने से कारोबार कमजोर रहा।

किराना-मेवे

ग्राहकी कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से बड़ी इलायची 30 रुपये घटकर 1550/1600 रुपये प्रति किलो रह गई। मांग के अभाव में हल्दी 200 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 23100/23200 रुपये सेलम फली 24100/29800 रुपये तथा जीरा 500 रुपये घटकर 29100/29800 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। धनिया भी ग्राहकी कमजोर होने से 200 रुपये घटकर बादामी 18200/18500 रुपये तथा ग्रीन मालों के भाव 19500/21500 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। मगजतरबूज स्टाकिस्टों की बिकवाली से 10 रुपये घटकर 620/625 रुपये प्रति किलो रह गए।

सर्राफा

विदेशों के मंदे समाचार आने से सोने के भाव 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 4000 रुपये प्रति किलो आज और टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली घटने से सोना 30 डॉलर घटकर 3540 डॉलर प्रति ओंस रह जाने से सोना 450 रुपये घटकर किलोबार 127000 रुपये तथा स्टैंडर्ड 127650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 8 ग्राम वाली गिन्नी भी मांग कमजोर होने से 3000 रुपये लुढ़कर 94000 रुपये रह गई। विदेशों में चांदी के भाव 100 सेंट घटकर 4130 सेंट प्रति ओंस रह जाने से चांदी हाजिर 4000 रुपये गिरकर 155000 रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसके समर्थन में चांदी सिक्का भी 100 रुपये घटकर 1700/1800 रुपये रह गया।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/वाराणसी-I, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर खुली **ई-निविदाएँ दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम व स्थान	उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीज़न के अंतर्गत वाराणसी से Ch-764.075 किमी के बीच (इसमें ब्रिज नंबर 11 के ऊपर का ट्रैक शामिल नहीं है) B.G. ट्रैक और टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जॉइंट और SEJ लगाना, मौजूदा ट्रैक और टर्नआउट को हटाना, बैलास्ट (गिट्टी) की हैंडलिंग, उसे उठाना, लोड करना, अनलोड करना और फैलाना, तथा अन्य संबंधित कार्य। [प्रोजेक्ट का नाम: वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग (15 किमी), जिसमें गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण भी शामिल है।		
कार्य की अनुमानित लागत	₹1663.98 लाख	**धरोहर राशि**	₹33,28,000/- मात्र
कार्य समापन की अवधि	42 (बयालीस) माह		
ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख	निविदाएँ दिनांक **26.12.2026** को **15:00 बजे** तक IREPS के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती हैं तथा दिनांक **26.12.2026** को समय **15:00 बजे** खोली जाएंगी।		
विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र	विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक **04.12.2026** से IREPS के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक **12.12.2026** से **26.12.2026** तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।		

संख्याः **36-टेण्डर/उपमुइंजी/नि०/वाराणसी-I**
दिनांक **19.11.2026** **4067/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय प्रबन्ध समिति जयहिन्द विद्या मन्दिर इण्टर कालेज अहरौरा मीरजापुर

आवश्यकता/विज्ञप्ति

शिक्षा निदेशक (मा०) उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक /सा0(1)/शि0/वाद / 1819-22/2026-27 दिनांक 27 मई 2026 द्वारा जयहिन्द विद्या मन्दिर इण्टर कालेज अहरौरा मीरजापुर में सहायक लिपिक सामान्य श्रेणी (वेतन 5200-20200 पेडपे 2000) एवं अन्य भत्तो सहित 01 पद को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी हैं। जिसके लिए शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट के साथ कम्प्यूटर संचालक (DOEACE/NIELYT) सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सी०सी०सी० या समकक्ष प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा / डिग्री साथ में PET में 50 से अधिक पर्सेन्टाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत पथन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे (PET स्कोर का तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा की घोषित वैद्य स्कोर से है) प्रश्नगत विज्ञापन में हिन्दी / अंग्रेजी में क्रमशः 25/30 शब्द प्रति मिनट टंकण गति हो। आयु चयन वर्ष की 01 जुलाई को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होगी। शासन के नियमानुसार आरक्षित वर्ग के आयु में छूट प्रदान की जायेगी । अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र स्वतः बनाकर विद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक से अंतिम तिथि दिनांक 28.11. 2026 तक नवीनतम फोटो चस्पा कर स्व0 प्रमाणित समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक संलग्नको सहित प्रेषित करें, तथा एक छाया प्रति जिला विद्यालय निरक्ष क मीरजापुर के ई-मेल आई0डी rmsa.mzp@gmail.com पर प्रेषित करें, अथवा एक प्रति डाक से भेजें। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। लिपिक के रिक्त पद पर सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू0 750.00 तथा अनुसूचित जाति, जनजाति/ई0डब्ल्यू0एस0 हेतु रू0 500.00 का शुल्क बैंक ड्राफ्ट / पोस्टल आर्डर एवं एन०ई०एफ०टी०के माध्यम से संस्था प्रबन्धक जयहिन्द विद्या मन्दिर इण्टर कालेज अहरौरा मीरजापुर के नाम देय होगा। । आवेदित अभ्यर्थी को टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार के सम्बन्ध में रजिस्ट्रर्ड डाक से सूचना प्रेषित की जायेगी ।

प्रबन्धक
जयहिन्द विद्या मन्दि इण्टर कालेज अहरौरा, मीरजापुर

पत्रांक/प्र.स./प्रे.वि./जे.एच.आई./348 दिनांक 29.6.2026

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/वाराणसी-I, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर **खुली ई-निविदाएँ दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम व स्थान	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत काशी से ब्लॉक हट B (764.075 किमी – 757.00 किमी) के बीच, जिसमें व्यास नगर यार्ड भी शामिल है, B.G. ट्रैक और टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जॉइंट और SEJ लगाना, मौजूदा ट्रैक और टर्नआउट को हटाना, बैलास्ट (गिट्टी) की हैंडलिंग, उसे उठाना, लोड करना, अनलोड करना और फैलाना, तथा अन्य संबंधित कार्य। [परियोजना का नाम: वाराणसी – पं. दीन दयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग (15 किमी), जिसमें गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण भी शामिल है]		
कार्य पूरा करने की अवधि	36 (छत्तीस माह) माह		
कार्य की अनुमानित लागत	रु. 1647.17 लाख		
धरोहर राशि	रु. 32,94,400/- मात्र		
**ई निवि

संशोधित भूमि अथवा भवन हेतु मासिक दरों का निर्धारण

कार्यालय नगर पंचायत, ओबरा–सोनभद्र

पत्रांक–416 /न.प.ओबरा/2026–27

अनन्तिम संशोधित अधिसूचना

दिनांक–21.11.2026

शासन के पत्र संख्या–912/नौ–9–24–85ज/05 टी.सी.–01 लखनऊ, दिनांक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों हेतु स्वकर उपविधि लागू किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है उक्त स्वकर उपविधि की धारा–05 (1) में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ओबरा के द्वारा स्वकर की वार्षिक दरों के निर्धारण हेतु प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की दरों का निर्धारण किया गया था। उपरोक्त उपविधि के अन्तर्गत प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की दर का निर्धारण कर अन्तिम प्रकाशन कार्यालय पत्रांक–260/न.पं.ओ./2024–25 दिनांक–04.09.2024 को कराया गया था।

पूर्व में कराये गये अन्तिम प्रकाशन के दो वर्ष बाद निकाय बोर्ड की बैठक दिनांक–31.10.2026 द्वारा प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की दरों के निर्धारण में संशोधन किये जाने हेतु सर्व सम्मति से संस्तुति की गयी।

उपरोक्त उपविधि के अन्तर्गत प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की दर का निर्धारण कर अनन्तिम प्रकाशन हेतु नगर पंचायत ओबरा के सीमान्तर्गत सम्बन्धित व्यक्तियों से आपत्ति/सुझाव हेतु सूचना प्रकाशित की जा रही है नगर पंचायत ओबरा के सीमान्तर्गत सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत ओबरा के कार्यालय में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्राप्त करा सकते है, जिसका नियमानुसार निस्तारण किया जायेगा, परन्तु 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नगर पंचायत ओबरा के कक्ष (वार्ड/मुहल्ला) वार आवासीय / अनावासीय भवन एवं कृषक भूमि / प्लाट हेतु निर्धारित मासिक कर / किराया (प्रति वर्ग फीट) दरों की सूची

क्र. सं.	कक्ष का नाम मुहल्ले का नाम	सर्किल रेट प्रति वर्ग मीटर	24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर दरें (प्रति वर्ग फीट) रूपये में				12–24 मी. तक चौड़े मार्ग पर दरें (प्रति वर्ग फीट) रूपये में				09–12 मी. तक चौड़े मार्ग पर दरें (प्रति वर्ग फीट) रूपये में				09 मी. कम चौड़े मार्ग पर दरें (प्रति वर्ग फीट) रूपये में			
			पक्का भवन, RCC छत या RB छत सहित	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित नहीं है	खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि	RCC/RB छत सहित पक्का भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित	खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि	RCC/RB छत सहित पक्का भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित	खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि	RCC/RB छत सहित पक्का भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित	खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि
1	महाराणा प्रताप नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
2	अग्रवाल नगर ब्लाक ए	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
3	अग्रवाल नगर ब्लाक बी	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
4	राजकुमारी नगर बिल्ली स्कूल	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
5	डिग्री कालेज शारदा मन्दिर रोड से रासपहाड़ी मोड़ तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
6	डिग्री कालेज गीता मन्दिर रोड से बिल्ली स्कूल रोड दोनो तरफ	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
7	बिल्ली स्कूल के सामने से रासपहाड़ी मोड तक दोनो तरफ	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
8	सम्राट अशोक नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
9	तहसील रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
10	क्लब–4 रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
11	अययपा रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
12	गीता मन्दिर तिराहा आकाश वाणी रोड से आर्य समाज तिराहा तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
13	आर्य समाज चौराहा वी0आई0 पी0 रोड से दादा ऊन चौराहा तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
14	दादा ऊन चौराहा से डिग्री कालेज रोड डंगर की दुकान तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
15	डंगर की दुकान से क्लब नं0 –4 के सामने से0–8 कालोनी व डिग्री कालेज गीता मन्दिर रोड तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
16	वी0आई0पी0 रोड चड्ढा मार्केट होते हुये से0–8 कालोनी तक	5300	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
17	चन्द्रशेखर नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
18	आकाशवाणी कालोनी रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
19	सुमन नगर रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
20	गैस गोदाम रोड निकट वन विभाग गेट से गीता मन्दिर तिराहा तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
21	गैस गोदाम रोड निकट वन विभाग गेट से राम मन्दिर गेट वी0आई0पी0 रोड तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
22	गीता मन्दिर चौराहा से आर्य समाज तिराहा तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
23	श्रीराम नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
24	नगर पंचायत वी0आई0पी0 रोड दोनो तरफ से से0–9 सब स्टेशन तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
25	से0–9 गौरी की दुकान से ओम चौराहा तक दोनो तरफे	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
26	ओम चौराहा से लेकर नये पुल की बाउण्ड्री तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
27	दादा ऊन चौराहा से डिग्री कालेज की बाउण्ड्री तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
28	डिग्री कालेज चौराहा से लेकर तहसील रोड सम्पूर्ण कालोनी ए ब्लाक व बी ब्लाक तक	5300	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
29	वार्ड–15 न्यू कालोनी, श्रीराम नगर सम्पूर्ण भाग	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
30	अटल नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
31	वार्ड–14 रेलवे क्रासिंग से लेकर से0–10 कालोनी की बाउण्ड्री तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
32	नई बस्ती	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
33	अहमद नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
34	कुरैश नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
35	कर्बला रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
36	रेलवे क्रासिंग से अल्ट्राटेक गेट तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
37	दीन दयाल नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
38	आर्य समाज चौराहा वी0आई0 पी0 रोड से दादा ऊन चौराहा तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
39	दादा ऊन चौराहा से क्लब नं0–1 के पीछे तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
40	क्लब नं0–1 के पीछे से गॉधी मैदान तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11

शेष पृष्ठ ९ पर

41	आर्य समाज चौराहा से बैंक रोड कस्तूरबा मार्केट तक दोनो तरफ	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
42	लक्ष्मीबाई नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
43	वी0आई0पी0 रोड से क्लब नं0–1 तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
44	आर्य समाज चौराहा से लेकर नगर पंचायत आफिस तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
45	दादा ऊन चौराहा से क्लब नं0–1 के पीछे तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
46	वी0आई0पी0 गेस्ट हाउस के पीछे से संकट मोचन रोड तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
47	सुभाष नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
48	चूड़ीगली मोड़ से चोपन रोड बैरियर तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
49	डयमण्ड होटल से चूड़ीगली मोड़ तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
50	वीर अब्दुल हमीद नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
51	गैस गोदाम रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
52	मिल्लत नगर भारत ह्यूम पाईप रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
53	बद्री होटल तिराहा से चित्रगुप्त पैलेश तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
54	पीपल के पेंड़ से गीता मंदिर कलश होटल तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
55	बजरंग नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
56	सुदामा पाठक रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
57	विवेकानन्द नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
58	संकट मोचन कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
59	गोल आफिस कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
60	लाल बहादुर शास्त्री नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
61	कान्वेन्ट तिराहा से आर्य समाज चौराहा वी0आई0पी0 रोड तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
62	गल्स कालेज रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
63	से0–4 पहाडी कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
64	अग्रसेन नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
65	राम मन्दिर कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
66	सुबाष तिराहा से राम मंदिर गेट वीआईपी रोड तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
67	गैस गोदाम रोड निकट वन विभाग गेट से राम मन्दिर गेट वी0आई0पी0 रोड तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
68	गुरूद्वारा रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
69	चोपन रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
70	हनुमान मन्दिर रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
71	दीपेन्द्र घोषाल नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
72	से0–3 कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
73	फल वाली गली	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
74	सरदार पटेल नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
75	चूड़ी गली	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
76	सिनेमा रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
77	शीतला मन्दिर रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
78	पहलवान बाबा गली	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
79	शिवाजी नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
80	से0–3 कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
81	से0–3 पानी टंकी कालोनी	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
82	गजराज नगर,	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
83	डाला रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
84	शारदा मंदिर रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
85	बैरियर से अनूप मेडिकल चोपन रोड	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
86	बैरियर से बिल्ली बंधा पीपल के पेंड़ तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
87	मालवीय नगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
88	रॉची बस्ती	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
89	इन्द्रानगर	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
90	रविदास नगर	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
91	मोती चन्द्र चौराहा रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
92	बिल्ली कालोनी रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
93	अनूप मेडिकल से शारदा मन्दिर चौराहा चोपन रोड तक	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
94	बिल्ली पोखरा रोड	5300	0.53	0.40	0.35	0.27	0.40	0.30	0.27	0.20	0.30	0.22	0.20	0.15	0.22	0.17	0.15	0.11
95	वी0आई0पी0 रोड से शारदा मन्दिर तक (ए)	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
96	शारदा मन्दिर से चोपन रोड तक (बी)	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
97	शारदा मन्दिर से अम्बेडकर चौराहा तक (सी)	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
98	गैस गोदाम रोड पर (डी)	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
99	वी0आई0पी0 रोड मुख्य बाजार (ई)	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
100	शारदा मन्दिर से डिग्री कालेज रोड दोनो तरफ	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
101	गजराज नगर तिराहा से डाला मार्ग रेलवे क्रासिंग तक	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
102	बिल्ली मारकुण्डी नगरीय	11000	1.10	0.83	0.73	0.55	0.83	0.62	0.55	0.41	0.62	0.46	0.41	0.31	0.46	0.35	0.31	0.23
103	बिल्ली मारकुण्डी अर्द्ध नगरीय	7300	0.73	0.55	0.49	0.37	0.55	0.41	0.37	0.27	0.41	0.31	0.27	0.21	0.31	0.23	0.21	0.15

नोट : अधिसूचना के प्रस्तर 5(2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार व्यवसायिक भवन/ भूमि सामन्य दर का दो गूना एवं सरकारी भवन / भूमि सामान्य दर का तीन गुना होगा। अधिसूचना के प्रस्तर–7 के अधीन भवन / भूमि की वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर, 7.5 प्रतिशत जलकर तथा 2.5 प्रतिशत जल निकासी कर लागू होगा।


अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ओबरा
सोनभद्र

अध्यक्ष
नगर पंचायत ओबरा
सोनभद्र

तकनीक कभी नहीं थी समस्या

राहुल का शतक, भारत ने कसा शिकंजा

पहला टेस्ट-तीसरा दिन : गिल शतक से चूके, पडिक्कल, पंत का अर्द्धशतक, टीम इण्डियाने न्यूजीलैण्डपर ली ११८ रनकी बढ़त



वेलिंगटन (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (१३६) के शतक के बाद कप्तान शुभमन गिल (९८), देवदत्त पडिक्कल (८०) और ऋषभ पंत (अजेय ५५) की अर्द्धशतकीय पारियों और भारतीय कप्तान की इन तीनों के साथ की गयी क्रमश: १६५, ९१ और १०० रन की साझेदारी के दम पर भारत ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी स्थिति मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने न्यूजीलैम्ड के पहली पारी के ३६८ रनों के जवाब में चार विकेट खोकर ४८६ रन बना लिए और ११८ रन की बढ़त हासिल कर ली। स्टंप के समय पंत ५५ रन बनाकर नाइट वाचमैन अंशुल कंबोज के साथ क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने दिन की शुरुआत एक विकेट के नुकसान पर १५९ रनों के साथ की। राहुल ने ५२ और देवदत्त पडिक्कल ने १६ रनों से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने सुबह के सत्र में संभलकर खेलते हुए न्यूजीलैण्ड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। राहुल और पडिक्कल के बीच लगातार रन जुड़ते रहे और भारतीय टीम ने बिना विकेट गंवाए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। राहुल ने अपनी पारी में गजब का धैर्य दिखाया। उन्होंने आफ स्टंप के बाहर की गेंदों को समझदारी से छोड़ा और खराब गेंदों को सीमारेखा तक पहुंचाया। दूसरी ओर पडिक्कल ने भी उनका अच्छा साथ दिया। दोनों की साझेदारी ने न्यूजीलैण्ड के गेंदबाजों को पूरी तरह थका दिया। राहुल ने कवर की तरफ शाट खेलकर अपना १३वां टेस्ट शतक पूरा किया। यह न्यूजीलैण्ड के खिलाफ उनका पहला टेस्ट शतक था और इस देश में भी उनका पहला शतक रहा। इसके साथ ही उन्होंने सेना देश (दक्षिण अफ्रीका, इंगलैंड, न्यूजीलैण्ड और आस्ट्रेलिया) में टेस्ट शतक लगाने का कारनामा भी पूरा कर लिया। उनसे पहले भारत के लिए मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली ही ऐसा कर सके थे। वह सेना देशों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर भी बने। राहुल और पडिक्कल की साझेदारी लगातार न्यूजीलैण्ड के लिए परेशानी बनती जा रही थी। दोनों के बीच १६५ रन जुड़ चुके थे और पडिक्कल भी शतक की ओर बढ़ रहे थे तभी काइल जेमीसन ने पडिक्कल को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। पडिक्कल ने १७५ गेंदों पर १० चौकों की मदद से ८० रन बनाये। इस विकेट से न्यूजीलैण्ड को काफी राहत मिली लेकिन तब तक भारत मजबूत स्थिति में पहुंच चुका था। पडिक्कल के आउट होने के बाद कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी के लिए आये। उन्होंने आते ही अपने इरादे साफ कर दिए। गिल ने सुरक्षात्मक खेल के बजाय न्यूजीलैण्ड के गेंदबाजों पर आक्रमण करते हुए दबाव बनाने की रणनीति अपनाई। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ अच्छे शाट लगाए और मैदान के दोनों तरफ रन बटोरे। गिल ने सिर्फ ६८ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया। उधर नाथन स्मिथ ने राहुल का स्टंप उखाड़ कर उनकी २९० गेंद में नौ चौके, दो छक्के की मदद से खेली गयी १३६ रन की पारी का अंत कर दिया। राहुल ने पवेलियन लौटने से पहले गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए ९१ रन जोड़े। चोट के बाद टेस्ट टीम में लौटे ऋषभ पंत पर भी सभी की नजरें थीं। शुरुआत में उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की और ३७ गेंदों में १५ रन बनाये लेकिन लय हासिल करने के बाद पंत ने अपने अंदाज में बड़े शाट खेलने शुरू कर दिये। उन्होंने न्यूजीलैम्ड के तेज गेंदबाजों पर हमला बोला और जैकब डफी को खास तौर पर निशाने पर लिया। पंत ने डफी के एक ओवर में लगातार दो छक्के और एक चौका जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने तेजी से रन बनाते हुए सिर्फ ५५ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया। इधर शुभमन गिल भी अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे और काफी सहज नजर आ रहे थे। हालांकि आखिरी के कुछ ओवर उनके लिए मुश्किल साबित हुए। वह ९० रन के पार पहुंचने के बाद काफी देर तक शतक का इंतजार करते रहे। इस दौरान न्यूजीलैण्ड ने उनके खिलाफ रिव्यू भी लिया लेकिन गिल को राहत मिल गयी। दिन के आखिरी ओवर में गिल के पास शतक पूरा करने का मौका था। पंत ने ओवर की पहली गेंद पर एक रन लेकर उन्हें स्ट्राइक पर पहुंचाया लेकिन जैकब डफी ने बोल्ड कर उनकी शानदार पारी का अंत कर दिया। गेंद टप्पा खाने के बाद अंदर की ओर आई और गिल उसे ड्राइव करने की कोशिश में चूक गये। गेंद सीधे स्टंप पर जा लगी। इस तरह गिल अपने शतक से सिर्फ दो रन दूर रह गये। उनके चेहरे पर निराशा साफ नजर आई। गिल ने ९८ रन के लिए १४६ गेंद खेली जिसमें नौ चौका, दो छक्का शामिल रहा। इसके बाद अंशुल कंबोज नाइटवाचमैन के तौर पर बल्लेबाजी करने उतरे और दिन का खेल खत्म होने पर पंत ६२ गेंद पांच चौके, दो छक्के की मदद से ५५ रन के साथ नाबाद लौटे।




-केएल राहुल

वेलिंगटन (एजेन्सियां)। भारत के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुलका मानना है कि उनके करियरके मुश्किल दौरमें तकनीक कभी समस्या नहीं थी और उन्हें सही दृष्टिकोण अपनाने और हर गेंद पर खेलने के प्रलोभन से बचने के कारण हाल में सफलता मिली। राहुल ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में २९० गेंदों पर १३६ रन की पारी खेली जो उनका १३वां टेस्ट शतक है। राहुल का बल्लेबाजी क्रम में कोई स्थान पक्का नहीं रहा। कभी उन्हें मध्यक्रम में खेलना पड़ा तो कभी पारी की शुरुआत करनी पड़ी। राहुल ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा तकनीक कभी कोई मुद्दा नहीं रही। १५ महीने तक मध्यक्रम में खेलते हुए मुझे प्रत्येक गेंदपर बल्ला अड़ानेकी आदत पड़ गयी थी। तेज गेंदबाजोंके लिए अनुकूल परिस्थितियों में बल्ले और गेंद के बीच कम संपर्क रखना सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। यह शतक राहुलके लिए विशेष महत्व रखता था क्योंकि वह उन कुछ भारतीय बल्लेबाजोंमें शामिल हो गये है जिन्होंने चारों 'सेना' देशोंमें टेस्ट शतक बनाये हैं। राहुलने कहा इस तरहकी उपलब्धि हासिल करके बहुत अच्छा लगता है। मैं करीब तीन सप्ताहसे यहां हूं और भारत ए की तरफ से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था लेकिन मैंने नेटपर काफी समय बिताया। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं तो उसका परिणाम प्रदर्शन में दिखाई देता है। दिलचस्प बात यह है कि राहुल का अपने ७१ मैचोंके करियरमें न्यूजीलैण्ड में यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने कहा यह एक ऐसा अवसर था जिसे मैं खोना नहीं चाहता था। जब आप इतने लंबे समय तक टेस्ट मैच खेलते हैं तो आपको सर्वश्रेष्ठ आक्रमणके सामने खुदको परखने का मौका मिलता है। राहुलने परिस्थितियोंसे सामंजस्य बिठानेपर ध्यान दिया और न्यूजीलैण्डमें सफल होने वाले खिलाड़ियोंके वीडियो भी देखे। उन्होंने कहा जबमैं नेट पर अभ्यास के लिए गया तो मेरा ध्यान किसी खास चीजपर नहीं था। मैंने बस बहुत सारी गेंदें खेलीं ताकि यह समझ सकूं कि सफल होनेके लिए मुझे किस तरहका गार्ड लेना है और कैसी पोजीशन अपनानी चाहिए। मैंने उन खिलाड़ियोंके वीडियो भी देखे जिन्होंने पहले न्यूजीलैंडमें रन बनाए थे। राहुल ने कहा कि वेलिंगटन की पिच स्पिनरों को मदद पहुंचा रही है। गेंदें नीची रहने लगी हैं और पिच खुरदुरी बनती जा रही है। खेल आगे बढ़ने के साथ यह बड़े हो सकते हैं। हम उम्मीद करेंगे कि पिच और खराब हो लेकिन तब नहीं जब हम बल्लेबाजी कर रहे हों। राहुल ने अपने सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल की विशेष रूप से प्रशंसा की जिनके साथ उन्होंने १३० रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा जायसवाल काफी मेहनत करता है। आक्रामक बल्लेबाज बनने के लिए उसने बहुत मेहनत की है।

पाकिस्तान पर बड़ी जीतके इरादे से उतरेगा भारत

एशिया कप राइजिंग स्टार्स

दोहा (एजेन्सियां)। स्टार खिलाड़ियों से सजी भारत 'ए' टीम रविवार को यहां एसीसी पुरुष एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान 'ए' का सामना करेगी जिसमें दोनों टीम का इरादा अपनी लय बरकरार रखने का होगा। दोनों टीम ने टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की। तिलक वर्मा की अगुवाई वाली भारत ए की टीम ने शुक्रवार को अपने पहले मुकाबले में नेपाल को ३०६ रन से करारी शिकस्त दी जिससे टीम आत्मविश्वास से भरी होगी। वहीं गत चैम्पियन पाकिस्तान ए ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को ६१ रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। भारत ने नेपाल के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट पर ३३२ रन बनाये थे और इसके बाद उसकी पूरी टीम को ११.३ ओवर में महज २६ रन पर समेट दिया था। विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र (११७) और कप्तान तिलक (१०७) ने शतक जड़कर भारत को बड़े स्कोर तक



पहुंचाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने पांच और हर्षित राणा ने चार विकेट लेकर नेपाल की बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। भारतीय टीम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके कई खिलाड़ी शामिल हैं लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ भारत को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। भारत की बल्लेबाजी में आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, १५ वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, रिंकू सिंह और प्रभसिमरन सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं जो टीम को काफी मजबूती देते हैं। अब्दुल समद की कप्तानी वाली पाकिस्तान की टीम भी यूएई के खिलाफ अपने पहले मैच में किये गये प्रदर्शन से उत्साहित होगी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २४५ रन बनाये और फिर यूएई को १८४ रन पर आउट कर दिया। शमिल हुसैन (६२) और माज सदाकत (५३) ने बल्लेबाजी में अहम योगदान दिया जबकि बाएं हाथ के स्पिनर सुफियान मुकीम और तेज गेंदबाज अली रजा ने तीन-तीन विकेट लिए। यूएई के खिलाफ ३९ रन बनाने वाले समद के अलावा हुसैन, सदाकत और तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन पाकिस्तान के अहम खिलाड़ियों में शामिल होंगे। पाकिस्तान मौजूदा ५० ओवर के टूर्नामेंट का चैम्पियन है। उसने २०२३ के फाइनल में भारत ए को १२८ रन से हराया था। इससे रविवार के मुकाबले का महत्व और बढ़ गया है। आठ टीम के इस टूर्नामेंट को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनायेंगी। भारत ए टीम अपना आखिरी ग्रुप मुकाबला २४ नवम्बर को यूएई के खिलाफ खेलेगी।

कमिंस बने रहेंगे टेस्ट कप्तान

मेलबर्न (एजेन्सियां)। क्रिकेट आस्ट्रेलियाने सैंडपेपर विवादसे जुड़े सनसनीखेज आरोपोंके बीच पैट कमिंस का समर्थन करते हुए स्पष्ट किया कि वह टेस्ट टीमके कप्तान बने रहेंगे। माना जा रहा था कि पूर्व सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजाके अपनी आत्मकथामें २०१८ के दक्षिण अफ्रीकाके दौरेके दौरान गेंदसे छेड़छाड़की घटनाके बारे में किये गये खुलासोंसे कप्तानके रूपमें कमिंसकी स्थिति अस्थिर हो गयी है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा आस्ट्रेलिया की पुरुष टीमके २०१८ के दक्षिण अफ्रीका के दौरे के संबंधमें चल रही अटकलोंको देखते हुए क्रिकेट आस्ट्रेलिया बोर्डने आस्ट्रेलियाई क्रिकेटकी साख और इससे जुड़े सभी लोगोंके हितोंकी रक्षा के लिए जरूरी कदम उठानेके लिए बैठककी। क्रिकेट आस्ट्रेलियाके अध्यक्ष डेविड बून और सीईओ ग्रीनबर्गने कमिंससे मुलाकात कर न्यूजीलैण्ड के खिलाफ आगामी श्रृंखला सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

सात्विक-चिराग, लक्ष्य फाइनलसे चूके

कोवलून (एजेन्सियां)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और लक्ष्य सेन के शनिवार को सेमीफाइनल में हारने से हांगकांग ओपन सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को मलयेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी मान वेई चोंग और टी काई वुन से सीधे गेम में हार मिली। इस साल सिंगापुर और चीन में खिताब जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को ४१ मिनट तक चले सेमीफाइनल में १८-२१, १९-२१ से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद लक्ष्य सेन को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में १३-२१, १३-२१ से हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ लक्ष्य का लगातार जीत का सिलसिला भी टूट गया। उन्होंने पिछले दो सप्ताह में हाइलो ओपन और कुमामोटो मास्टर्स जापान के खिताब जीते थे। सात्विक और चिराग इस मैच में विश्व के नौवें नंबर की मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ ४-१ के रेकार्ड के साथ कोर्ट पर उतरे थे, लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। मैच में शुरू से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और वे लगभग बराबरी के साथ आगे बढ़ते रहे। पहले गेम में स्कोर ४-४ से ७७ हो गया। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली और १०-१० के स्कोर पर मलयेशिया की टीम ने अंक बनाकर इंटरवल तक मामूली बढ़त हासिल की। सात्विक और चिराग ने इसके बाद भी कड़ी चुनौती दी लेकिन मलयेशिया की जोड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी तथा १८-१९ के स्कोर के बाद दो गेम प्वाइंट हासिल किए और पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक- 5512/183काम-वा0वृत्त/2026-27 दिनांक-17.11.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के निम्नानुसार निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु श्रेणी के पात्र एवं पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रम सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधि0अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधानसभा पिण्डरा के अंतर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
I	वाराणसी	बाबतपुर जमालापुर राज्य मार्ग से एयरपोर्ट के इमरजेन्सी गेट तक मार्ग के 7.00 मीटर चौड़ाई में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	105.58	7.28	2714.00 (जीएसटी सहित)	6 माह	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी	वाधवृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	वाधक्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A, B

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 27.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 04.12.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 04.12.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.12.2026 को 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तें/नियमों की अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी है जो सही है)।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:-261351 दिनांक -20.11.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

भारत ने दक्षिण कोरिया को भी दी शिकस्त

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी महिला हाकी

भोपाल (एजेन्सियां)। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और दो बार की मौजूदा चैम्पियन भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण कोरिया को २-१ से हराकर महिला एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मेजबान भारत ने गुरुवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में मलयेशिया को ४-१ से हराया था। भारत के लिए मुमताज खान ने ३०वें मिनट में शानदार मैदानी गोल करके खाता खोला। इसके बाद सुनेलिता टोप्पो ने तीसरे क्वार्टर के शुरू होने के चार मिनट बाद पेनल्टी कार्नर से मिले रिबाउंड पर गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दक्षिण कोरिया की यंगयून होंग ने ५६वें मिनट में मैदानी गोल करके टीम की हार का अंतर कम किया। अब भारतीय टीम रविवार को थाईलैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम



ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। खिलाड़ियों ने लगातार कोरियाई सर्कल में प्रवेश किया, लेकिन वे अपने प्रयासों को गोल में बदलने में नाकाम रहीं। फिर भारत को जल्द ही लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन नवनीत कौर के दूसरे प्रयास को कोरियाई गोलकीपर ने बचा लिया। नवनीत ने अपनी शानदार रणनीति और खेल से भारत के लिए कई मौके बनाए, लेकिन कोरियाई खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में रक्षापंक्ति में मौजूद रहकर गोल बचाए। भारतीय रक्षापंक्ति के शानदार पास से मैच का पहला गोल हुआ। नवनीत ने दीपिका को गेंद सौंपी जिनके शॉट को कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया। लेकिन मुमताज सही समय पर सही जगह मौजूद थीं और उन्होंने गेंद को गोल में पहुंचाकर मध्यांतर से ठीक पहले भारत को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में भी भारत का दबदबा कायम रहा और उसने लगातार हमले करके कोरियाई रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा। कप्तान सलीमा टेटे ने मध्यांतर के तुरंत बाद भारत के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन दीपिका की फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर ने बचा लिया। इसके बाद नवनीत के सीधे प्रयास से मिले रिबाउंड पर सुनेलिता ने गेंद को गोल में पहुंचाया और भारत की बढ़त २-० कर दी। इस बीच दक्षिण कोरिया को भी कुछ पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन टीम में अनुभवी सविता पूनिया की जगह शामिल की गई गोलकीपर बांसुरी सोलंकी ने शानदार बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोके रखा। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने कोरियाई रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा।

हाकी श्रृंखला
बराबरी पर छूटा भारत और न्यूजीलैंड मुकाबला

आकलैंड (एजेन्सियां)। भारतीय पुरुष हाकी टीम ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के १०० साल पूरे होने के अवसर पर खेली जा रही हाकी श्रृंखला का दूसरा मैच २-२ से ड्रा खेला। न्यूजीलैण्ड ने २५वें मिनट में डायलन थामस के गोल से बढ़त बनाई जिसके बाद भारत ने ३५वें मिनट में अंगद बीर सिंह के गोल से स्कोर बराबर किया। न्यूजीलैण्ड ने ५६वें मिनट में सैम हिहा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। भारत ने एक बार फिर शानदार वापसी की। कप्तान संजय ने ५७वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर मैच को २-२ से ड्रा पर समाप्त किया। भारत ने १९ नवम्बर को तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच ३-२ से जीता था। वह अब रविवार को तीसरे और अंतिम मैच में जीत हासिल करके जीत के साथ दौरे का समापन करने की कोशिश करेगा।

भारतीय मूल के निखिल ने दिलायी आस्ट्रेलिया को जीत

मेलबर्न (एजेन्सियां)। पदार्पण कर रहे भारतीय मूलके आलराउंडर निखिल चौधरीके हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया ने पहले टी-२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबलेमें इंगलैण्ड को तीन विकेटसे हरा दिया। आस्ट्रेलियाने इंगलैण्डके १८८ रनों के लक्ष्य ो १९.५ ओवरमें सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। निखिलने पहले दो विकेट चटकाए और फिर बल्ले से ६६ रनों की शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। १८८ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जेक फ्रेजर-मैकगर्क महज एक रन बनाकर लियाम डासन की गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श और सैम हार्मर ने पारी को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए ५० रनों की साझेदारी की। हार्मर ने १५ गेंदों में ३२ रन बनाये जबकि मार्श ने ३२ गेंदों पर ३७ रनों का योगदान दिया। मध्यक्रम में लगातार विकेट गिरने से आस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ गयी। ऐसे समय में नंबर चार पर बल्लेबाजी करने उतरे निखिल चौधरी ने मोर्चा संभाला और एक छोर पर टिके रहे। उन्होंने महज ३२ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। निखिल ने ३८ गेंदों में ६६ रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाये। उनका स्ट्राइक रेट १७३ का रहा। वह पारी के १८वें ओवर में आउट हुए लेकिन तब तक आस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचा चुके थे। निखिल के आउट होने के बाद टिम डेविड ने १३ गेंदों में २० रन बनाकर योगदान दिया। वहीं जैक एडवर्ड्स ने आखिरी समय में तेजीसे रन जुटाकर आस्ट्रेलियाकी जीत सुनिश्चित की। एडवर्ड्सने ११ गेंदों में नाबाद २५ रन बनाये जिसमें एक चौका और दो छक्का शामिल रहा। आस्ट्रेलियाको आखिरी ओवर में जीतके लिए ११ रनों की जरूरत थी। जैक एडवर्ड्सने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ने के बाद इसे हासिल कर लिया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, वाराणसी।
सी0 7/29 ए-2 सेनपुरा (फायर ब्रिगेड कैम्पस के अन्दर) चेतगंज, वाराणसी।

पत्रांक 941 /ल0सि0/ लेखा/ निविदा सूचना/2026-27 दिनांक 13-11-2026

ई0 निविदा सूचना सं0-17/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से लघु सिंचाई खण्ड, वाराणसी अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड चन्दौली में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वर्षा जल संभरण/रिचार्ज की महत्त के दृष्टिगत शासकीय/अर्धशासकीय भवनों पर रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कार्य हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से रू0टा0रे0वा0ह0/चेकडैम/तालाब कार्यों हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिचाई विभाग, उ0प्र0, में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27-11-2026 को प्रातः 9.00 बजे से दिनांक 05-12-2026 को सायंकाल 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 07-12-2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, प्रयागराज के कार्यालय में उनकी अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 07-12-2026 को अपराहन् 2:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

क्र सं	जनपद	कार्य का नाम	श्रेणी	विकास खण्ड	कार्य की मात्रा	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करो सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	चन्दौली	कलस्टर-7 (2 कार्य)	सामान्य	बरहनी	बिल आफ क्वाटीटी के अनुसार	4.65	0.47	680.00	60 दिन
2		कलस्टर-8 (2 कार्य)	सामान्य	धानापुर		5.17	0.52	770.00	60 दिन
3		कलस्टर-14 (1 कार्य)	अनु0 जाति	सकलडीहा		2.24	0.22	590.00	60 दिन
4		कलस्टर-18 (3 कार्य)	अनु0 जाति	चकिया		7.34	0.73	770.00	60 दिन
नीचे क्रमांक 1 से 2 तक के कार्य अतिरिक्त कार्य है। धन उपलब्धता के अनुसार ही इन कार्यों पर अनुबन्ध गठन किया जायेगा									
1		कलस्टर-19 (2 कार्य)	सामान्य	बरहनी		4.21	0.42	680.00	60 दिन
2		कलस्टर-26 (1 कार्य)	अनु0जाति	चकिया		2.50	0.25	590.00	60 दिन

नोट- निविदा के नियम एवं शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27-11-2026 को प्रातः 9.00 बजे से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

उ.प्र.:- 261416
दिनांक-20.11.2026

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
वाराणसी

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

चयनकर्ताओं की योजना का हिस्सा नहीं हैं सूर्यकुमार

मुम्बई (एजेन्सियां)। भारत को अपनी कप्तानी में टी-२० विश्वकप का खिताब दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव राष्ट्रीय टीम में वापसी की जुगत में लगे हुए हैं। सूर्यकुमार की वापसी की राह हालांकि मुश्किल नजर आ रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र की माने तो सूर्यकुमार यादव अब चयनकर्ताओं की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद फिलहाल भारतीय टीम में उनके लिए जगह नहीं बन पा रही है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा हम तो अभी तक सफेद गेंद के क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए भी जगह नहीं बना पाये हैं। सूत्र ने कहा कि सूर्यकुमार यादव कड़ी मेहनत कर रहे हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे हैं लेकिन मौजूदा भारतीय टीम के संयोजन में उन्हें शामिल करना मुश्किल है। सूर्यकुमार यादव ने २०२६ टी-२० विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी की थी और टीम को लगातार दूसरी बार टी-२० विश्वकप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि आईपीएल के बाद उन्हें टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह श्रेयस अय्यर को नया कप्तान नियुक्त किया गया। सूर्यकुमार इन दिनों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी २०२६-२७ में मुम्बई की कप्तानी करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने १४ नवम्बर को हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में महज २१ गेंदों पर नाबाद ६० रन की तूफानी पारी खेली थी। उनकी इस पारी में छह चौके और पांच छक्के शामिल थे। उन्होंने महज १५ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया था। सूर्यकुमार की इस पारी की बदौलत मुम्बई ने १७३ रन का लक्ष्य सात विकेट से हासिल कर लिया था। इसके बाद गुजरात के खिलाफ भी सूर्यकुमार का बल्ला जमकर चला।

जू. बालिका टेबल टेनिस
पूजा ने जीता खिताब

वाराणसी। पूजा यादव ने शानदार बैक हैंड स्मैश और नेट गेम का प्रदर्शन करते हुए अनुष्का शर्मा को २-० से पराजित कर सुखनंदन स्मृति जूनियर आमंत्रण बालिका टेबल टेनिस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। लोढ़ान स्थित बाबू आरएन सिंह इंडोर हाल में शनिवार को खेले गये फाइनल में पूजा यादव ने मैच शुरू होते ही बैक हैंड स्मैश से अंक बनाने का सिलसिला शुरू कर दिया और सात मिनट के अंदर पहला सेट ११-७ से जीत कर अनुष्का वर्मा को बैकफुट पर

घोसी में शिकायतों की झड़ी,निबटारा सिर्फ तीन का

घोसी(मऊ)। घोसी तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार और उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 38, पुलिस विभाग की 22, ब्लाक की चार तथा वन विभाग की एक शिकायत शामिल रही। इनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच की जाए। फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी न हो। वहीं उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ितों को समय से न्याय दिलाना प्रशासन की



प्राथमिकता है। इस अवसर पर तहसीलदार अनीश सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्रनाथ राय, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, कोपागंज एवं दोहरीघाट थाना प्रभारी, कानूनगो मतीन खान, लेखपाल अरविंद पांडेय, गौरव राय सहित विभिन्न विभागों के अधिक. ारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

मुहम्मदाबाद में सात मामले निबटे

करहां (मऊ)। तहसील परिसर के सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करती हुई यूपी जिला अधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ने फरियादियों की समस्या सुनते हुए मामले का निस्तारण गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर 68 प्रार्थना पत्रों में से सात मामले का निस्तारण मौके पर करते हुए एवं सात अन्य मामले मामलों के निस्तारण हेतु टीम बनाकर संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी है। प्रमोद कुमार निवासी रसूलपुर चिरैयाकोट पट्टा सुदा भूमि पर अवैध कब्जा करने के संबंध में ,बालचंद निवासी अरीपुर चक मार्ग बनवाने के संबंध में ,श्याम देव निवासी इसहकपुर खतौनी में गलत अंश निर्धारण करने के संबंध में ,आज लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री ने संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर 2 दिन के अंदर मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए । इस मौके पर तहसीलदार सुधांशु शेखर, नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता ,पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ,एसडीओ विद्युत वैभव कृष्ण, अधीक्षक डाक्टर फैयाज अहमद, विनोद आर्य ,वैभव सिंह ,राजेश कुमार समेत तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अनियंत्रित कार चूरा मशीन से टकराई,बड़ा हादसा टला

रानीपुर(मऊ) रानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर में देर रात एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर सुदर्शन कश्यप के चूरा मशीन से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चूरा मशीन और शेड (करकट) क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार, देवली बहादुरगंज निवासी के लोग बम्हौर काझा स्थित अपनी रिश्तेदारी में आए हुए थे। देर रात करीब 12.00 बजे जब कार फतेहपुर के पास पहुंची, तभी चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे चूरा मशीन से जा भिड़ी। टक्कर से मौके पर लगी ईंटें बिखर गईं, करकट की छत क्षतिग्रस्त हो गई और सफेद रंग की अल्टो कार के आगे व बाईं ओर के हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद आस-पास के लोग मौके पर जुट गए। राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।

पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकली

मऊ। शनिवार को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं आमजन को पोलियो से बचाव के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुगलपुरा, मऊ सिटी से पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुगलपुरा, प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुर एवं प्राथमिक विद्यालय मुगलपुरा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संजय गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, मऊ सिटी, रोहित कुमार सिंह, फिरोज अहमद कार्यालय मऊ, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से बच्चों एवं समुदाय को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया गया तथा पोलियो अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने का संदेश दिया गया। साथ ही, लोगों से अपील की गई कि वे पोलियो अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने आस-पास के सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाकर भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें।'दो बूंद जिंदगी की,पोलियो से सुरक्षा, हर बच्चे का अधिकार।'

प्रतिभा सम्मान आज

नदवासराय(मऊ)। तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में अखिल भारतीय प्रजापति कुंभार संघ के तत्वावधान में प्रजापति समाज द्वारा दशा-दिशा एवं संवैधानिक संरक्षण प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 आयोजन 22 नवंबर दिन रविवार प्रातः 10.00 बजे स्थान एल,पी,एम ,हाल,मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन के सामने जनपद मऊ में संपन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गोला ,प्रजापति, माटी कला बोर्ड राजमंत्री दर्जा प्राप्त, विशिष्ट अतिथि डाक्टर संजय वर्मा, डाक्टर सी, पी,प्रजापति ,तथा कार्यकाणी,अध्यक्ष जोगेंदर प्रसाद शिल्पकार, जिला अध्यक्ष रामनवमी प्रजा. पति शामिल होंगे।

बदनामी की आंधियों में भी जलता दिखा विश्वास का दीया

मऊ। शारदा नारायण हास्पिटल के डायरेक्टर डा. संजय सिंह पर एससीएसटी एक्ट के तहत हुए एफआईआर का मास्टर माइंड चाहे जो भी हो। लेकिन,अभी तक की जांच में एक बात तो स्पष्ट हो ही गयी है कि इस एफआईआर का असली उद्देश्य उनकी साख पर बट्टा लगाना ही था। क्यों कि यदि ब्लड बैंक से रक्त बदलने का सिर्फ मामला रहता तो सम्बन्धित धारा में ही मुकदमा दर्ज तभी हो जाता जब ब्लड बदलने का मामला प्रकाश में आता। मगर,एक लम्बे समयान्तराल के बाद एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराने से यह मामला जनपद में विशेष चर्चा का विषय बन गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डाक्टर संजय सिंह पर एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होने के बाद भी शारदानारायण अस्पताल पर मरीजों का तांता कम नहीं हुआ और इस तरह के एफआईआर करने-कराने वालों की साजिशें नाकामयाब होती दिखी। सीओ की विवेचना में डाक्टर संजय सिंह पर आरा. प तय होगा या आरोपों से बरी होंगे। यह तो विवेचना कोर्ट में प्रेषित होने के बाद पता चलेगा। मगर,मऊ के चिकित्सा जगत में बदनामी की आंधियों में भी डाक्टर संजय सिंह के विश्वास का दीया आज भी जलता दिखा।

शारदानारायण अस्पताल में आज भी लगा रहा मरीजों का तांता
एससीएसटी में एफआईआर,उकसाने वाला मास्टर माइंड कौन!



मालव से जागरूकता रैली निकली

नदवासराय(मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मालव के विद्यार्थियों ने शनिवार को प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह के निर्देशन में बैंड-बाजे के साथ जागरूकता रैली निकाली। खंड विकास अधिकारी रवि कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। बच्चों ने ग्रामसभा के विभिन्न मजरों में भ्रमण कर रविवार को पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने तथा 16 से 30 नवंबर तक संच. ालित स्वगणना प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। बीडीओ ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए कोई बच्चा खुराक से वंचित न रहे। साथ ही जनगणना में सही आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए स्वगणना में सहभागिता जरूरी है। रैली में शिक्षक रामकेर राम, उमेश भारती, रामकिशोर राम, स्वतंत्र कुमार सिंह, मनोज कुमार कुशवाहा सहित शिक्षक व विद्यार्थी शामिल रहे।

दोहरीघाट-मधुबन मार्ग चौड़ीकरण के लिए मुआवजे की प्रक्रिया शुरू

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट-मधुबन मार्ग के चौड़ीकरण की जद में आने वाली भूमि के मुआवजे की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत प्रभावित भू-स्वामियों की भूमि की आनला. इन रजिस्ट्री कराई जा रही है। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी अमित कुमार राजभर की देखरेख में रजिस्ट्री की काररवाई पूरी कराई जा रही है। साथ ही प्रभावित भू-स्वामियों को आवश्यक जानकारी देकर प्रक्रिया से संबंधित औपचारिकताएं पूरी करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। रसूलपुर इमामुद्दीनपुर बेलौली सोनबरसा और पुरमोती सहित मार्ग के किनारे स्थित गांवों के प्रभावित भू-स्वामी रजिस्ट्री की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान हंसराज जय सिंह मौर्य शिवचंद और उषा सहित अन्य भू-स्वामियों की भूमि की आनलाइन रजिस्ट्री कराई गई। मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होने से प्रभावित लोगों में उम्मीद जगी है कि उन्हें जल्द ही उनकी अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिल सकेगा।

बाबा श्याम का प्राकट्य उत्सव मनाया

मऊ। कार्तिक शुक्ल पक्ष की पावन देवउठनी एकादशी के महापर्व पर शुक्रवार को समूचा मऊ नगर कलयुग के अवतारी श्री खाटू श्याम बाबा की अगाध आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकऊथ में जमीन बंटवारे को लेकर एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने एवं मारने पीटने के बाद मोबाइल छीन लेने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कुल चार लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं मुकदमा दर्ज किया है । उषा देवी पत्नी निरंजन का आरोप है कि मेरे पति और मेरे जेठ शिव पूजन के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जेठ अपने हिस्से की जमीन को बेच कर हम लोग जहाँ रहते वहाँ अपना हिस्सा मांग रहे हैं । 14 जुलाई की शाम लगभग आठ बजे जेठ शिव पूजन नशे धुत होकर मेरे पति और परिवार को गाली देने लगे,जब हम लोगों ने विरोध किया तो वह आकर मुझे पकड़ लिया तो मैं झटका दे कर खुद को छुड़ाया तो वह जमीन पर गिर गया। उसके गिरते ही जेठ की बहु प्रिंका, पवन, तथा आकाश निवासी पीढ़वल थाना घोसी योजनाबद्ध तरीके से मुझ को पकड़ लिया और गाली गुप्ता देने लगे तथा अभद्रता करते हुए मार पिट कर बीस हजार रुपये मूल्य का मोबाईल छीन लिये, इस मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त चारो लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

घर में घुसकर मारपीट,एफआईआर दर्ज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगऊपुर में घर में घुस कर एक महिला को मारने पीटने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर दो नामजद एवं एक अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । शशि कला पांडे पत्नी राम मनोज पांडे का आरोप है कि पट्टीदार संजय पांडे, मदनमो. हन पांडे पुत्रगण स्व. बैजनाथ पांडे एवं उनके परिवार के लोग आए दिन जान से मारने की धमकी देने के साथ तरह-तरह से प्रताड़ित करते रहते हैं । 20 नवम्बर को अकेली घर में थी उसी दौरान उपरोक्त दोनों के साथ उनके परिवार के लोग घर में घुस कर तमाचा से मुझे मारपीटा और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर उपरोक्त दोनों लोगों के खिलाफ नामजद एवं एक अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शारदा नारायण हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी, एन्जिप्लास्टी, पर्मानेंट पेसमेकर (PPI), टेम्परेरी पेसमेकर (TPI), बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV), ट्रेडमिल टेस्ट, 2D इको, होल्टर मॉनिटर
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
डा.दीपक राय एमबीबीएस,एमडी डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट 24X7 उपलब्ध
96 51 55 80 01 शारदापुरम, सहादत्तपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.सलिल कुमार गुप्ता M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.आरुषि गुप्ता Periodontologist and Oral Implantologist दन्त रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय M.B.B.S., MS (फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव B.A.M.S. (स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहां आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीक्स, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
24x7 Emergency Services
I.C.U. & N.I.C.U. की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma) 9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट ®
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला, WPC खिड़की पल्ला, WPC दरवाजा चौखट, WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०) (+91) - 9721521791 www.balajichaukhat.com

मुक्तिधाम रोड पर नाली व शौचालय का पानी बहने से नागरिक परेशान

दोहरीघाट(मऊ)। नगर पंचायत दोहरीघाट के मुक्तिधाम रोड पर नाली एवं शौचालय का गंदा पानी सड़क पर बहने से स्थानीय नागरिकों, राहगीरों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर लगातार गंदा पानी बहने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमा. रियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आसपास के कई घरों का शौचालय एवं नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इसके चलते मुक्तिधाम पर शवदाह के लिए जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं राम जानकी शिव मंदिर में पूजा-पाठ करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी गंदगी और दुर्गंध के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस समस्या को नगर पंचायत के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के



संज्ञान में कई बार मौखिक रूप से लाया गया है। नगर पंचायत के बाबू सुशांत तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी मनोज यादव से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस काररवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में नारा. जगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर बह रहे गंदे पानी की तत्काल व्यवस्था कराकर नाली एवं शौचालय के पानी का उचित निकास सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को दुर्गंध, बीमारी और आवागमन की परेशानी से निजात मिल सके नगर पंचायत दो. हरीघाट अधिशासी अधिकारी मनोज यादव द्वारा कहा गया की तत्काल मैं इस समस्या का समाधान निक. लने का कोशिश करूंगा मुख्य रूप से पंकज मद्धेशिया, चंद्रकला जायसवाल ,मक्खन मद्धेशिया, धीरज कुमार ,घनश्याम गुप्त, रिकी चंद मद्धेशिया, विकास कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

बीस वाहनों का चालान

मऊ। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पखवाड़े के छठवें दिन आज परिवहन विभाग की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 20 वाहनों का चालान किया गया।

ठगी के चौदह सौ रूपये पुलिस ने कराया वापस

घोसी(मऊ)। घोसी थाना क्षेत्र के शोधनपुर निवासी अभिषेक निषाद पुत्र रामनाथ निषाद का मोबाइल हैक होने के बाद दूसरे खाते में धनरा. शि चली गई थी। इस दौरान उनके साथ 1,400 रुपये की धोखाधड़ी हो गई। जिसे पुलिस ने आज वापस करा दिया।

पल्स पोलियो अभियान आज से

मऊ। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया की अध्यक्षता में आगामी 22 नवंबर से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, जनजागरूकता एवं अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

तीन माह से पाइपलाइन में रिसाव से खेतों में भर रहा पानी

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के गौरीडीह के पुरवा धुनिया बस्ती में तीन माह से जल निगम की पाइपलाइन में रिसाव से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

युवा उत्सव में युवाओं ने बिखेरी प्रतिभा की छटा

मऊ। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, जनपद मऊ के तत्वावधान में राजीव गांधी महिला पीजी कालेज, परदहां में जिला स्तरीय युवा उत्सव (कल्चरल ट्रैक) का भव्य आयोजन किया गया। उत्सव में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मधुबन विधायक राम. विलास चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। युवा उत्सव के अंतर्गत लोकगीत (समूह), लोक नृत्य (समूह), पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से लोक संस्कृति, सामा. जिक सरोकारों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य (समूह) विधा में डीएवी इंटर कालेज, मऊ की शालू भारती की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लो. कगीत (समूह) में विकासखंड बड़रांव के मनीष यादव की टीम विजेता रही। नुक्कड़ नाटक में राजीव गांधी महिला पीजी कालेज की नंदिनी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में कविता लेखन प्रतियोगिता में सर्फिया जलाल तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवम प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का समापन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक मनोज राय द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा और रचनात्मक अभिव्यक्ति की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बीनू सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। युवा उत्सव के माध्यम से जनपद के युवाओं को अपनी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता तथा लोक कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज, जनपद के समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, सर्वेश चौधरी, शिवमोहन सिंह तथा प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्वयंसेवक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर



बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- २३-२९ नवम्बर, २०२६

मेष -

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में करियर-कारोबार में आने वाली अड़चनों के साथ कुछेक घरेलू समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इस सप्ताह मेष राशि के जातकों को अपने प्रोफेशनल और निजी लाइफ से जुड़े मसलों से जुड़े निर्णय लेते समय खूब सावधानी बरतनी होगी। भूलकर भी उत्तेजित होकर या फिर जल्दबाजी में कार्य न करें। वाहन भी सावधानी के साथ चलाएं और अपने सामान आदि का विशेष ख्याल रखें। सप्ताह के मध्य में आपको सेहत और संबंध पर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान अपनी दिनचर्या, खानपान और लोगों के साथ बात-व्यवहार सही रखें। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध थोड़ा ज्यादा कठिन साबित हो सकता है। इस दौरान कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियों में अनचाहे बदलाव हो सकते हैं। स्थानांतरण भी संभव है। व्यवसाय से जुड़े लोगों का मन अपने कामकाज से हट सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में धन का लेनदेन और निवेश करते समय सावधानी बरतें। प्रेम संबंध में किसी बात को लेकर तकरार होने की आशंका रहेगी। लव लाइफ और मैरिड लाइफ को बेहतर बनाए रखने के लिए अपने पार्टनर पर अपनी विचारधारा या बात थोपने से बचें।

उपाय- प्रतिदिन देवी दुर्गा की विधि-विधान से पूजा एवं सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ करें।

वृष -

वृषभ राशि के जातकों को इस सप्ताह अत्यधिक सावधानी और सूझबूझ के साथ अपने कार्य करने होंगे। आपको हर समय यह स्लोगन याद रखना होगा कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो अपने कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर के साथ बेहतर तालमेल बनाकर रखें और किसी भी कार्य में लापरवाही न बरतें। इस सप्ताह आपको अपने गुप्त शत्रुओं से खूब सतर्क रहना होगा क्योंकि वे आपके बने-बनाए काम को बिगाड़ने के लिए षडयंत्र रच सकते हैं। इस सप्ताह आपकी आय तो थोड़ी बढ़ेगी, लेकिन उसके साथ खर्च भी बढ़ सकते हैं। सप्ताह के मध्य में अचानक से किसी कार्य विशेष के लिए आपको बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ सकती है। ऐसे में आर्थिक असंतुलन बना रहेगा। यदि आप साझेदारी में व्यवसाय करते हैं तो आपको अपने कागजी काम और हिसाब-किताब पूरा रखना होगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर अथवा कारोबार के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। वृषभ राशि के जातकों को इस सप्ताह अभिमान और अपमान दोनों से बचना होगा। अपने से छोटों की भावनाओं की कद्र करें तथा बड़ों की सलाह का सम्मान करें, अन्यथा बेवजह का तनाव और परेशानियां झेलनी पड़ सकती है। प्रेम प्रसंग में दिखावा करने से बचें।

उपाय- प्रतिदिन पारद शिवलिंग की पूजा एवं लिंगाष्टकं का श्रद्धापूर्वक पाठ करें।

मिथुन -

मिथुन राशि के जातकों के जीवन में बीते हफ्ते की भांति इस सप्ताह भी शुभता बनी रहेगी। सप्ताह की शुरुआत से ही आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जिसके चलते आपके सोचे हुए कार्य समय पर और मनचाहे तरीके से पूरे होंगे। सप्ताह के प्रारंभ में किसी कार्य विशेष में मनोवांछित फल की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। करियर और कारोबार में मनचाही तरक्की होगी। इस सप्ताह नौकरीपेशा लोगों के परिश्रम और प्रयास की सराहना होगी। पदोन्नति के योग बनेंगे। कुल मिलाकर कार्यक्षेत्र में आपकी छवि बेहतर होगी। सप्ताह के मध्य में घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। इस सप्ताह आपकी आय के नये स्रोत बनेंगे। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो कमाई अच्छी होगी और कारोबार में मनचाहे तरीके से विस्तार होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। उच्च शिक्षा की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल होंगे। सत्ता-सरकार से जुड़े लोगों के कद एवं पद में वृद्धि हो सकती है। शत्रुओं और कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में विजय मिलेगी। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ सुखद समय व्यतीत करने के अवसर प्राप्त होंगे।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री गणेश जी की विधि-विधान से पूजा एवं चालीसा का पाठ करें।

कर्क -

कर्क राशि के जातकों पर इस सप्ताह किस्मत पूरी तरह से मेहरबान होती नजर आएगी। घर और बाहर दोनों जगह इस राशि के जातकों को लोगों से सुख, सहयोग और समर्थन मिलेगा। सप्ताह की शुरुआत में घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न होंगे और खुशियों का माहौल बना रहेगा। स्वजनों के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। पूरे सप्ताह रोजी-रोजगार में सफलता और लाभ की स्थिति बनी रहेगी। आपके परिश्रम और प्रयास का पूरा फल प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों के टारगेट समय से पूर्व पूरे होंगे और अधिकारी वर्ग उनसे प्रसन्न और संतुष्ट रहेगा। यदि आप विदेश से जुड़े कार्य या कारोबार करते हैं तो इस सप्ताह आपको विशेष सफलता और लाभ की प्राप्ति संभव है। सप्ताह के अंत तक विदेश अथवा लंबी दूरी की यात्रा के योग भी बन सकते हैं। यात्रा सुखद एवं नये संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। यदि आप किसी नये कार्य की शुरुआत करने प्रयासरत थे तो इस सप्ताह शुभचिंतकों और स्वजनों की मदद से वह प्रारंभ हो सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध का समय प्रेम प्रसंग के लिए अत्यंत ही अनुकूल कहा जाएगा। इस दौरान लव पार्टनर की तरफ से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र का पाठ करें।

सिंह -

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह भी सकारात्मक रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत से ही आपके जीवन में सुख और सौभाग्य कायम रहेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो कारोबार में लाभ और वृद्धि होगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में व्यवसाय के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा सुखद एवं लाभप्रद साबित होगी। इस सप्ताह आपकी व्यापारिक स्थितियों में खासा सुधार देखने को मिलेगा। आपकी आय बढ़ेगी, जिससे आपके संचित धन में वृद्धि होगी। इस सप्ताह सिंह राशि के जातक अपने क्रियाकलाप से अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब होंगे। सप्ताह के मध्य में लंबे समय पश्चात प्रियजनों से मेल-मुलाकात होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। सीनियर और जूनियर दोनों आप पर मेहरबान नजर आएंगे। सप्ताह के उत्तरार्ध में इष्ट-मित्रों के साथ पिकनिक-पार्टी का प्रोग्राम बन सकता है। इस दौरान पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद दूर होंगे। सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह पिता की तरफ से विशेष सहयोग और समर्थन मिलेगा। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन सूर्य भगवान की विधि-विधान से पूजा एवं सूर्याष्टकं का पाठ करें।

कन्या -

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आप बीते कुछ समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान खोजने में बहुत हद तक कामयाब हो जाएंगे। सीनियर की मदद से कार्यक्षेत्र से जुड़ी दिक्कतें दूर होंगी। किसी महिला मित्र की मदद से आप अपने अटके हुए कार्य को पूरा करने में अंततः कामयाब हो जाएंगे। कार्य-व्यवसाय से जुड़ी नई योजनाएं बनेंगी। घरेलू महिलाओं का मन इस सप्ताह पूजा-पाठ और दान-पुण्य आदि में ज्यादा लगेगा। सप्ताह के मध्य में आपको धार्मिक-मांगलिक कार्य आदि में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय उत्तम कहा जाएगा। इस सप्ताह उन्हें परिश्रम और प्रयास करने पर पूरा फल प्राप्त होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में मनचाही सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी। यदि आप लंबे समय से भूमि-भवन के क्रय-विक्रय आदि के लिए प्रयासरत थे तो इस सप्ताह आपकी यह कामना भी पूरी हो सकती है। प्रेम प्रसंग हो या फिर घरेलू समस्याएं इससे जुड़े विवाद एवं तनाव दूर होंगे। सिंगल लोगों के जीवन में मनचाहे व्यक्ति की एंट्री होगी। कुटुंब में वृद्धि के योग बनेंगे।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री गणेश जी की पूजा में गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें।

तुला -

तुला राशि के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह करियर और कारोबार आदि को आगे बढ़ाने के लिए आपको अच्छे अवसर प्राप्त होंगे, लेकिन ध्यान रहे कि आलस्य और अभिमान दो ऐसी चीजें हैं, जिसके चलते आप इसे पाने से चूक भी सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह की शुरुआत सामान्य कही जाएगी लेकिन व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस दौरान कारोबार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। हालांकि आय के मुकाबले व्यय की अधिकता के चलते आपको अपने वित्तीय संतुलन को साधन में दिक्कतें आ सकती हैं। इस दौरान परिवार के किसी सदस्य की खराब सेहत को लेकर आपका मन थोड़ा चिंतित रहेगा। इस सप्ताह विद्यार्थी वर्ग का मन पढ़ाई-लिखाई से उचट सकता है। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को मनचाहे परिणाम की प्राप्ति के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपके शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते हैं, हालांकि आप अपनी बुद्धि और विवेक से उनकी चालों को नाकाम करने में कामयाब होंगे। प्रेम प्रसंग में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं। दांपत्य जीवन को सुखमय बनाए रखने के लिए जीवनसाथी की भावनाओं की कद्र करें।

उपाय- प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा एवं श्री सूक्त का पाठ करें।

वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह भी अत्यंत ही शुभ, सफल और लाभप्रद साबित होने जा रहा है। सप्ताह की शुरुआत में आपकी अति विशिष्ट लोगों के साथ मेल-मुलाकात के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान आपके इष्ट मित्र आप पर पूरी तरह से मेहरबान नजर आएंगे और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए हर संभव सहयोग करेंगे। घर और बाहर दोनों जगह लोगों से मिलने वाले समर्थन और सहयोग आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करेगा। स सप्ताह विद्यार्थी वर्ग पूरे मनोयोग से परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी करेगा। जिसका शुभ परिणाम सप्ताह के उत्तरार्ध तक देखने को भी मिलेगा। प्रतियोगी, विभागीय अथवा अन्य किसी नौकरी के संबंध में दी गई परीक्षा या इंटरव्यू का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। पहले से कार्यरत नौकरीपेशा लोगों के कामकाज और संस्थान के प्रति उनके समर्पण एवं निष्ठा की तारीफ होगी। व्यवसाय की दृष्टि से सप्ताह के उत्तरार्ध का समय अत्यंत शुभ एवं लाभप्रद साबित होगा। इस दौरान आपको अचानक कहीं से धन लाभ होगा। सेहत और संबंध दोनों सामान्य रहेंगे। स्वजनों के साथ हंसी-खुशी पल बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम संबंध में आत्मीयता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। जीवनसाथी से सुख-सहयोग की प्राप्ति होगी।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में चालीसा का सात बार पाठ करें।

धनु -

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह विशेष सफलता दिलाने वाला कहा जाएगा। इस सप्ताह आप अपनी बुद्धि और वाणी के बल पर असंभव से लगने वाले कार्य को भी बड़ी आसानी से पूरा करने में कामयाब हो जाएंगे। इस सप्ताह आपको नवीन वस्तुओं की प्राप्ति होगी। सप्ताह की शुरुआत में सुख-सुविधा से जुड़ी वस्तुओं पर बड़ी धन राशि खर्च कर सकते हैं। इस दौरान सरकारी कामकाज में आ रही रुकावटें दूर होंगी। यदि आपका किसी योजना या मार्केट आदि में फंसा है तो अप्रत्याशित रूप से निकल आएगा। यह हफ्ता कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वालों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है, उन्हें कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। विवाह योग्य युवक-युवतियों का रिश्ता तय हो सकता है। पूरे सप्ताह परिवार के सदस्यों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह पिता अथवा पिता समान व्यक्ति की तरफ से विशेष सुख और सहयोग की प्राप्ति होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में जटिल कानूनी मामले आपसी बातचीत के जरिए सुलझ सकते हैं। संतान पक्ष से जुड़ी चिंताएं दूर होंगी। इस सप्ताह सेहत पर विशेष ध्यान देना होगा। मौसमी बीमारी अथवा हड्डी से जुड़े रोग उभर सकते हैं।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा एवं श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

मकर -

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपके काम कभी आसानी से पूरे होते हुए तो कभी अटकते नजर आएंगे। सप्ताह की शुरुआत में आपके भीतर आलस्य की अधिकता रहेगी, जिसके चलते आप अपने करियर और कारोबार पर कम फोकस कर पाएंगे। इस दौरान आधे-अधूरे मन से काम करने पर आपको वांछित फलों की प्राप्ति मुश्किल होगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में घरेलू समस्याओं के चलते मानसिक तनाव बना रहेगा। सप्ताह के मध्य में मकर राशि के जातकों की अपने छोटे भाई-बहनों के साथ किसी बात को लेकर तकरार होने की आशंका रहेगी। इस दौरान स्वजन भी आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। जिसके चलते परिवार के सदस्यों के साथ मनमुटाव बना रहेगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको अपने गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान आपको जल्दबाजी या लापरवाही से काम करने से बचना चाहिए। व्यवसाय की दृष्टि से पूरा हफ्ता औसत फलदायी कहा जाएगा। प्रेम संबंध में सावधानी से आगे बढ़ें। सप्ताह के उत्तरार्ध में प्रेम प्रसंग के उजागर होने पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। कठिन समय में जीवनसाथी की तरफ से सहयोग और संबंल मिलेगा।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा तथा बजरंग बाण का पाठ करें।

कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ और राहत प्रदान करने वाला कहा जाएगा। इस सप्ताह आप बीते कुछ समय से चली आ रही निजी समस्याओं का समाधान खोजने में अंततः कामयाब हो जाएंगे। आपके जीवन में पूरे सप्ताह सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी। सत्ता-सरकार से जुड़े कार्य पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। अधिकारी वर्ग आप पर पूरी तरह से मेहरबान नजर आएगा, जिसके चलते आप अपने कार्य को बेहतर तरीके से करने में कामयाब होंगे। यदि आप अपनी नौकरी में बदलाव के लिए प्रयासरत हैं तो आपको इस सप्ताह कहीं से अच्छा ऑफर आ सकता है। व्यवसाय के विस्तार की योजनाएं फलीभूत होती नजर आएंगी। कारोबार के सिलसिले में की गई यात्रा सुखद एवं सफल साबित होगी। इस सप्ताह आप कोई बड़ी कारोबारी डील पर अपनी अंतिम मुहर लगा सकते हैं। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको अचानक कहीं से धन प्राप्ति संभव है। इस दौरान रचनात्मकता और योग्यता लोगों के सामने खुल कर आएगी। समाजसेवा आदि से जुड़े लोगों के कार्यों को सराहा जाएगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर बने रहेंगे। प्रेम प्रसंग से जुड़ी समस्याएं और आपसी मतभेद दूर होंगे।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की विधि-विधान से साधना तथा शिव मंत्र का रुद्राक्ष की माला से जाप करें।

मीन -

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ परिणामों को लिए हुए है। सप्ताह की शुरुआत में रोजी-रोजगार या फिर परीक्षा-प्रतियोगिता आदि से संबंधित किए जाने वाले प्रयास सफल साबित होंगे। नौकरीपेशा लोग कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत और प्रयास से अपनी काबिलियत साबित करेंगे। सीनियर की तरफ से शाबाशी मिलेगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। जिससे आपका कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुल मिलाकर करियर-कारोबार की दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है। व्यवसाय में लाभ और संचित धन में वृद्धि होगी। विभिन्न स्रोतों से लाभ की प्राप्ति के योग बनेंगे। मीन राशि के जातकों का इस सप्ताह पूरा फोकस अपनी सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों को बढ़ाने और स्वजनों के साथ हंसी-खुशी पल बिताने पर रहेगा। सप्ताह के मध्य में किसी प्रिय व्यक्ति के घर में आने से सुखद माहौल बना रहेगा। घरेलू सुख-शांति और कामकाज के बीच अच्छा तालमेल बना रहेगा। सप्ताह के अंत तक जटिल कानूनी मसले सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखी बना रहेगा। जीवनसाथी की तरफ से भावनात्मक सहयोग और समर्थन बना रहेगा। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी।

उपाय- प्रतिदिन भगवान विष्णु की पीले पुष्प और हल्दी का तिलक लगाकर पूजा एवं चालीसा का पाठ करें।



वैकुण्ठ चतुर्दशी

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में देवी-देवताओं की आराधना के साथ व्रत-उपवास रखने की परम्परा अनादि काल से चली आ रही है। ऐसी मान्यता है कि भक्तिभाव के साथ की गई आराधना से सुख-समृद्धि, खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होता है, साथ ही मनोकामना की पूर्ति का सुयोग बनता है। माह-तिथि विशेष के संयोग से ही पर्व मनाया जाता है। कार्तिक शुक्लपक्ष का प्रमुख पर्व वैकुण्ठ चतुर्दशी की विशेष महिमा है। वर्ष में दो बार चतुर्दशी तिथि के दिन पर्व मनाया जाता है। प्रथम-भाद्रपद शुक्लपक्ष की चतुर्दशी जिसे 'अनन्त चतुर्दशी' कहते हैं तथा द्वितीय-कार्तिक शुक्लपक्ष की चतुर्दशी, जिसे 'वैकुण्ठ चतुर्दशी' के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान् श्रीविष्णु जी तथा भगवान शिवजी की हर्ष-उमंग व उल्लास के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। निशिथ व्यापिनी चतुर्दशी तिथि पर यह पर्व



23 नवम्बर, सोमवार को मनाया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीहरि विष्णु जी की पूजा-अर्चना के पूर्व देवाधिदेव महादेव जी की पूजा-अर्चना की जाती है। आज के दिन भगवान शिवजी को तुलसी तथा भगवान श्रीहरि विष्णुजी को बेलपत्र चढ़ाने का भी विधान है। ज्योतिषविद् विमल जैन जी ने बताया कि वैकुण्ठ चतुर्दशी का पर्व 23 नवम्बर, सोमवार को हर्ष-उमंग व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्तिक शुक्लपक्ष की चतुर्दशी तिथि 22 नवम्बर, रविवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 2 बजकर 38 मिनट पर लगेगी जो कि 23 नवम्बर, सोमवार को रात्रि 11 बजकर 43 मिनट तक रहेगी। भरणी नक्षत्र 22 नवम्बर, रविवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 16 मिनट से 23 नवम्बर, सोमवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 2 बजकर 03 मिनट तक रहेगा। वैकुण्ठ चतुर्दशी के व्रत से व्यक्ति को भगवान् श्रीविष्णु जी के आशीर्वाद से उसे वैकुण्ठ लोक की प्राप्ति होती है, साथ ही व्यक्ति का जीवन धन-धान्य से परिपूर्ण रहता है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान विष्णु 108 कमल पुष्पों से भगवान शिव की पूजा कर रहे थे, तब महादेव ने उनकी परीक्षा लेने के लिए एक कमल पुष्प गायब कर दिया। भगवान श्रीविष्णु शिवलिंग पर एक-एक करके कमल पुष्प चढ़ा रहे थे, अंत में एक पुष्प कम लगा। तब उन्होंने सोचा कि उनके नेत्र भी कमल के समान हैं, इसलिए वे अपने एक नेत्र को शिवलिंग पर अर्पित करने जा रहे थे, तभी भगवान शिवजी स्वयं प्रकट हुए और प्रसन्न होकर भगवान श्रीविष्णु जी को सुदर्शन चक्र प्रदान किया। साथ ही यह भी कहा कि जो भक्त पहले आपका पूजन-अर्चन करके, मेरी आराधना करेगा, उसे वैकुण्ठ लोक की प्राप्ति होगी।



अपनी जिंदगी

मतभेद, पर मनभेद नहीं

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

जहाँ प्रेम होता है, वहाँ मतभेद और वाद-विवाद भी स्वाभाविक रूप से होते हैं। लेकिन यदि विवाद ज्ञान, समझ और सत्य की खोज के लिए हो, तो वही समाज के लिए कल्याणकारी बन जाता है। भारतीय परंपरा में इसी को शास्त्रार्थ कहा गया है। हमारे यहाँ वाद-विवाद केवल तर्क जीतने के लिए नहीं, बल्कि सत्य को समझने के लिए किया जाता था। संस्कृत में कहा गया है- वादे वादे जायते तत्त्वबोधः, अर्थात संवाद और तर्क-वितर्क से ही तत्वज्ञान की प्राप्ति होती है। न्यायशास्त्र में वाद-विवाद के विभिन्न रूपों का वर्णन मिलता है। विद्वान लोग खंडन-मंडन करते थे, पर उनके भीतर कटुता नहीं होती थी। उनका उद्देश्य केवल सत्य तक पहुँचना होता था। आज भी यदि मतभेद सम्मान और अपनत्व के साथ हों, तो वे समाज में नई समझ और विचारों का मार्ग खोल सकते हैं। प्रकृति भी हमें यही सिखाती है। जंगल का सबसे शक्तिशाली प्राणी शेर अत्यंत शांत और आलसी माना जाता है। यदि वह हर समय आक्रामक रहे, तो जंगल का संतुलन ही बिगड़ जाए। इसी प्रकार साँप विषैला होने के बावजूद मनुष्य से अधिक भयभीत रहता है और टकराव से बचना चाहता है। यह हमें सिखाता है कि शक्ति का अर्थ आक्रामकता नहीं, बल्कि संयम है। एक रोचक कथा पंजाब की है। दो मिठाईवालों में झगड़ा हुआ, लेकिन वे एक-दूसरे पर पत्थर नहीं, लड्डू फेंक रहे थे। उनकी लड़ाई का आनंद पूरे गाँव ने उठाया, क्योंकि सबको मिठाइयाँ मिल रही थीं। यह कहानी प्रतीक है कि मतभेद भी मधुर हो सकते हैं, यदि उनमें अपनापन बना रहे। ज्ञान का अर्थ ही हैसबको अपना मानना। बच्चे माँ से नाराज़ हो जाते हैं, माँ भी डाँटती है, लेकिन रिश्ते टूटते नहीं। दक्षिण भारत के कई हिस्सों में आज भी यह परंपरा है कि चाहे माँ से कितना भी विवाद क्यों न हुआ हो, सुबह उठकर उसके चरण स्पर्श किए बिना दिन की शुरुआत नहीं होती। यही भारतीय संस्कृति की सुंदरता है-मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं। भगवान शिव को नीलकंठ इसलिए कहा गया, क्योंकि समुद्र मंथन से निकला विष उन्होंने अपने कंठ में रोक लिया। इसका संदेश यही है कि जीवन का विष, क्रोध और कटुता हृदय तक नहीं पहुँचनी चाहिए। मतभेद केवल विचारों तक सीमित रहें, दिल तक न उतरें। जब संवाद में प्रेम और सम्मान बना रहता है, तभी जीवन में सुख, शांति और सामंजस्य कायम रहता है।

दक्षिण भारत के कई हिस्सों में आज भी यह परंपरा है कि चाहे माँ से कितना भी विवाद क्यों न हुआ हो, सुबह उठकर उसके चरण स्पर्श किए बिना दिन की शुरुआत नहीं होती। यही भारतीय संस्कृति की सुंदरता है- मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं। भगवान शिव को नीलकंठ इसलिए कहा गया, क्योंकि समुद्र मंथन से निकला विष उन्होंने अपने कंठ में रोक लिया। इसका संदेश यही है कि जीवन का विष, क्रोध और कटुता हृदय तक नहीं पहुँचनी चाहिए।

